दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 172 | जयपुर | रविवार, 27 अप्रैल, 2025 | बैशाख, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

संक्षिप्त समाचार

## सोने के फिर बढ़े दाम, चांदी हुई सस्ती

### 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 98,700; चांदी की कीमत में 500 रुपए की गिरावट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में हो रहे बदलाव का असर कीमती धातुओं की कीमत पर नजर आ रहा है। पिछले तीन दिनों में 4 हजार रुपए की गिरावट के बाद शनिवार को एक बार फिर स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 900 रुपए की बढ़ोतरी हुई। इसके बाद 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़ाकर 98 हजार 700 रुपए पर पहुंच गई है। हालांकि चांदी की कीमत में 500 रुपए को गिरावट हुई है। इसके बाद एक लाख रुपए को पार कर गई चांदी प्रति किलो की कीमत घटकर 99 हजार 700 रुपए पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार भारत और पाकिस्तान में चल रहे हालात के चलते अगले कुछ दिनों में एक बार फिर सोने और चांदी दोनों की कीमत में बढ़ोतरी हो सकती है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98 हजार 700 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 91 हजार 700 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 79 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 63 हजार 600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 99 हजार 700 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

## ट्रम्प बोले- पुतिन बस मुझे बहका रहे हैं

### शायद वो युद्ध रोकना ही नहीं चाहते हैं; जेलेंस्की से मुलाकात की तस्वीर सामने आई




बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें शक है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन युद्ध खत्म करना चाहते हैं भी हैं या नहीं। इससे एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि जल्द ही रूस और यूक्रेन में शांति समझौता हो सकता है। ट्रम्प शनिवार को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रोम पहुंचे थे। यहां उन्होंने यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। इसकी एक तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें दोनों नेता बातचीत कर रहे हैं। दो महीने पहले फरवरी में राष्ट्रपति ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ तीखी बहस के बाद यह पहला मौका था, जब जेलेंस्की और ट्रम्प आमने सामने मिले हों। पुतिन से अलग तरीके से निपटना होगा पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद अमेरिका लौटते वक्त ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- पिछले कुछ दिनों में पुतिन ने यूक्रेन के रिहायशी इलाकों, शहरों और कस्बों पर बेवजह मिसाइलें दागी।

# पहलगाम अटैक : धनबाद में 15 जगह एटीएस की रेड

## हिरासत में 5 लोग; लैपटॉप-हथियार मिलने की खबर

बढ़ता राजस्थान

**धनबाद (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की आंच झारखंड के धनबाद तक पहुंच गई है। शनिवार की सुबह से ही धनबाद शहर के वासेपुर सहित कई इलाके में एटीएस ने डेरा डाल रखा है। जानकारी के मुताबिक, एटीएस को आशंका है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के तार धनबाद से भी कनेक्ट हो सकते हैं। इसी

### डार्क वेब से आतंकी संगठन से जुड़े होने का शक

क्रम में जांच शुरू की गई है। धनबाद में एटीएस 15 अलग-अलग लोकेशन पर सुबह से जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक 12 संदिग्धों की तलाश में टीम छापेमारी कर रही है। जिसमें से 5 लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ की जा रही है।




### 5 लोगों से पूछताछ कर रही एटीएस

जानकारी के अनुसार एटीएस ने वासेपुर से यूसुफ और कौसर को उठाया है। इसके साथ शमशेर नगर से अयान की पत्नी शबनम को अपने साथ ले गई है। शबनम गोविंदपुर की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि अयान आधार कार्ड में सुधार का काम किया करता था। टीम ने धनबाद सीओ ऑफिस में आउटसोर्स पर काम कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर गुलेज को उठाया है।

**हथियार और लैपटॉप मिलने की खबर**-जानकारी के अनुसार सुबह धनबाद के वासेपुर में एटीएस की टीम पहुंची। टीम ने वासेपुर के नूरी मस्जिद के आसपास दबिश दी। बाद में गफ्फार कॉलोनी के अमन सोसायटी, वासेपुर बाईपास रोड पहुंची। जहां जांच में जुटी हुई है। इसके साथ ही शहर के बैंक मोड़ और भूली थाना क्षेत्र में एटीएस टीम कार्रवाई में जुटी हुई है। जबकि भूली ओपी में डीएसपी लॉ एंड आर्डर नौशाद आलम कैंप किए हुए हैं। वासेपुर-भूली जैसे जगहों पर छापेमारी के दौरान लैपटॉप, दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामान, प्रतिबंधित लिटरेचर और हथियार बरामद होने की बात सामने आ रही है। हांलाकि, लोकल पुलिस या एटीएस की ओर से इसे लेकर आधिकारिक जानकारी अभी जारी नहीं की गई है।






## 15वां रोजगार मेला, 51 हजार युवाओं को जॉब लेटर बांटे

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए पीएम, कहा- युवाओं के लिए अवसरों का समय

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** 15वां रोजगार मेला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51,000 से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा- यह युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रही है कि देश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते रहें। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 47 स्थानों पर किया गया।

### 14वें रोजगार मेले में बांटे गए थे 71 हजार जॉब लेटर

2024 लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह तीसरा रोजगार मेला है। इससे पहले 23 दिसंबर 2024 को हुए 14वें रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जॉइनिंग लेटर बांटे गए थे।

### पीएम मोदी का संबोधन 3 पॉइंट में-

- भारत अर्थव्यवस्था में आगे- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल और फुटवियर इंडस्ट्री में प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हुए हैं।
- महिलाएं हर क्षेत्र में आगे- प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी सराहा। उन्होंने कहा कि इस साल की यूपीएससी परीक्षा में शीर्ष पांच में से तीन टॉपर महिलाएं हैं। 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं काम कर रही हैं।
- वेव्स युवाओं के लिए वैश्विक मंच- प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि मुंबई में आयोजित होने वाला विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन भी युवाओं के लिए वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक बड़ा अवसर होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इमर्सिव मीडिया को भी समझने का मौका मिलेगा और यह कार्यक्रम डिजिटल सामग्री के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।



## 5 साल बाद फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

### चीन ने दी इजाजत; उत्तराखंड और सिक्किम के रास्ते 15 जत्थों में 750 श्रद्धालु जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से 25 अगस्त के बीच होगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को आवेदन प्रक्रिया के लिए वेबसाइट खोल दी है। तीर्थयात्री http://kmy.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। 13 मई, 2025 आवेदन करने की अंतिम तारीख है।

इस साल उत्तराखंड और सिक्किम के रास्ते यात्रियों का 15 जत्था कैलाश मानसरोवर जाएगा। 5 जत्थे में 50-50 यात्री उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए मानसरोवर जाएंगे। वहीं, 10 जत्थे में 50-50 यात्रियों का ग्रुप सिक्किम से नाथूला होते हुए यात्रा करेगा। कैलाश मानसरोवर चीन के कब्जे वाले तिब्बत में है। विदेश मंत्रालय हर साल यात्रा का आयोजन करता है। हालांकि पिछले पांच सालों से चीन कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए भारतीयों को इजाजत नहीं दे रहा था। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और कोविड की लहर इसकी वजह थी। अब 5 साल बाद फिर यात्रा शुरू होने वाली है। इसे भारत और चीन के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

## राजस्थान में बारिश के साथ ओले गिरे

### बूंदी में अंधड़ से मोबाइल टावर घर पर गिरा, टीनशेड उड़े; पेड़ धराशायी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से शनिवार दोपहर बाद कई शहरों में मौसम बदल गया। चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़ में करीब 50च्रू स्पीड से अंधड़ आया। इससे कई जगह टीनशेड उड़ गए, पेड़ गिरे। जालोर में बारिश के साथ ओले गिरे। सवाई माधोपुर में बूंदाबांदी हुई। बूंदी में अंधड़ से मोबाइल टावर गिर गया। वहीं, जयपुर, टोंक, अलवर समेत कई जिलों में बादल छाए। धूलभरी हवा चली। मौसम के इस बदलाव से तापमान में गिरावट हुई। लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हनुमानगढ़, चूरू में तेज अंधड़ के कारण मंडियों में बिकने के लिए आए गेहूं, जौ को भी नुकसान पहुंचा।

### जालोर में 15 मिनट बारिश हुई

जालोर में शनिवार की शाम करीब 4.30 बजे मौसम में बदलाव हुआ। आहोर में करीब 1 घंटे तक आंधी चली। कई कच्चे घरों के छप्पर उड़ गए। करीब 10 से 15 मिनट तक हल्की बारिश हुई। आहोर के देवकी, वेडिया गांव में ओले भी गिरे।



### मोबाइल टावर गिरा, दुकानों के टीनशेड उड़े

**बूंदी के नैनवां क्षेत्र में तलवास के कई इलाकों में शनिवार को आई तेज आंधी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। मोबाइल टावर धराशायी हो गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। नैनवां और कापरेन में दुकानों और घरों पर लगे टीनशेड उड़कर जमीन पर आ गिरे। कुछ जगहों पर आंधी के दौरान आग लगने की घटनाएं भी सामने आई।**




## भारत पड़ोसी को नुकसान नहीं पहुंचाता : भागवत

### कहा- कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, राजा का कर्तव्य लोगों की रक्षा करना

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को एक बार फिर पहलगाम हमले पर बयान दिया। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो उनका क्या करें।

उन्होंने कहा, राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। भागवत ने यह बात नई दिल्ली में पीएम संग्रहालय में स्वामी विज्ञानंद की पुस्तक हिंदू मेनिफेस्टो के विमोचन के दौरान कही। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

### भागवत के बयान की बड़ी बातें...

दुनिया को हमें बहुत सिखाना है और हमारे पास बहुत है। हमारी अहिंसा लोगों को बदलने के लिए है। उन्हें अहिंसक बनाने के लिए है। कुछ लोग तो बन गए, लेकिन कुछ नहीं बने। वे इतने बिगड़े हैं कि कुछ भी करो वे नहीं बदलेंगे। बल्कि दुनिया में और उपद्रव करेंगे।

मैंने रावण का जिक्र इसलिए किया, क्योंकि हम तो किसी के दुश्मन नहीं, द्वेष हमारा स्वभाव नहीं है। रावण का वध भी उसके कल्याण के लिए हुआ था। उसके पास अच्छा आदमी बनने के लिए जो जरूरी होता है वह सब था। उसने जिस शरीर और मन-बुद्धि को स्वीकार किया, उसने अच्छाई को उसके अंदर जाने नहीं दिया।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

### रीठौली मे गुर्जर गावंडा व रीठौली के प्रमुख पंच पटेलों की बैठक का आयोजन

# विधायक दर्शन सिंह के आवास पर पहुंच कर प्रस्तावित रीठौली ग्राम पंचायत बनवाने का आभार व्यक्त किया

बढ़ता राजस्थान



**हिन्डौनसिटी।** अंशु गुप्ता रिठौली 25साल बाद पहली बाररीठौली को विधायक दर्शन सिंह, जिला कलैक्टर नीलाभ सक्सैना व उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर का नवसृजित ग्राम पंचायत के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने पर आभार जताया है।बैठक में गुर्जर गांवडा के पटेल प्रकाश पटेल, हरकेश पटेल एवं रीठौली के पूर्व सरपंच पप्पू राम मीणा बबलू राम मीणा एवं सर्वसमाजो आदि ने रीठौली को 25 साल बाद नवसृजित ग्राम पंचायत बनाए जाने पर गुर्जर गांवडा के पंच पटेल व सर्वसमाजो ने खुशी जाहिर किया। कहा कि हमें नई ग्राम पंचायत में जोड़ने से गुर्जर गावंडा गांव का सर्वांगीण विकास होगा। हमारी विकास की छोटी-छोटी समस्याएं पंचायत राज विभाग की योजनाओं का संपूर्ण लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि रीठौली ग्राम पंचायत बनने से दोनों गांव एक दुसरे जुडे हुऐ है।दोनों गांव के मध्य आधा किलोमीटर की दूरी है। सदियों से ही दोनों गांवों के मध्य भाईचारा एवं सुहाद्र का वातावरण रहा है। दोनों गांव के आगमन के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से बस स्टैंड लाभकारी सिद्ध हो रहा है। जिसे आवागमन के लिए कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। रीठौली के पूर्व सरपंच पप्पू राम, बबूल मीना ने बताया कि बर्ष 1995 से रीठौली को नवसृजित ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर पंचायती राज संस्थान के चुनावों मे मतदान का बहिष्कार कर रहे है। 2025 मे राज्य सरकार के द्रारा ग्राम पंचायतों के परिसीमन एवं पुनर्गठन के तहत 25साल बाद दोनों गावों को जोड कर विधायक दर्शन सिंह व जिला प्रशासन ने रीठौली को नवसृजित ग्राम पंचायत बनाने के राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाये हैं। इससे रीठौली व गुर्जर गावंडा के सर्वसमाजो मे अपार खुशी हैं। सर्वसमाजो के ग्रामीणों ने विधायक दर्शन सिंह व जिला प्रशासन से आग्रह व गुहार की है। कि 25साल बाद रीठौली को प्रस्तावित नवसृजित ग्राम पंचायत को राज्य सरकार से स्वीकृति दिलाने की मांग की हैं।दोनों गांव के ग्रामीण विधायक दर्शन सिंह के आवास पर पहुंचे । विधायक दर्शन सिंह को रीठौली को प्रस्तावित ग्राम पंचायत बनवाने पर आभार व्यक्त किया है।बैठक मे रामेश्वर मीना, प्रकाश मीना, लाखन मीना, रामकेशमीना, खिल्लीराम, बनी मीना, ईश्वर शर्मा, घनश्याम मीना, कमलेश जाटव, रूपचंद, पूर्व सरपंच पप्पू मीना, बबलू मीना, माखन सैन, राजकुमार मूलचंद, अभिनव, मंटू मीना सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने विधायक आवास पर पहुंचकर विधायक दर्शन सिंह गुर्जर का रीठौली को नवसृजित ग्राम पंचायत बनवाने का जिला प्रशासन के द्रारा प्रस्ताव भिजवाने पर आभार व्यक्त किया। विधायक दर्शन सिंह ने दोनों गावों के ग्रामीणों को राज्य सरकार द्रारा रीठौली को नवसृजित ग्राम पंचायत बनवाने का पूर्ण आश्वासन दिया।



### निर्माणाधीन पंचायत भवन में कई तरह की अनियमितताएं आई सामने, अधीक्षण अभियंता की रिपोर्ट में खुली कमियां

# जिले में हो रहे निर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट होगी, अनियमितताएं पाये जाने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खडगावत के निर्देशानुसार अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पंचायत समिति बदनोर के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। भवन का निरीक्षण अशोक तंवर अधीक्षण अभियंता द्वारा किया गया, जिसमें पंचायत समिति बदनोर के सहायक अभियंता चांदमल सोनी, कनिष्ठ तकनीकी सहायक कुबेर चन्द कोली, संवेदक के साइट इंजीनियर संजय कुमार तथा सानिवि उपखण्ड बदनोर के कनिष्ठ अभियंता संजय राठौड़ की उपस्थिति रही।

**भवन की वर्तमान स्थिति :** भवन में आरसीसी का कार्य पूर्ण कर छत डाली जा चुकी है। प्लास्टर कार्य के पश्चात पुट्टी का कार्य प्रगति पर है। पोर्च, प्रवेश हॉल, कॉरिडोर एवं समस्त कमरों का फर्श कार्य पूर्ण किया जा चुका है। छत पर फर्श कार्य भी सम्पन्न है। फॉल्स सीलिंग का कार्य मीटिंग हॉल एवं प्रधान कक्ष में प्रगति पर है।

**निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियां एवं सुझाव :** निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य में कई तकनीकी खामियां सामने आईं। पोर्च की सीढ़ियों का थ्रेड एवं राईजर मापदंडों के अनुरूप नहीं पाया गया, विशेष रूप से सबसे ऊपरी सीढ़ी का राईजर काफी कम होने से वह संभावित दुर्घटना का कारण बन सकता है। प्रवेश पर लगाए गए ग्रेनाइट स्लैब के जोइंट्स असमतल पाए गए, और उनकी मोटाई अनुबंध में स्पष्ट नहीं थी। भवन के फेसिया में निर्धारित रॉक फेसिंग की बजाय टाइल्स का उपयोग किया गया है। फर्श कार्य में प्रयुक्त कोटा स्टोन की मोटाई तो मानक अनुसार पाई गई, किंतु उसकी फिटिंग एवं जोइंट्स में खामियां रही। खिड़कियों की सिल पर मोल्डिंग कार्य नहीं किया गया, वहीं छत की सतह असमान रहते हुए उस पर सीधे पुट्टी का कार्य किया जा रहा है। वॉशरूम में यूरीनल के बीच की दूरी मानकों से कम है, साथ ही कई आवश्यक कमरों में वेंटिलेशन हेतु विंडो ओपनिंग नहीं रखी गई है। भवन के मध्य स्थित चौक एवं छत पर वर्षा जल निकासी हेतु लगाए गए पाइपों का व्यास एवं संख्या दोनों ही अपर्याप्त पाए गए, जिससे मानसून में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। छत पर खुर्रास (कुंडियाँ) का निर्माण नहीं किया गया है जो जल निकासी के लिए आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त, भवन की प्लिंथ ऊंचाई भूमि से लगभग 6 से 10 फीट पाई गई, जिसे ध्यान में रखते हुए नींव की सुरक्षा हेतु प्लिंथ प्रोटेक्शन का निर्माण किया जाना भी जरूरी है।उक्त सभी खामियों के संबंध में अधीक्षण अभियंता द्वारा पंचायत समिति बदनोर के तकनीकी अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर डॉ खडगावत द्वारा स्पष्ट किया है कि जिले में चल रहे नवनिर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट कराई जाएगी, निर्माण कार्य में अनियमितताएं पाए जाने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

# जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कुडकी सेवरिया व रास में चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

### कई तरह की पाई खामियां, मनरेगा में 5 अनुपस्थित पाये गये, दो मेट को किया ब्लैकलिस्ट

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान्)।** जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत के निर्देशानुसार ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की प्रभावी निगरानी एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है, अधिकारीगण निरंतर फील्ड विजिट कर रहे हैं ताकि शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सके और कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो। इसी क्रम में आज अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसीईओ) गोपाल लाल द्वारा ग्राम पंचायत कुड़की, सेवरिया एवं रास में विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया गया।

**मनरेगा कार्यों का निरीक्षण एवं कार्यवाही :** एसीईओ गोपाललाल ने ग्राम पंचायत कुड़की में मनरेगा अंतर्गत डब्ल्यूएच पॉन्ड वीर तेजा तालाब के विस्तार एवं चैनल सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रमिक नियोजन में 115 श्रमिकों में से 5 अनुपस्थित पाए गए। इस पर संबंधित मैट काली देवी एवं शिवलाल को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की गई। ग्राम पंचायत सेवरिया (जैतारण) में 15वें वित्त आयोग की राशि 10 लाख से किए जा रहे नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता अत्यंत खराब पाई गई। एसीईओ गोपाललाल द्वारा तकनीकी अधिकारी को कार्य का पुनर्निर्माण कराने के निर्देश दिए गए।

**स्वच्छता अभियान के निर्देश :** ग्राम पंचायत रास में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। एसीईओ गोपाललाल द्वारा दुकानदारों और ग्रामीणों को सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्राम पंचायत को विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में कई स्थानों पर प्लास्टिक के ढेर पाए जाने पर तत्काल सफाई करवाई गई और भविष्य में नियमित सफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2024 के सर्वे कार्य का सत्यापन :** ग्राम कुड़की (जैतारण) में एसीईओ गोपाललाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2024 के तहत वंचित, गरीब एवं आवास विहीन परिवारों के सर्वे कार्य का सत्यापन किया गया। पात्र परिवारों को शीघ्र योजना से जोड़ने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

**प्रवासी परिवारों को पुनर्स्थापित कर आवास सुविधा से जोड़ने का सराहनीय कार्य :** एसीईओ गोपाललाल के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत कुड़की में विशेष प्रयास कर नाथ कालबेलिया समाज के 12 परिवारों को, जो रोजगार की तलाश में पलायन कर चुके थे, वापस बुलाया गया। इन परिवारों का सर्वे कर प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ने की कार्यवाही की गई। ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अन्य वंचित योग्य जनों को भी त्वरित रूप से सर्वे कर योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। जिला प्रशासन का लक्ष्य प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना और गांवों को स्वच्छ एवं समृद्ध बनाना है।

# डिग्गी में डूब रहे 13 वर्षीय आरिफ को बचाने उतरा 22 वर्षीय विकास, दोनों की डूबने से मौत

### दोनों परिवारो में छाया मातम, परिवार में इकलौता बेटा था आरिफ दोनों की मौत की दुखदायी खबर सुनकर हर कोई रह गया स्तब्ध

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे की रोही में एक खेत में बनी सिंचाई के पानी की डिग्गी में डूबने से एक 13 वर्षीय बालक एवं 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जैसे ही दोनों बच्चों की मौत की दुखदायी खबर कस्बे में फैली तो यह सब सुनकर हर कोई स्तब्ध रह गया। दिल को झकझोर देने वाले घटना से हर किसी की आँखें भर आई। मिली जानकारी अनुसार विकास सोनी पुत्र महेश सोनी उम्र 22 वर्ष निवासी साहवा अपने खेत में बनी सिंचाई के पानी की डिग्गी से खेत में सिंचाई करने के लिए डिग्गी में पाइप के ज्वॉइंट लगा रहा था उसी समय उनके साथ आरिफ पुत्र फेज मोहम्मद कुम्हार उम्र 13 वर्ष उसके साथ डिग्गी के किनारे खड़ा था। अचानक आरिफ का पैर फिसल जाने से वह डिग्गी में गिर गया, आरिफ़ को पानी में डूबता देख विकास उसे बचाने पानी में उतर गया। लेकिन डिग्गी में पानी अधिक गहरा होने से दोनों पानी में डूब गए। इसी दौरान उनके पास नजदीक के खेत में बनी ढाणी का एक 8 वर्षीय बच्चा फरियाद पुत्र इकबाल खां मौजूद था उसने दोनों को डिग्गी में गिरते देखकर जोर से आवाज लगाई तो पास में भेड़ बकरियां चरा रहा शौकिन खां दौड़कर मौके पर पहुंचा और फोन आदि करके अन्य लोगों को सूचना देकर मौके पर बुलाकर दोनों को डिग्गी से बाहर निकालकर सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी रामप्रताप सहित स्थानीय पुलिस टीम सीएचसी में पहुंची और यहां बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। शनिवार को दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

**बुझ गया घर का चिराग :** दुर्घटना का शिकार हुआ आरिफ परिवार में इकलौता बेटा है। उसकी एक बड़ी बहन है। आरिफ़ साहवा के एक निजी स्कूल में कक्षा 6 में पढता था जो शुक्रवार को पौने तीन बजे स्कूल में परीक्षा देकर घर गया था। घर जाने के बाद वह डिग्गी पर चला गया और वहां दुर्घटना का शिकार हो गया। जैसे ही आरिफ के मौत की दुखदायी सूचना मिली परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल था। आरिफ़ के पिता दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। इस तरह अचानक दुर्घटना में इकलौते बेटे आरिफ को खो देने से माता पिता सहित पूरा परिवार सदमे में है

**भर आई हर किसी की आँखें :** शुक्रवार शाम को 13 वर्षीय आरिफ और 22 वर्षीय विकास की पानी की डिग्गी में डूबने से हुई मौत की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध था घटना की जानकारी मिलने के बाद शाम को सीएचसी में लोगो की भारी भीड़ इकठ्ठी हो गई। शनिवार को जब दोनों बच्चों की अंतिम यात्रा घर से रवाना तो हर किसी की आँखें नम हो गई।

## मुमुक्षु दीपिका बहन का हुआ अंतिम वायणा मुमुक्षु दीपिका बहन की रस्म और महिला संगीत का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**हिण्डौन सिटी।** अंशु गुप्ता जैन श्वेतांबर पल्लीवाल संघ, हिण्डौन सिटी की ओर से चल रहे तीन दिवसीय संयम उद्यान प्रवेश महोत्सव में आज दूसरे दिवस मुमुक्षु दीपिका जैन के लिए विभिन्न मांगलिक आयोजन हुए।आयोजन में पधारे तपस्वीरत्न पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय हंसरत्न सूरीश्वर महाराजा और प्रवचन प्रभावक पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय तत्वदर्शन सूरीश्वर जी महाराजा के नवीन उपाश्रय मोहन नगर में जिन प्रभु के विषय पर प्रवचन हुए। उपरान्ह 2 बजे संयम वाटिका बाबा पैलेस, मण्डावरा रोड पर दीक्षार्थी बहन के लिए मेहन्दी की रस्म और महिला संगीत का भव्य आयोजन हुआ जिसमें हिण्डौन जैन संघ से सैंकड़ो जैन बहने शामिल हुईं। वैराग्य नृत्य-नाट्य मंचन का आयोजन हुआ। और सायंकाल अंतिम वायणा दीक्षार्थी दीपिका बहन को कराया गया। जिसका लाभ श्री महावीर प्रसाद जैन मुकेश जैन सुबोध जैन परिवार ने लिया।तीन दिवसीय संयम उद्यान प्रवेश महोत्सव के संयोजक डॉ. मनोज जैन ने बताया कि श्री जैन श्वेतांबर पल्लीवाल सकल संघ, हिण्डौन सिटी द्वारा रविवार 27 अप्रैल को सुबह 8 बजे दीक्षार्थी दीपिका बहन और नदबई शहर के दीक्षार्थी पुण्य भाई की भव्य शोभायात्रा जैन मंदिर मोहन नगर से प्रारंभ होकर हॉस्पीटल रोड होते हुए डैम्प रोड और चौपड सर्किल होते हुए मण्डावरा रोड स्थित बाबा पैलेस पहुँचेगी।

## डीपीएस, उदयपुर ने मनाया 19वाँ स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान





उदयपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल उदयपुर का 19वाँ स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रोग्राम के शुभांरभ में गत 22 अप्रेल को पहलगांव में मारे गये पर्यटको को श्रद्धाजली दी गयी एवं 2 मिनट का मौन रखा गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की श्रीमती मनी अग्रवाल तथा श्रीमती अपूर्वा अग्रवाल के आगमन पर प्राचार्य संजय नरवरिया ने स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन व ईश वंदना से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए पाश्चात्य समूह नृत्य, अंग्रेजी समूह गान, शास्त्रीय नृत्य, सरस्वती वंदना नृत्य आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सत्र 2024-25 में शत- प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्रीमती अपूर्वा अग्रवाल ने कहा कि आज का यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत खुशी और गर्व का दिन है क्योंकि जब से इस विद्या के मंदिर का शुभारंभ हुआ है, यह सतत प्रगति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम में अपने विचार प्रकट करते हुए प्राचार्य संजय नरवरिया ने कहा कि यह संस्था छात्रों को श्रेष्ठ अकादमिक वातावरण प्रदान करने के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करती है और एक बालक को ऐसा प्रशिक्षण प्रदान करती है कि वह इस दुनिया में अपनी एक सुरक्षित जगह बनाने में सक्षम होता है। इसी कारण यहाँ से उत्तीर्ण छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कैंब्रिज के छोटे-छोटे बच्चों ने प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# खनन उत्कृष्टता केन्द्र पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंन्स शुरू

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इडियां, राजस्थान चैप्टर, उदयपुर एवं हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में रामी रॉयल रिसोर्ट में दो दिवसीय खनन उत्कृष्टता केन्द्र (निरन्तर सुधार एवं असेट ऑप्टीमाइजेशन) विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस प्रारम्भ हुई। इस कॉन्फ्रेंस में देश, विदेश चाईना, साउथ अफ्रीका, जामबिया, ऑस्ट्रेलिया, पेरू, कॉलबिंया एवं आबुधाबी आदि के खनन विशेषज्ञ, भू-वैज्ञानिक एवं देश के 400 से अधिक खनन अभियताओ, भूवैज्ञानिको एवं उघमी भाग ले रहे है।

अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पी एन शर्मा, महानियंत्रक भारतीय खान ब्युरो, नागपुर तथा विशिष्ट अतिथि भगवती प्रसाद कलाल, प्रबंध निदेशक आरएसएमएमलि. नमित मेहता जिला कलेक्टर, दीपक तंवर, निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग एवं अरूण मिश्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, (सीईओ) हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एन माथुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, माईनिंग इन्जिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने की। समारोह के की-नोट स्पीकर आबूधाबी के सीओओ इन्टरनेशनल रिसोर्सेस होल्डिंग एण्ड चेयरमैन बीएमआरसी रवि शर्मा थे। कार्यक्रम का प्रारम्भ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रवीण शर्मा, अध्यक्ष माईनिंग इन्जिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इडिंया, राजस्थान चैप्टर, उदयपुर द्वारा किया गया। कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ एस के वशिष्ट द्वारा कॉन्फेंस मे होने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए बताया कि इस कान्फ्रेंस में गहरे भंडार के खनन की विशिष्ट तकनीक सस्टेनेबिलिटी खनिज खोज में नवाचार, खनिज भंडार और संसाधनों की खोज और रिपोर्टिंग में नवाचार, नए युग के खनिज और उनका रणनीतिक महत्व, सुरक्षा और पर्यावरण में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना, रणनीतिक खदान डिजाइन और मूल्य अनुकूलन ड्रिल और ब्लास्ट, खदान विकास और स्टॉपिंग सहित खनन में उत्कृष्टता, खनन में स्वचालन, कृत्रिम बुद्धिमत्ताऔर रोबोटिक्स के उपयोग, खनन और बेंचमार्क प्रथाओं में टीएमएम 'अपशिष्ट से धन' के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग पर विशेषज्ञो द्वारा पत्र वाचन किये जायेगें। अरूण कुमार कोठारी, भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कॉन्फेंस के चीफ कॉडिनेटर ने बताया कि माईनिंग इन्जिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया एक राष्ट्रीय संगठन है जिसके देश एवं विदेश में 6000 से अधिक सदस्य है तथा भारत में 27 शाखाऐं है जिनमें से 3 शाखाऐं राजस्थान में उदयपुर, जोधपुर व जयपुर में है। इसके अलावा 83 भारत सरकार व राज्य सरकारों के खनन से सम्बधित राजकीय उपक्रम व बड़े खनन उधोग इस संस्था के लाइफ इंसटीट्युशनल मैम्बर्स है। माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन समय समय पर खदानों में असेट ऑप्टीमाईजेशन, मॉर्डन टक्नोलॉजी, नवाचार, निरतंर सुधार आदि विषयों पर सेमिनार आयोजित कर खनन नीति निर्माताओं को सुझाव पेंषित किये जाते है। उन्होनें सभी अतिथियों को कॉन्फ्रेंस मे पधारने के लिए स्वागत एवं धन्यवाद प्रेषित किया। विशिष्ट अतिथि अरूण मिश्रा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, (सीईओ) हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने क्रिटीकल मिनरल, लो ग्रेड अयस्क एवं खनिज का वेरिफिकिशन कर वेस्ट टु वैल्थ की तरफ आकर्षित करनें पर बल दिया। खदानों में राडार टैक्नोलोजी,रोबोटिक डिलिंग पर बल दिया।विशिष्ट अतिथि दीपक तंवर, निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण द्वारा प्राकृतिक संसाधनो का बचाव, खनन प्रक्रिया में निरंतर सुधार, अपशिष्ट को कम करना, आधुनिक उपकरणों का उपयोग एवं स्र्माट माईनिंग प्रैक्टीस पर बल दिया।विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि धरातल पर सिम्पल माईनिंग एवं एडवांस माईनिंग में होने वाले पर्यावरण सरंक्षण के बारे में सोचना होगा साथ ही माईनिंग में कम्युनिटी का पार्टीसिपिशन भी आवश्यक है। अवैध खनन भी एक चैलेंज है। 80 प्रतिशत अनऑर्गेनाइज्ड सेक्टर को अच्छे से ऑर्गेनाइज करना इस वर्कशॉप की उपलब्धी होगी। विशिष्ट अतिथि भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है जिसमें माईनिंग इडंस्ट्री का महत्तवपुर्ण योगदान है। खदानों में खनन उत्कृष्टता केन्द्र द्वारा आधुनिक उपकरणो का प्रयोग कर वेस्ट से वेल्थ की तरफ, खदानो में कर्मचारियो के लिए ट्रेनिगं व्यवसायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शुन्य हानि द्वारा मानवता के लिए कार्य करना होगा। मुख्य अतिथि पी एन शर्मा ने बताया कि असेट ऑप्टीमाइजेशन, बचत, कौशल लेवल, डेटा एनालिसिस पर बल दिया। रिर्सोस आइडेन्टीफिकेशन के लिए मुख्य रूप से कार्य करना होगा एवं इसके साथ प्राईवेट सेक्टर को जोड़ना होगा। विकसित भारत के लिए खनन उधोग पहला पिलर साबित हो रहा है क्रिटीकल एवं स्ट्रेटीजिकल, रिर्सोस आईडेंटीफिकेशन, वर्किंग लीज, वेस्टडम्प, प्रोसेस प्लांटटेलींग आदि विषयों पर कार्य करना होगा एवं इससे संबधित डेटा शेयरींग के लिए भारतीय खान ब्यूरो हमेशा तत्पर रहेगा। कार्यक्रम के अध्यक्षएस एन माथुर ने क्रिटीकल एवं स्ट्रेटीजिकल मिनरल डवलपमेंट, सस्टेनिबल इन प्रक्टीसेस इन माईनिंग पर विशेष बल दिया जाना चाहिये। इस अवसर पर नरेन्द्र कावड़िया, डॉ एस सी जैन एवं सभी अतिथियो द्वारा एक तकनीकी स्मारिका का विमोचन किया गया। प्रथम टेक्निकल सेशन में आस्ट्रेलिया के एएमसी कन्स्लटेल्ट कं. के सीईओ हॉल ने एनवायरनमेंटल, सोशल गवर्नेस पर पत्र वाचन किया पबलो वेनेगास महा प्रबंधक ऑपरमिन द्वारा जाम्बिया की माइनिंग की उत्कृष्ट यात्रा पत्र प्रस्तुत किया। शशांक शर्मा सीईओ बेडरॉक ग्लोबल टेक्नोलॉजी ने डिजिटाइजेशन, ऑटोमेशन एवं आने वाले पीढ़ी की तकनीक जो कि माइनिंग को और अधिक सुरक्षित, दक्षतापूर्ण एवं उच्च लाभ बनाने में सहयोग प्रदान करती है।

अमित भंडारी एवं टीम ने ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग,स्टॉपिंगमे डिजिटल प्लेटफॉर्म क्वालिटी में सुधार एवं नियंत्रण पर पत्र वाचन किया। रवि बाबेल, अंकित भंडारी, सुफल मेहरोत्रा द्वारा हिन्दुस्तान जिंक की माइनिंग में ऑटोमाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं रोबोटिक्स का उपयोग कर खनन संचालन की दक्षता को बढ़ाया जाता था। इस अवसर पर राष्ट्रीय काउंसिल मीटिंग का आयोजन हुआ एमईएआई द्वारा सभी सपोर्न्सड मेम्बर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक पगारिया ने किया एवं धन्यवाद आसिफ एम अंसारी द्वारा प्रेषित किया गया।

# फिल्मी स्टाइल में ज्वैलरी शॉप लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

## दो देशी कट्टे, तीन जिंदा कारतूस, दो बाइक सहित एक कंटेनर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बगरू थाना पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में ज्वैलरी शॉप लूट मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियारों के साथ वारदात में यूज दो बाइक व एक कंटेनर जब्त किया है। पूछताछ में सामने आया है कि जेल से छुटकर आए दो दोस्तों ने जल्द पैसा कमाने के चलते प्लान बनाया था। फिल्मी स्टाइल में रैकी के बाद देसी बम फोड़कर मार्केट में दहशत फैलाने के साथ गोलियां चला ज्वैलरी शॉप लूटी। पुलिस को चकमा देने के लिए बाइक से वारदात करने के बाद कंटेनर में छिपकर भागे थे। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 अप्रेल को ज्वैलरी शॉप लूट मामले में आरोपित कन्हैया लाल शर्मा उर्फ चिकू पण्डित (20) निवासी तारानगर जिला चुरु, सोहेल पठान (20) निवासी नया शहर बीकानेर हाल गुलजारपुरा मोहल्ला उदय मंदिर जिला जोधपुर और प्यारे लाल लुहार (37) निवासी जहाजपुर जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। बदमाश कन्हैया लाल शर्मा बगरू रिको एरिया में रहकर आईएमएल कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करता है। उसकी कंपनी में प्यारे लाल कंटेनर ड्राइवर है। वहीं इस मामले में फरार साथी कौशल निवासी बगरू की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी कट्टा, तीन कारतूस, रेकी व वारदात में प्रयुक्त दो बाइक, फरारी में प्रयुक्त कंटेनर और लूटी गई ज्वैलरी बरामद की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डेटा बेस तैयार करने के साथ रुट मैप बनाया गया। लुटेरों की पहचान के बाद मुखबिर खास की सूचना पर जोधपुर में दबिश देकर सोहेल को पकड़ा गया। गिरफ्तार सोहेल से पूछताछ के बाद दबिश देकर कन्हैया लाल और प्यारे लाल को पकड़ा गया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी कन्हैया लाल शर्मा और सोहेल पठान की जेल में मुलाकात हुई थी। कन्हैया लाल पर पूर्व आर्म्स एक्ट के मुकदमे में उसका दोस्त कौशल केशवार है। सजा काटने के बाद कन्हैया लाल और कौशल जेल से बाहर आकर बगरू रीको एरिया में रहने लगे। बगरू रीको एरिया में स्थित आईएमएल कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में दोनों काम करने लगे। जल्द पैसा कमाने के चलते दोनों यारों ने बैंक या ज्वैलरी शॉप लूट की प्लानिंग बनाई। प्लान के तहत दोनों ने बगरू स्थित मुथुत फाईनेंस बैंक की रेकी की। इसके साथ ही आस-पास की ज्वेलरी दुकान, बीकानेर की फेमस ज्वेलरी शॉप, तारानगर चुरू में पीएनबी बैंक के पास ज्वैलर्स की रेकी की। रेकी पूरी कर दोनों ने बगरू इलाके स्थित ज्वेलरी शॉप को लूटना तय किया। कन्हैया लाल ने कॉन्टैक्ट कर सोहल को जोधपुर से जयपुर बुलाया। प्लान बताते हुए बाइक से सोहेल को भी कई बार ज्वैलरी शॉप की रेकी करवाई गई। पुलिस को चकमा देने के लिए उन्होंने कंपनी के कंटेनर ड्राइवर प्यारे लाल को शामिल किया। पूछताछ में सामने आया है कि वारदात कर भागने के बाद पुलिस उनकी बाइक को चिन्हित कर पीछा करती रहती। कंटेनर में छिपकर आसानी से पुलिस को चकमा देकर वह फरार हो जाते। इस कारण उन्होंने प्यारे लाल को शामिल किया, जिसका काम उन्हें वारदातस्थल के पास छोड़ना और वारदात करने के बाद सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का था।

गौरतलब है कि बगरू के जुगल बाजार में मनमोहन शर्मा की रत्नेश्वरी ज्वैलर्स के नाम से ज्वैलरी शॉप पर लूट की गई। 22 अप्रेल की शाम को कंटेनर से वारदातस्थल के पास तीनों बदमाश पहुंचे। रोड किनारे कंटेनर को खड़ा कर ड्राइवर प्यारे लाल निगरानी रखने लगा। बाइक पर उसके तीनों साथी ज्वैलरी शॉप को लूटने निकल गए। ज्वैलरी शॉप पर पहुंचते ही तीनों बदमाशों ने देसी कट्टे निकाल लिए। शॉप के बाहर निकलकर देसी बम फोड़े। एक हाथ में देसी कट्टा लहराते हुए आस-पास के दुकानदारों को पास में नहीं आने के लिए धमकाने लग गए। मार्केट में दहशत का माहौल फैलाने के बाद ज्वैलरी शॉप के काउंटर के पास आकर शीशे के गेट पर गोली चलाई। जिससे शॉप में मौजूद लोग डर गए। शॉप में रखे सोने-चांदी के गहनों को 2 बैग में भरकर तीनों बदमाश बाइक से भाग निकले। वारदातस्थल से कुछ दूरी पर खड़े कंटेनर में छिपकर वहां से फरार हो गए।

## जल जीवन मिशन मामलाः कोर्ट में पूर्व मंत्री महेश जोशी ने रखी तीन डिमांड

### बेटे और उसकी कंपनी के अधिकारियों से पूछताछ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) में 900 करोड़ के घोटाले के मामले में ईडी की टीम पूर्व मंत्री महेश जोशी से पूछताछ कर रही है। पूर्व मंत्री महेश जोशी 28 अप्रेल तक ईडी की रिमांड में हैं। इस दौरान कोर्ट में महेश जोशी ने तीन डिमांड की थी। कोर्ट ने तीनों बात मान ली है। उनकी डिमांड थी कि रिमांड के दौरान घर का खाना मिले, समय पर दवा मिले और उनकी पत्नी की तबीयत बहुत खराब है,उन्हें मिलने दिया जाए।

वहीं महेश जोशी से पूर्व में गिरफ्तार हुए उनके परिचित और जलदाय विभाग के अधिकारियों के सामने बैठा कर पूछताछ की गई। महेश जोशी ने अपने बेटे रोहित जोशी की कंपनी में 50 लाख रुपए डाले थे, उसे लेकर भी ईडी रोहित और उसकी कंपनी से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है।

ईडी के अनुसार महेश जोशी के खिलाफ उनके पास पुख्ता सबूत हैं। जेजेएम घोटाले को लेकर ईडी ने महेश जोशी से कई सवाल पूछे। साथ ही उन कंपनी के बारे में भी जानकारी ली गई। जिन कंपनियों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर टेंडर दिए गए। महेश जोशी के मंत्री रहते हुए कैसे फर्जी कागजों पर बनी कम्पनी को करोड़ों रुपए के टैंडर मिले। टैंडर जिनको मिले वह महेश जोशी के पारिवारिक रिश्तेदार और दोस्त निकले। जानकार सूत्रों की मानें तो कुछ आरोपियों और इंजीनियर्स ने महेश जोशी का नाम सीधे दौर पर लिया है।

### महेश जोशी का हर दिन होगा मेडिकल

कानूनी प्रक्रिया के तहत हर दिन महेश जोशी का मेडिकल कराया जाएगा। उनके शुगर, बीपी की जांच सरकारी अस्पताल के डॉक्टर के द्वारा की जाएगी। जानकारों की मानें तो ईडी महेश जोशी का 28 तारीख को रिमांड कुछ और दिन का भी ले सकती है। गौरतलब है कि जेजेएम घोटाला केंद्र सरकार की हर घर नल पहुंचाने वाली 'जल जीवन मिशन योजना' से जुड़ा है। साल 2021 में श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी और मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी के ठेकेदार पदमचंद जैन और महेश मित्तल ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र दिखाकर जलदाय विभाग से करोड़ों रुपए के 4 टेंडर हासिल किए थे। श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी ने फर्जी कार्य प्रमाण पत्रों से पीएचडी की 68 निविदाओं में भाग लिया था। उनमें से 31 टेंडर में एल-1 के रूप में 859 .2 करोड़ के टेंडर हासिल किए थे। वहीं, श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी ने 169 निविदाओं में भाग लिया और 73 निविदाओं में एल -1 के रूप में भाग लेकर 120 .25 करोड़ के टेंडर हासिल किए थे। घोटाले का खुलासा होने पर एसीबी ने जांच शुरू की। कई भ्रष्ट अधिकारियों को दबोचा। फिर ईडी ने केस दर्ज कर महेश जोशी और उनके सहयोगी संजय बड़ाया सहित अन्य के ठिकानों पर दबिश दी थी। इसके बाद सीबीआई ने 3 मई 2024 को केस दर्ज किया। ईडी ने अपनी जांच पूरी कर 4 मई को सबूत और दस्तावेज एसीबी को सौंप दिए थे।

## राजस्थान पुलिस की एडीजी आवासन बिनीता ठाकुर का कोटपुतली दौरा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।** राजस्थान पुलिस की एडीजी (आवासन) बिनीता ठाकुर ने शनिवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले का दौरा किया। जिला एसपी कार्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया।

दौरे के दौरान एडीजी ठाकुर ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर जिले की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर सख्त नजर रखने के निर्देश दिए।एसपी राजन दुष्यंत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वर्तमान में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक निवासरत नहीं है।इस दौरान एएसपी वैभव शर्मा,डीएसपी राजेन्द्र बुरडक और एसएचओ राजेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। एडीजी ठाकुर ने अधिकारियों से जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतने और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने पर विशेष बल देने को कहा।



## 'विश्व पशु चिकित्सा दिवस' मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। (बिल्लूराम सैनी)।** ग्राम पाथरेड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय में शनिवार को 'विश्व पशु चिकित्सा दिवस' बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द सराधना ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि इस दिन का उद्देश्य पशु स्वास्थ्य देखभाल करना एवं पशु क्रुरता को रोकने के लिये कदम उठाने के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह दिवस हमें पशुओं के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी को याद दिलाता है। अध्यक्षता करते हुये अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि हर मानव का यह कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में पशुओं के महत्व को जानकर उनकी सेवा में समर्पित भाव से कार्य करें। एनएसएस प्रभारी डॉ. प्रवीण पिलानियाँ ने इस दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुये युवा पीढ़ी को पशुओं के प्रति प्रेम व सहानुभूति अपनाने पर अपने विचार प्रकट किये। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिन्डे लगाये गये। डॉ. डी. के. बैरवा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन छात्रा हेमलता पचार ने किया। इस दौरान डॉ. वी.एस मीना, डॉ. पार्वती दीवान, डॉ. सुशीला ऐचरा, डॉ. एन. के. मीना, डॉ. ओमेश कुमार, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. प्रवीण हटवाल व अशैक्षणिक संवर्ग में दीपक, अजय, कुन्दन, दुलाराम, अंकित, सचिन, चेतना, सुमन समेत महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य व विधार्थी मौजूद रहे।




## होटल में चल रही रेव पार्टी पर पुलिस ने मारी रेड

### चालीस युवक-युवतियां गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बगरू थाना थाना इलाके में शुक्रवार—शनिवार की मध्यरात्रि को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक होटल में चल रही रेव पार्टी पर छापेमारी करते हुए चालीस युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई। इसके अलावा होटल संचालक को भी शराब परोसते गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना थाना इलाके में शुक्रवार—शनिवार की मध्य रात्रि को सूचना मिली थी कि इलाके के हिम्मतपुरा स्थित होटल कैएलम अथर्वा पैलेस एंड रेस्टोरेंट में रेव पार्टी चल रही है। इसके बाद कुछ पुलिसकर्मियों को सादा वर्दी में मौके पर भेज कर तस्दीक कराई गई। जहां पुलिसकर्मियों के इशारा मिलने पर रात डेढ़ बजे बगरू और बिंदायका थाने का जाब्ता मौके पर भेजा गया। जहां पुलिस कार्रवाई के दौरान बडी संख्या में युवक-युवती नशे की हालत में मिले तो कुछ पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे पकड कर पूछताछ की गई और साथ ही होटल संचालक को मौके पर बुलाया गया।

पुलिस ने होटल संचालक से शराब परोसने संबंधित आबकारी के दस्तावेज मांगे गए। लेकिन संचालक दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद होटल संचालक मुकेश गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। वहीं होटल में चल रही रेव पार्टी के दौरान सोयब निवासी शास्त्री नगर, रौनक निवासी वैशाली नगर,लोकेश निवासी सवाई माधोपुर, मोहर सिंह निवासी सांगानेर, मुकेश शर्मा निवासी बगरू,प्रदीप सुराणा निवासी बीकानेर, नवीन सैनी निवासी झुन्झुनू, चन्द्र प्रकाश गर्ग निवासी सवाई माधोपुर, अनिल केडिया निवासी महेश नगर, सतीश सैनी निवासी महेशनगर, शैलेन्द्र गोयल निवासी बारां,आशीष खंडेलवाल निवासी कोटा,सिराजुद्दीन निवासी शास्त्री नगर, आशिष शर्मा निवासी बगरू, निखिल माहेश्वरी निवासी यूपी, साबीर निवासी शास्त्री नगर, राजेन्द्र कुमार निवासी शाहपुरा, भागीरथ कुमार निवासी कोटपूतली, सुनील निवासी भीलवाड़ा, विकास खंडेलवाल निवासी कोटा, रामनिवास निवासी मुरलीपुरा, महिपाल निवासी नागौर, बनवारी लाल निवासी झोटवाड़ा, जितेन्द्र कुकरेजा निवासी कोटा, राहुल स्वामी निवासी कालवाड, रामसिंह निवासी झुन्झुनू, रामप्रकाश निवासी मुहाना, मंजित सैनी निवासी सवाई माधोपुर, महेन्द्र सैनी निवासी सवाई माधोपुर, विष्णु रैगर निवासी अजमेर, मुरलीधर निवासी टोंक, सोहन शर्मा निवासी बगरू, गिर्राज सैनी निवासी मानसरोवर, भोलानाथ शर्मा निवासी ज्योतिनगर, मोहनलाल शर्मा निवासी बगरू, रणजीत सिंह निवासी वैशाली नगर, नरपतराम निवासी नागौर और कपिल निवाी कोटा को गिरफ्तार किया गया। सभी लोगों को बिंदायका थाने में रखा गया है।

## शादी-पार्टियों में सप्लाई को जा रहे 2 हजार 800 किलो नकली पनीर और 35 किलो घी पकड़ा

### पुलिस ने नौ आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बस्सी थाना पुलिस ने मिलावटी पनीर और घी को ले जाते पांच पिकअप जब्त कर नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से करीब 2 हजार 800 किलो मिलावटी पनीर और 35 किलोग्राम घी बरामद किया है। इनकी सप्लाई जयपुर में होने वाली शादी और पार्टियों में की जा रही थी। आईपीएस अभिजीत पाटिल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि मिलावटी डेयरी उत्पादों की खेप जयपुर की ओर जा रही है। इस पर बस्सी थाना पुलिस ने टीम का गठन किया। टीम ने राजाधोक टोल प्लाजा के पास देर रात नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान पुलिस ने पांच पिकअप गाड़ियों को रोका और चेक किया। चेकिंग के दौरान पिकअप में करीब 2800 किलोग्राम मिलावटी पनीर और 35 किलोग्राम नकली घी भरा हुआ था। इस पर पुलिस ने पांचों पिकअप जब्त कर मिलावटी उत्पाद बरामद कर लिए। पुलिस ने शिवदयाल, अरमान, साहिब खान, अंगद राम, हसन खान, रोहिताश, इरशाद, वारिश खान व मुस्तकीम मेव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मेवात व आस पास के इलाकों में मिलावटी पनीर व घी तैयार कर जयपुर शहर में सप्लाई करते है। पुलिस गिरफ्त में चल रहे आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे पहले भी इस तरह की सप्लाई कर चुके हैं। ये लोग शादी का ऑर्डर लेते हैं। माल एक- दो दिन में खप जाता है। किसी को पता भी नहीं चलता। दुकानों में सप्लाई इसलिए नहीं करते क्योंकि अगर माल काफी दिनों तक रुक जाता है। वह सड़ने लगता है। इसलिए मिलावटी पनीर की सप्लाई केवल शादी पार्टी के लिए ही किया जाता है।

## बुजुर्ग दम्पत्ती का ध्यान भटका कर दो युवक ले गए 10 लाख रुपए से भरा बैग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर घूमने आए बुजुर्ग दंपत्ति का ध्यान भटका कर दो युवक 10 लाख रुपए से भरा बैग ले गए। पीडित के पौत्र ने कानोता थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है। पुलिस के अनुसार रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी गगनदीप अरोडा ने मामला दर्ज करवाया कि उसके दादा व दादी जयपुर घूमने आए थे। इस दौरान वे आगरा रोड पर स्थित एक होटल व गेस्ट हाउस में रुके थे। वहां पर दादा के मित्र का बेटा राहुल शर्मा और राजू प्रजापति आए और उनका ध्यान बंटा कर 10 लाख रुपए का भरा नीले रंग का बैग ले गए।

## संविधान स्वाभिमान संगोष्ठी तथा स्वाभिमान यात्रा का आयोजन

**कोटपूतली।(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान व गणतंत्र में योगदान के प्रचार हेतु संविधान स्वाभिमान संगोष्ठी तथा स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 14 से 28 अप्रैल तक संविधान स्वाभिमान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बाबा साहब के योगदान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान के बारे में विस्तार से बताया तथा उनको देश के संविधान की पालना करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने स्वंयसेवकों व विद्यार्थियों को धार्मिक, जातिगत, लैंगिक, क्षेत्रीय भेदभाव को दूर करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान संकाय सदस्य व स्वयंसेवक आदि मौजूद रहे।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को पकडा है और उसके पास से 1.65 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और ब्रिकी राशि के चौबीस सौ रुपये जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व )तेजस्वनी गौतम ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर निशा सिंह निवासी फतेहपुर सीकर जिला आगरा( उत्तर प्रदेश) को थाना इलाके में स्थित टीला नंबर दो जवाहर नगर से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 1.65 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और ब्रिकी राशि के चौबीस सौ रुपये बरामद किए है। पुलिस आरोपित महिला तस्कर से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## बीमार वृद्धा की देखभाल करने वाले केयर टैकरों चुराए जेवरात-नकदी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एक बीमार महिला की देखभाल के लिए कंपनी के माध्यम से लगाए केयर टेकरों ने घर से जेवरात व नगदी पार कर ली। इस पर पीड़ित ने गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जीएडी फ्लैट्स गांधी नगर निवासी अनिल कुमार महर्षि ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बीमार मां की देखभाल के लिए राहत हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से घर पर केयर टेकर लगाए गए थे। मां की देखभाल के लिए घर पर मनीष, ममता वर्मा, नीलम और ज्योति आती थी। 24 अप्रेल को घर पर एक निजी कार्यक्रम था तो इस पर अलमारी चैक की गई तो उसमें रखे 2 लाख रुपए, तीन जोडी सोने के कड़े, चांदी की चार जोडी पायजेब, सोने की 10 जोडी बाली सहित अन्य सामान गायब मिला। हमें शक है कि कम्पनी के द्वारा माता की देखभाल के लिए लगाए गए केयर टेकरों द्वारा ही इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

## ई-रिक्शा चुराने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

### दो ई-रिक्शा और 12 बैटरी सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ब्रह्मपुरी थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चुराने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से दो ई-रिक्शा और 12 बैटरी सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवारिया ने बताया कि सीएसटी ने ब्रह्मपुरी थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चुराने वाले शातिर बदमाश किशोर सिंह और राजेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार किया है और दोनों ही बदमाश ब्रह्मपुरी थाना इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो ई-रिक्शा, 12 बैटरी सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन (स्कूटी) जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित चोरी करने से पहले वाहनों की रेकी करते है और फिर वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते है। वहीं आरोपित नशा करने के आदि है और नशा पूर्ति के लिए नशा करते है।

## बीडीएम अस्पताल परिसर में तेज आंधी से पेड़ गिरा

### जन औषधि केंद्र क्षतिग्रस्त। मरीजों और स्टाफ को भारी दिक्कत

#### रास्ता अस्थाई रूप से खुलवाया गया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।** शनिवार को आई तेज आंधी ने राजमार्ग पर स्थित बीडीएम जिला हॉस्पिटल परिसर में अफरा-तफरी मचा दी। तेज हवाओं के चलते अस्पताल परिसर में कई पेड़ धराशायी हो गए। इनमें से एक बड़ा पेड़ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर भी गिरा।पेड़ गिरने से जन औषधि केंद्र और आसपास के हिस्से का रास्ता अवरुद्ध हो गया था, जिससे मरीजों और स्टाफ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में रास्ते को अस्थाई रूप से खुलवाया गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि आंधी के साथ तेज धूल भरी हवाएं भी चलीं, जिससे पूरे क्षेत्र में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया।अस्पताल परिसर में अब भी कई पेड़ जर्जर हालत में हैं और गिरने के कगार पर खड़े हैं। इसके बावजूद अभी तक सुरक्षित तरीके से इन पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है, जिससे भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में फिर से तेज हवाओं और बारिश की चेतावनी दी है।



## सम्पादकीय

# जमीनी स्तर पर शासन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में कहा कि बीते दशक में कई पहल की गई हैं। इस संबंध में हाल ही में पंचायती राज मंत्रालय ने जमीनी स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया और पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) शुरू किया। देश की 2,16,000 पंचायतों को गरीबी उन्मूलन और बेहतर आजीविका, स्वास्थ्य, जल की पर्याप्तता, समुचित अधोसंरचना और सुशासन जैसे मानकों पर आंका गया और रैंकिंग प्रदान की गई। यह सूचकांक देश के सतत विकास के एजेंडे में ग्रामीण स्थानीय निकायों की अहम भूमिका की साहसी स्वीकारोक्ति है। संयुक्त राष्ट्र जहां विभिन्न देशों के स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन की प्रगति की निगरानी करता है और नीति आयोग का एसडीजी इंडिया इंडेक्स राज्य स्तर के प्रदर्शन पर नजर रखता है वहीं हाल के वर्षों में इन लक्ष्यों के स्थानीयकरण पर जोर दिया गया है ताकि उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इस संदर्भ में पीएआई एक स्वागतयोग्य कदम है और भविष्य में इसकी कवरेज को सभी 2,69,000 पंचायतों तक बढ़ाया जाना चाहिए। बहरहाल, इसके परिणाम चिंताजनक हैं। एक भी पंचायत ऐसी नहीं रही जिसने अचीवर्स की श्रेणी में जगह बनाई हो। केवल 699 पंचायतों को अग्रणी घोषित किया गया है। इसके अलावा बहुत बड़े पैमाने पर भौगोलिक असमानताएं भी हैं। 699 अग्रणी पंचायतों में से 346 गुजरात की, 270 तेलंगाना की और 42 त्रिपुरा की हैं, जबकि कई राज्य काफी पीछे हैं। पंचायतें शासन का वह स्तर हैं जो जनता के सबसे करीब होता है। शीर्ष से नीचे की ओर आने के मॉडल के बजाय पंचायत के नेतृत्व वाला रुख ऐसी रणनीतियां बनाने की इजाजत देता है जो हर गांव की खास सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रख सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में तो यह और भी अहम है जहां अक्सर सबके लिए एक समान नीतियां नाकाम साबित होती हैं। बहरहाल, अपर्याप्त वित्तीय संसाधन भी ग्रामीण स्थानीय निकायों के सुचारू कामकाज में एक बड़ी बाधा हैं। देश की अधिकांश पंचायतें फंड के लिए सरकार के ऊपरी स्तरों पर बहुत अधिक निर्भर रहती हैं और उनके पास अपने राजस्व के लिए बहुत सीमित संसाधन होते हैं। संपत्ति, स्थानीय बाजारों या कारोबारों पर या तो समुचित कर नहीं लग पाता या फिर इन पर कर लगाना राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील होता है, खासतौर पर गरीब या छोटे गांवों में ऐसा करना मुश्किल होता है। रिजर्व बैंक द्वारा पंचायतों की वित्तीय स्थिति पर कराया गया एक अध्ययन बताता है कि 2022-23 में सभी स्रोतों से प्रति पंचायत औसत राजस्व महज 21.23 लाख रुपये था। इसमें से स्थानीय करों और शुल्क द्वारा उनका निजी राजस्व कुल राजस्व का केवल 1.1 फीसदी ही था। सीमित तकनीकी अधोसंरचना और डिजिटल साक्षरता की कमी भी समस्या को बढ़ाती है। इनकी वजह से निगरानी, आकलन और प्रगति की रिपोर्टिंग पर असर पड़ता है। जमीनी स्तर पर प्रयासों का विभाजित होना भी उतना ही दिक्कतदेह है। गांवों में कई सरकारी विभाग बहुत कम तालमेल के साथ एक ही समय पर काम करते हैं। इसका परिणाम काम के दोहराव और संसाधनों की बरबादी के रूप में सामने आता है। विभिन्न विभागों की गतिविधियों और योजनाओं में तालमेल नहीं होने पर अक्सर सतत विकास लक्ष्यों के अधीन परिकल्पित समग्र विकास दूर ही बना रहता है। पंचायतों की पूर्ण संभावनाओं का इस्तेमाल करने के लिए यह प्रयास किया जाना चाहिए कि उनकी सांस्थानिक क्षमता बढ़ाई जा सके। इसमें लक्षित प्रशिक्षण मुहैया कराना, डिजिटल समावेशन को बढ़ाना, निर्णय प्रक्रिया में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा और फंड का समय पर आवंटन शामिल है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 27 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगल साम्राज्य का शासक बाबर ने 1526 में दिल्ली के सुल्तान को पराजित कर नया बादशाह बना।
- नीदरलैंड और फ्रांस ने 1662 में सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
- मुगल शासक मुहम्मद शाह का 1748 में दिल्ली में निधन हुआ।
- अमेरिकी नौसैनिकों ने 1805 में त्रिपोली के तटीय क्षेत्रों में हमला किया।
- कलकत्ता विश्वविद्यालय ने महिलाओं को विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में पात्रता के लिये 1878 में पहली मंज़ूरी दी।
- सन 1908 में लंदन में चौथे ओलंपिक खेल शुरू हुए।
- नाजियों ने 1940 में पोलैंड के ओस्वीसिम में यातना शिविर का निर्माण शुरू किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने 1941 में एथेंस में प्रवेश किया।
- अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में 1942 में आये तूफान के कारण 100 लोग मारे गये।
- नेशनल डिफेंस कॉलेज की 1960 में नयी दिल्ली में स्थापना।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने गामा किरणों के अध्ययन के लिये 1961 में पृथ्वी की कक्षा में 'एक्सप्लोरर 11' लांच किया।
- सिएरा लियोन ने 1961 में ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।
- क्यूबा के तत्कालीन प्रधानमंत्री फिदेल कास्त्रो 1963 में रूस की अपनी यात्रा के दौरान राजधानी मॉस्को पहुंचे।
- अमेरिका ने 1967 में नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- अंतरिक्ष यान 'अपोलो 16' 1972 में पृथ्वी पर वापस लौटा।
- सन 1989 में बांग्लादेश में आये तूफान से 500 लोगों की मौत।
- अफगानिस्तानी विमान 'एएनएस 32' 1993 में दुर्घटनाग्रस्त होने से 76 लोगों की मौत।
- 1994 को दक्षिण अफ्रीका का स्वतंत्रता दिवस।
- टुलुज (फ्रांस) में एयरबस निर्मित दुनिया के सबसे बड़े विमान ए-380 ने 2005 में पहली परीक्षण उड़ान भरी।
- पाकिस्तान ने 2008 में अपने विदेश सचिव रियाज मुहम्मद ख़ान को बर्ख़ास्त कर उनके स्थान पर चीन में पाकिस्तान के राजदूत सलमान बशीर को विदेश सचिव नियुक्त किया।
- यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने 2010 में भारत के नागरिकों की पहचान का एक बड़ा सबूत बनने जा रहे यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर को अब नया ब्रांड नाम 'आधार' तथा नया लोगो पेश किया।
- अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने जन्म को लेकर हुए विवाद के बाद 2011 में सार्वजनिक तौर पर जन्म प्रमाण पत्र की एक प्रति जारी की।

### 27 अप्रैल जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध शिक्षाविद, दार्शनिक तथा समाजशास्त्री हरबर्ट स्पेन्सर का 1820 में जन्म हुआ।
- महान अभिनेत्री जोहरा सहगल का 1912 में जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# सावरकर के खिलाफ टिप्पणी पर राहुल को सुप्रीम फटकार



अशोक भाटिया

**सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान पर सख्त नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यायमूर्ति ने राहुल गांधी से कहा, आप एक जिम्मेदार राजनेता हैं, आपको इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं देने चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इस प्रकार के बयान दिए गए, तो वह इस मामले पर गंभीरता से विचार करेगा और संज्ञान ले सकता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने बिना इतिहास को पूरी तरह समझे ऐसा बयान दिया. उन्होंने कहा कि आप उन लोगों के बारे में कैसे ऐसा कह सकते हैं जिन्होंने देश को आज़ादी दिलाई? राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी अंग्रेज अधिकारियों को पत्र भेजते थे तो लिखते थे- योर फेथफुल सर्वेंट। तो क्या उसके चलते आप महात्मा गांधी को भी अंग्रेजों का नौकर कहेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करना गलत है।**

कांग्रेस नेता और लोकसभा मे विपक्ष के नेता राहुल गांधी को वीर सावरकर पर की गई विवादित टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगानी पड़ीं है। अदालत ने राहुल गांधी से कहा कि उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए और यदि भविष्य में ऐसे बयान दिए गए तो अदालत इस पर संज्ञान लेगी। यह मामला राजनीतिक और कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण बन चुका है, क्योंकि यह बयान न केवल राहुल गांधी के लिए बल्कि अन्य नेताओं के लिए भी एक चेतावनी बन सकता है।राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वीर सावरकर पर एक विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला बताया था। राहुल गांधी का यह बयान भारतीय राजनीति और इतिहास के संदर्भ में अत्यधिक संवेदनशील माना गया, क्योंकि वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे। उनके योगदान को लेकर विभिन्न दृष्टिकोण रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी का यह बयान आलोचनाओं के साथ-साथ कानूनी विवादों का कारण बना। बहुत समय से राहुल गाँधी और कॉन्ग्रेस पार्टी लगातार वीर विनायक दामोदर सावरकर का अपमान करने में लगी हुई रही है । मैं माफ़ी नहीं माँगूँगा, मैं सावरकर नहीं हूँ – सावरकर मनुस्मृति को मानते थे तो संविधान के बिल्कुल उलट है। सावरकर को संविधान में भारतीयता भी नहीं दिखा था।राहुल गाँधी बार-बार ये डायलॉग बोलते रहे हैं और कॉन्ग्रेस पार्टी इसका वीडियो भी शेयर कर रही है। ये अलग बात है कि राफेल से लेकर 'मोदी' सरनेम वाले लोगों को गाली देने तक, राहुल गाँधी अदालतों में माफ़ी माँगते रहे हैं। इतने चुनाव हारने के बावजूद बार-बार एक महान स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया जा रहा है। राहुल दोहराते है कि मैं सावरकर नहीं हूं तो दरअसल में राहुल गाँधी सावरकर बन भी नहीं सकते। जब राहुल गाँधी के दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू नहीं बन पाए, तो राहुल गाँधी क्या बनेंगे। जवाहरलाल नेहरू जब नाभा जेल में थे, तब उनके पिता ने न जाने कहाँ-कहाँ पैरवी कर के उन्हें 12 दिनों में ही निकलवा लिया था। जबकि, वीर सावरकर ने 11 वर्षों तक जेल भी नहीं, बल्कि उससे भी खौफनाक कालापानी की सज़ा भुगती। उनके भाई गणेश भी उसी जेल में थे, लेकिन दोनों की मुलाकात तक नहीं होती थी। भले ही आज सावरकर की देशभक्ति पर आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सवाल उठाते रहे हैं लेकिन उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आज से 42 साल पहले 20 मई 1980 को सावरकर को देश का महान सपूत कहा था। तकरीबन दो साल पहले साल 2018 के अक्टूबर माह की बात है कि जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय वीर सावरकर और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़े एक मसले पर एकराय थी। अमित मालवीय ने एक ट्वीट किया था, जिसमें एक इमेज पोस्ट की गई थी। जिसमें इंदिरा गांधी और वीर सावरकर की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। इस इमेज में इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के बारे में दिया गया बयान दिखाई दे रहा है। जिसमें इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर द्वारा ब्रिटिश सरकार की आज्ञा का उल्लंघन करने की हिम्मत करना हमारी आजादी की लड़ाई में अपना अलग ही स्थान रखता है। इस तस्वीर में एक और बात बताई गई कि इंदिरा गांधी ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के योगदान को पहचाना था। उन्होंने साल 1970 में वीर सावरकर के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था। इसके साथ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सावरकर ट्रस्ट में अपने निजी खाते से 11,000 रुपए दान किए थे। इतना ही नहीं इंदिरा गांधी ने साल 1983 में फिल्म डिवीजन को आदेश दिया था कि वह 'महान क्रांतिकारी' के जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। राहुल को यह जान लेना चाहिए कि विचारों से असहमत होते हुए भी कांग्रेस ने अपने पूर्वजों को नमन करने के लिए भारत को पोर्ट ब्लेयर (अंडमान निकोबार) में उमड़ते देखा है ।

वीर सावरकर से राजनैतिक दल विरोध रख सकते हैं, लेकिन भारत की जनता नहीं। वह जनता सेल्युलर जेल के सामने हजारों की संख्या में सलाम करने के लिए जाती रहती हैं । उस हजारों की संख्या में पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय मनमोहन सिंह जी भी थे, जिन्होंने अंडमान निकोबार के हवाई अड्डे का नाम 2005 में वीर सावरकर कर दिया था।

सीधी बात है कि राहुल गाँधी, आप सावरकर बन भी नहीं सकते। भारत के सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने अपनी पुस्तक में बताया है कि कैसे कई स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से प्रेरित थे। उन्होंने लिखा है कि कैसे वामपंथी बार-बार इस तथ्य को नज़रअन्दाज़ करते हैं कि बलिदानी भगत सिंह वीर सावरकर की पुस्तक '1857 का स्वतंत्रता समर' से प्रेरित थे।वीर सावरकर ने सन् 1952 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ हुई अपनी एक 12 साल पुरानी मुलाकात का भी जिक्र किया था। नेताजी के बॉम्बे स्थित आवास पर हुई इस बैठक में सावरकर ने उन्हें एक महत्वपूर्ण सलाह दी थी।

# टीवी पर लाहौर जीत लिया, ज़मीन पर आँसू बहा दिए
# जब राष्ट्रवाद स्क्रीन पर चमकता है और असली ज़िंदगी में धुंधला पड़ जाता है



प्रियंका सौरभ

**न्यूज़ चैनल राष्ट्रवाद को एक स्क्रिप्टेड तमाशे की तरह पेश करते हैं। रात में टीवी पर ऐसा माहौल बनाया जाता है मानो भारत ने पाकिस्तान पर हमला कर दिया हो, लेकिन असलियत में कुछ नहीं होता। मीडिया, फिल्मों और चुनावी भाषणों में सर्जिकल स्ट्राइक जैसी सैन्य कार्रवाईयों का खूब प्रचार होता है, जबकि असली शहीदों और उनके परिवारों की पीड़ा को भुला दिया जाता है। सोशल मीडिया पर जब लोग सवाल पूछते हैं, तो उन्हें देशद्रोही कहकर चुप करा दिया जाता है। चुनावों के समय राष्ट्रवाद को मुद्दा बनाकर असली समस्याओं जैसे बेरोजगारी और शिक्षा से ध्यान भटका दिया जाता है। यह लेख पाठकों से पूछता है – क्या वे सिर्फ इस दिखावे का हिस्सा बनकर ताली बजाते रहेंगे या असली देशभक्ति दिखाते हुए सच्चाई और पीड़ा के साथ खड़े होंगे? असली देशभक्ति शोर में नहीं, संवेदना, सच्चाई और सवाल पूछने की हिम्मत में होती है।**

रात का वक्त है। घरों में लोग टीवी ऑन करते हैं, न्यूज़ चैनल्स लगाते हैं, और अगली ही पल स्क्रीन पर धमाके शुरू हो जाते हैं — भारत ने लाहौर में घुसकर की बड़ी कार्रवाई!, पाक के होश उड़े!, घुटनों पर पाकिस्तान! जैसे शीर्षक चलते हैं और एंकर ऐसे चीखते हैं जैसे वो रणभूमि से लाइव रिपोर्टिंग कर रहे हों। लेकिन जब सुबह आँख खुलती है, तो सब वैसा ही होता है जैसा था। कहीं कोई युद्ध नहीं, कोई हमला नहीं, बस टीआरपी का तिलिस्मी खेल था। यह युद्ध नहीं, एक स्क्रिप्टेड शो है — राष्ट्रवाद का एक सजीव तमाशा, जो टीआरपी के नाम पर परोसा जा रहा है। असली सवाल यह है कि क्या देश की सुरक्षा, शहीदों की शहादत और जनता की भावनाएं भी अब मीडिया मार्केटिंग का हिस्सा बन चुकी हैं?

**मीडिया का 'वीर रस' तमाशा :** भारतीय न्यूज़ चैनल अब सूचना का स्रोत कम और नाटकीय मनोरंजन का मंच अधिक बन चुके हैं। एंकर युद्ध के मूड में होते हैं, पैनल में रिटायर्ड जनरल्स, कट्टर राष्ट्रवादी प्रवक्ता और एक दो दुश्मन देश के चेहरे बिठाए जाते हैं। सब चीखते हैं, एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, और दर्शक टीवी से चिपके रहते हैं। ष्टत्त्ङ्ख से बना नकली बम, मिसाइल के धमाके, और नकली नक्शे — यह सब दर्शकों को एक महायुद्ध का आभास कराते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत क्या है? जमीनी हकीकत यह है कि इस पूरे ड्रामे से सिर्फ एक चीज़ मजबूत होती है — चैनल की रेटिंग और सरकार की छवि।

**सोशल मीडिया और सबूत की राजनीति :** जब बालाकोट एयरस्ट्राइक हुआ, तो लोगों ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाया — क्या सबूत हैं?, कितने मरे?। सरकार चुप रही, लेकिन ट्रोल आर्मी सक्रिय हो गई। जिसने भी सवाल उठाया, वह पाकिस्तानी एजेंट करार दे दिया गया। राष्ट्रवाद अब 'साइलेंसिंग टूल' बन गया है — जो बोलता है, वह देशद्रोही है। जो पूछता है, वह गद्दार है। जनता से जवाबदेही माँगना अब भी अपराध बना हुआ है, और सोशल मीडिया पर राष्ट्रभक्ति का मतलब बस प्रोफाइल फोटो बदलना और ट्रेंडिंग हैशटैग लगाना रह गया है।

**शहीद के आँसू और आम आदमी का अकेलापन :** मीडिया युद्ध तो दिखाता है, लेकिन युद्ध में जो लोग वाकई मरते हैं, उनका क्या? जम्मू-कश्मीर या उत्तर-पूर्व में जब कोई जवान शहीद होता है, तो क्या उसकी विधवा की पेंशन समय पर आती है? क्या उसके बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलती है? क्या उसकी बूढ़ी माँ को इलाज मिलता है? अक्सर नहीं। मीडिया एक दिन रोशनी डालता है, लेकिन सरकार और समाज बहुत जल्दी भूल जाते हैं। जो बच जाते हैं, वे अकेले रह जाते हैं। वो मां जो कहती है, मेरा बेटा तिरंगे में लिपट कर आया, मुझे गर्व है — उसे गर्व के साथ साथ जीवनभर की पीड़ा भी झेलनी पड़ती है।

**राजनीति और राष्ट्रवाद की साठगांठ :** चुनाव के मौसम में यह 'टीवी युद्ध' और भी आक्रामक हो जाता है। नेताओं की रैलियों में सर्जिकल स्ट्राइक का ज़िक्र होता है, बटन दबाने को 'बम गिराने' जैसा बताया जाता है। विपक्ष के सवाल को पाक प्रेम कहा जाता है।

## आलेख

# वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 : एक नई दिशा की ओर!

भारत में वक्फ़ संपत्तियाँ मुसलमानों की धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक पवित्र अमानत मानी जाती हैं। इस्लाम में वक्फ़ की परिकल्पना एक ऐसे संस्थान के रूप में की गई है जो समाज के वंचित और ज़रूरतमंद वर्ग की सेवा करे और न्याय, दया तथा साझेदारी जैसे मूल्यों को सुदृढ़ बनाए। लेकिन बीते वर्षों में वक्फ़ संपत्तियों पर अवैध कब्ज़े, प्रशासनिक लापरवाहियाँ, भ्रष्टाचार और कानूनी उलझनों ने इस प्रणाली को खोखला बना दिया है। मुसलमानों के इस पवित्र संसाधन का दुरुपयोग हुआ, जिससे न केवल समुदाय का विश्वास टूटा, बल्कि धार्मिक और सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति में भी बाधा उत्पन्न हुई। इन्हीं जटिलताओं के समाधान हेतु केंद्र सरकार द्वारा वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 प्रस्तुत किया गया है, जो मौजूदा वक्फ़ अधिनियम 1995 में व्यापक परिवर्तन करता है। यह विधेयक न केवल वक्फ़ संपत्तियों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि वक्फ़ प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक हित को भी प्रमुखता देता है। इस विधेयक के माध्यम से वक्फ़ जायदादों को 'सार्वजनिक धर्मार्थ संपत्ति' के रूप में चिन्हित कर उन्हें विशेष कानूनी संरक्षण देने की कोशिश की गई है, जिससे अब कोई भी व्यक्ति या संस्था इन पर आसानी से दावा नहीं कर सकेगा। यह एक ऐतिहासिक क़दम है क्योंकि इससे उन लाखों एकड़ वक्फ़ ज़मीनों को बचाया जा सकेगा जो दशकों से गैर-कानूनी कब्ज़ों के अधीन हैं। इसके साथ ही, यह विधेयक वक्फ़ बोर्डों को डिजिटल प्रणाली के अंतर्गत लाने का निर्देश देता है, जिससे संपत्तियों की पारदर्शी सूची बने, वार्षिक लेखा परीक्षण हो और आम जनता को यह जानने का अधिकार मिले कि वक्फ़ की आय कहाँ खर्च हो रही है।

## 2025_0111 — बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | 6 | 1 | 7 | | |
| | | 2 | | | | 1 | 6 | 4 |
| | 7 | | 3 | 4 | | | | |
| 7 | | | 1 | | | | | 8 |
| | | 3 | | | | 2 | | 7 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | | 9 | 1 | |
| 5 | | | | | 8 | 6 | 3 | |
| 6 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | 1 | | | | 8 | | |

### Ans_2025_0110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 3 | 4 | 9 | 5 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 8 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**वृष**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कर्क**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**सिंह**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कन्या**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**तुला**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**धनु**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मकर**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**कुंभ**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**मीन**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# किसानों का कृषि मंडी में धरना पांचवें दिन भी जारी

## एसडीएम आए, नहीं निकला समाधान, किसान महापंचायत ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** किसानों और निर्माणाधीन ईसरदा बांध के विस्तापितों की समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी में किसानों का धरना शनिवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। अभी भी इनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है, इसको लेकर जल्द ही किसान युवा महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने समरावता जैसा बड़ा आंदोलन करने क़ी चेतावनी प्रशासन को दी है। उन्होंने कहा है शुक्रवार शाम को टोंक एसडीएम भी धरने पर आए थे किसानों से बात की, लेकिन कोई किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए रुचि नहीं ले रहे हैं। इससे पहले इस धरने और समझाइश के लिए छ्रस्क्र भी आए थे, वे भी समझा कर गए, समाधान किसी से नहीं हुआ।

रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने चेतावनी दी है कि अब किसानों के पास समरावता की तरह बड़ा आंदोलन करने की मजबूरी होगी। पांच दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर किसान बैठे हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि शांतिपूर्वक आंदोलन पर सुनवाई नहीं होने पर समरावता जैसे हालत बनते हैं। उन्होंने कहा, जल्द किसानों की मांगे नहीं मानी गईं तो जिले भर में आंदोलन होंगे। किसानों के ट्रैक्टर सड़कों पर होंगे।

### ये हैं किसानों की मांगे

- बिसलपुर,गलवा,टोरडी सागर, एवं मासी बांध नहरों की सफाई व्यवस्था तत्काल शुरु करवाने, पोल्याड़ा के पास बीसलपुर बांध की दायीं नहर में बने पत्थरों के अवरोधक को हटाने, बायी नहर की संरचना में परिवर्तन करके टेल तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायें।
- ईसरदा बांध विस्थापित किसानों को वर्तमान मुआवजा प्रति बीघा 11 लाख 80 हजार रुपये दिलाया जाए।
- बीसलपुर बांध विस्थापित सिवाय चक जमीन पर बसे होने से उस जमीन को आबादी घोषित किया जाए। साथ ही वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की है
- पीपलू, निवाई तहसील के सभी गांवों को नहरों तन्त्र से ईआरसीपी के तहत जोड़ा जायें, जबकि ईसरदा बांध में 39 सिंचित गांव प्रभावित होंगे। इन गांवों में बिसलपुर बांध से सिंचाई भी होती है।
- निवाई,पीपलू में वर्ष 2024-25 खरीफ फसलों अतिवृष्टि से फसलों 75-100 प्रतिशत खराब होने के बाद भी खराबा नहीं दिखाया गया है। इसको वर्षा रिकॉर्ड -तहसील को मिलाकर आधार बनाकर खराबा की रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजें
- फसलों को बचाने के लिए उपखंड अधिकारी निवाई से सहमति होने के बाद भी कार्ययोजना तैयार नहीं हो रहीं हैं।
- बे-सहारा पशुओं के लिए बनेठा से ककोड़ 10 हजार बीघा जमीन को गौअभ्यारण्य बनाया जायें।
- निवाई कृषि उपज मंडी समिति सचिव द्वारा नियमों के विरुद्ध एवं पद का दुरुपयोग 400-500 ग्राम वज़न अधिक लेनें वालें व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नये खरीद केंद्र बनेठा, जोधपूरिया , डारडा हिन्द, सोड़ा,बरोल,निवारिया पोल्याडा,नगर फोर्ट, गोठड़ा, जामडोली, गुन्सी , डागरथल, सुरेली , मेहंदवास आदि केंद्र खोले जाये।
- गलवा बांध उनियारा का निर्माण 1960 में फसलों की सिंचाई के लिए करवाया था। लेकिन किसानों को अनदेखा करके कल्पतरु पावर प्लांट को दिया जाता है। जिससे बांध निर्माण उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो रही है।



### कलेक्टर से चर्चा कर रहा हूं

टोंक एसडीएम हुकमी चंद ने बताया कि धरने पर जाकर किसानों की समय सुनी है। उन समस्याओं को लेकर कलेक्टर से चर्चा कर रहा हूं। कुछ मांगे सरकार के स्तर की हैं। उन्हें आगे भेजा जाएगा।

## प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का लोकसभा अध्यक्ष ने किया शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के बूंदी में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का शुभारम्भ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मालपुरा निवासी महासंघ से जुड़े शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन बूंदी में शुरू हुआ। इसका दीप प्रज्जलवित कर शुभारम्भ लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा सांसद ओम बिड़ला ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में बिड़ला ने कार्यक्रम में मौजुद कामिको से आव्हान करते हुए कहा कि राष्ट्र भक्ति को सबसे बड़ी सेवा मानते हुए कार्य करने का आव्हान किया। बिड़ला ने भामस में संस्थापक दत्तोपंत ठेगड़े के आदर्शो की चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती देने व प्रदेश व देश के विकास में अपना योगदान देने की बात कही। साथ ही गुणवत्तापूर्ण व संस्कारित शिक्षा देने की अपील की। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष मेघवाहन सिंह ने सभी अतिथियो का परिचय प्रस्तुत किया। भामस में राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन डोगरा ने भामस की सदस्य 3 करोड़ बताते हुए देश का सबसे अधिक अनुशासित संगठन बताया। कार्यक्रम के दौरान कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादीयो के नंरसहांर में अकाल मृत्यु का शिकार बने लोगो के प्रति श्रद्धाजंली अर्पित करने के दो मिनट का मौन रखा गया। अधिवेशन में महासंघ के सभी प्रदेश स्तरीय व प्रदेश के सभी जिलो के पदाधिकारियो व महासंघ के सदस्यो ने भाग लिया।

## पांचवें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में मांगों को लेकर शनिवार को लगातार पांचवें दिन भी किसानों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। संघ के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसान महापंचायत द्वारा कृषि उपज मंडी समिति टोंक में किसानों द्वारा आयोजित अनिश्चितकालीन धरने को लेकर प्रशासन की उदासीनता नजर आ रही है। प्रशासन ने किसानों की अभी तक कोई भी मांगों को नहीं माना है। जिससे किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि किसानों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसके लिए गांव-गांव से किसानों को जागरूक करके ट्रैक्टर रैली निकालने व प्रशासन के खिलाफ पुतला जलाने सहित कई प्रकार का अन्दोलन किया जाएगा। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, प्रदेश मंत्री रतन खोखर, लोकसभा प्रभारी भारतराज मीणा, जिला अध्यक्ष गोपी चौधरी, उपाध्यक्ष सीताराम चौधरी, जिला महामंत्री शंकर धाकड़, प्रचार मंत्री राधेश्याम चौधरी व पीपलू अध्यक्ष दुलाराम प्रजापत सहित कई किसान मौजूद थे।

## वाहन दुर्घटना में चालक व खलासी घायल

**निवाई ( का.स. )।** शनिवार की सुबह करीब 3 बजे एनएच 52 पर वाहन दुर्घटना हो गई। इस दुर्घटना में चालक व परिचालक घायल हो गया। सूचना पर हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को लाकर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में उपचार के लिए भर्ती करवाया। सदर थाना प्रभारी हीरालाल ने बताया कि जयपुर टोंक रोड़ पर लक्की रिसोर्ट के समीप दुर्घटना होने की सूचना मिली। सूचना पर ड्यूटी ऑफिसर हिम्मतसिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचा। इसके बाद हाईवे पुलिस ने मोबाईल जाप्ता की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को रोड से हटवाया और यातायात सुचारू करवाया। उन्होंने बताया कि घायल नफीस पुत्र नजीर खां उम्र 35 साल निवासी पावटा गद्दी थाना वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर और खलासी अकरम का उपचार कर छोड़ दिया।

## नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया धूमधाम से

**निवाई ( का.स. )।** अष्ट जिनालयों से सुशोभित धर्म नगरी निवाई में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में श्री शान्तिनाथ अग्रवाल दिगम्बर जैन मंदिर, श्री दिगम्बर जैन बडा मंदिर, नसियां मदिर, बिचला जैन मंदिर, चन्द्रप्रभु जैन मंदिर, बाबाजी का चैत्याल्य व शिवाजी कॉलोनी जैन मंदिर में नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। चातुर्मास कमेठी के अध्यक्ष सुनिल भाणजा ने बताया कि महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रात: काल मूलनायक शांतिनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा की गई एवं गाजे-बाजे के साथ निर्वाण पाठ बोलकर जैन धर्म के 21 वें तीर्थंकर नमिनाथ भगवान का निर्वाण लाडू धूमधाम से चढाया गया।

# शिक्षा योजनाओं की जमीनी प्रगति का संयुक्त शासन सचिव ने लिया जायजा

## नवाचार और क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा विभागीय योजनाओं एवं नवाचारों की प्रगति तथा फील्ड स्तर पर क्रियान्वयन का अवलोकन एवं समीक्षा करने हेतु संयुक्त शासन सचिव, प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, मुन्नी मीना जिले के दो दिवसीय दौरे पर रहीं। दौरे के दूसरे दिन एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता के साथ उन्होंने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शहर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त शासन सचिव द्वारा विद्यालय को पीएम श्री योजना अंतर्गत प्राप्त भौतिक संसाधनों की समीक्षा की गई तथा उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। विद्यालय परिसर में किए गए वृक्षारोपण एवं स्वच्छता व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु विद्यालय प्रधान एवं स्टाफ को निर्देशित किया गया।

विद्यालय निरीक्षण के पश्चात समग्र शिक्षा कार्यालय के सभागार में संयुक्त शासन सचिव, मुन्नी मीना की अध्यक्षता एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा की उपस्थिति में जिले के समस्त शिक्षा अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी नवीन



सत्र में नामांकन लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिला, ब्लॉक एवं पीईईओ स्तर पर विशेष कार्ययोजना तैयार कर हाउसहोल्ड सर्वे के माध्यम से शत-प्रतिशत ड्रॉप आउट एवं अनामांकित बच्चों का निकटतम राजकीय विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को डीबीटी माध्यम से निशुल्क यूनिफॉर्म एवं ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना की राशि समय पर प्रदान करने, समग्र शिक्षा के तहत चल रहे सिविल कार्यों की प्रगति, विद्यालयों में एसएमसी/एसडीएमसी बैठकों के आयोजन, कंप्यूटर लैब संचालन, विभागीय लंबित पेंशन, न्यायिक एवं जांच प्रकरणों के निस्तारण, राजस्थान संपर्क पोर्टल पर परिवाद समाधान, विभागीय नवाचारों एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

संयुक्त शासन सचिव ने समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए तथा विभागीय कार्यों में आ रही भौतिक, मानव एवं वित्तीय संसाधनों संबंधी समस्याओं के उच्च स्तर पर समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीणा , कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीणा सहित जिले के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय रत्नत्रयी दीक्षा महोत्सव 1 से 3 मई तक



कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा के टोडा रोड स्थित श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ की ओर से दादाबाड़ी में तीन दिवसीय भव्य भगवती रत्नत्रयी दीक्षा महोत्सव 1 से 3 मई तक कुशल संयम नगरी में आयोजित होनें वालें कार्यक्रम के तहत दादाबाड़ी में ओसवाल समाज की और से दिक्षार्थी कुमारी संजना व कुमारी अंजली की छोल भराई का कार्यक्रम डॉ. साध्वी लक्ष्यपूर्णा श्रीजी महाराज साहब की निश्रा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक पदम सिंह चौधरी ने बताया कि मुमुक्षु कुमारी संजना एवं मुमुक्षु कुमारी अंजली का दीक्षा महोत्सव आचार्य मंज्जिनपूर्णानंद सागर सुरीश्वर महाराज एवं डॉक्टर साध्वी लक्ष्यपूर्णा श्रीजी महाराज साहब की निश्रा में आयोजित किया जाएगा । जिसमें 1 मई गुरुवार प्रात: गुरु भगवंतो का मंगल प्रवेश एवं डोरा बंधन, 10बजें श्री शक्रस्तव महाअभिषेक दोपहर में उपकरणों की छांव भरवाने की उमंग ,केसर छाटना , कपड़े रंगना तथा 3 बजे हल्दी, मेहंदी एवं सांझी तथा सांयकाल 7 बजे भक्ति एवं नाटिका का आयोजन किया जाएगा । 2 मई को प्रात: 6 बजे प्रभातिया ,साढें 8 बजें व्यास सर्किल से वर्षीदान वरघोड़ा, दोपहर 2 बजे दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा, 3 बजें संयम स्पर्शना तथा सांयकाल 5 बजे मुमुक्षु बहनों का संसार त्याग से पूर्व अंतिम वायणा, 7 बजे बिंदोरी, रात्रि 8 बजे से मुबई के दिवांगी शाह एंड पार्टी द्वारा संसार का त्याग नाटिका एवं संयम की आज विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा । तथा 3 ई को प्रात: 4 बजे पाट मुहुर्त, 8 बजे मुमुक्षुओं का मंडप प्रवेश व पंचम पद प्रस्थान की प्रवज्या विधि प्रारंभ की जाएगी। समस्त कार्यक्रम विधिकारक आशीष गुरूजी शंखेश्वर व संगीतकार विनीत गोयल व कोमल गोलेछा फलोदी द्वारा सम्पन्न कराए जाएगें।

# बाल विवाह समाज के लिए एक गंभीर समस्या

## बाल विवाह की रोकथाम हेतु रवाना किया जागरूकता रथ

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमाण के तहत बाल विवाह की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता रथ को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अय्यूब खान व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दिनेशकुमार जलथुरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था प्रभारी अनिता शर्मा ने बताया कि इस रथ के माध्यम से संस्था के कार्यकर्ता गांवों में जाकर बाल विवाह के दुष्परिणामों, बच्चों के अधिकारों व इसके कानून के पहलुओं के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अय्यूब खान ने कहा कि

बाल विवाह समाज के लिए एक गंभीर समस्या है, जो बच्चों के भविष्य को अंधकारमय करता है। हमें इसे जड़ से उखाड़ने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव




दिनेशकुमार जलथुरिया ने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों की सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी रुकावट डालता है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर बाल विवाह के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाएगा और लोगों को बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी देगा। रथ के माध्यम से बैनर, पोस्टर और सार्वजनिक संदेशों के माध्यम से लोगों को इसके खिलाफ जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार, विमल कुमार, हनुमान मीणा व किरण शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी, एडीआर के कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता व कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जल पखवाड़ा के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**राहोली।** 16 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक मनाए जा रहे जल पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत राहोली पंचायत के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली व राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढ़ाणी मालियान में जल संरक्षण, जल जागरूकता विषय पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि जल पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य जल संचयन के प्रति जागरूकता लाने,जल संग्रहण के लिए कार्य योजना तैयार करना,जल संग्रहण ढांचों का निर्माण करना है। कार्यक्रम प्रभारी पूजा पाटीदार ने बताया कि जल पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए है जिनमें जल संरक्षण, जल जागरूकता विषय पर पोस्टर,भाषण व लघु नाटक प्रस्तुत कर बच्चों ने जल बचाने व इसको सही उपयोग में लाने का सन्देश दिया।

# ठेकेदारो की मनमानी से आम जन परेशानी में शहरी क्षेत्र की सड़को को गड्डो में किया तब्दील

## पार्षद ने शीघ्र समाधान करने की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहरी क्षेत्र में नेट व गैस पाइप लाइन के ठेकेदार द्वारा सड़को को खोद कर गड्डो में तब्दील कर आम शहरी जन को परेशानी में डालने का काम किया है।

मालपुरा शहरी क्षैत्र में इन दिनो एक ठेकेदार द्वारा गैस व नेट की लाइन डालने के लिए सड़को को खोद दिया गया है। जिससे दिन भर आवागमन बाधित रहता है। इस बाबत नगरपालिका पार्षद नेहा दिनेश विजय ने स्थानीय प्रशासन सहित अन्य अधिकारियो को पत्र लिख कर समस्या से अवगत कराया है। पत्र में सड़क किनारे खुदाई कार्य के चलते सड़के गड्डो में तब्दील हो चुकी है। इन क्षतिग्रस्त सड़को पर आने जाने वाले पैदल राहगीरो सहित वाहन चालको को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विजय ने पत्र में अवगत कराया गया अकसर देखा जाता है कि शहरी क्षैत्र में कोई भी काम करने के लिए ठेकेदार द्वारा सड़को तो खोद दी जाती है। लेकिन ठेंकेदार की शर्त में सड़को की मरम्मत कार्य होना लिखा होने के बावजूद ठेकेदार भी अपना कार्य बंद कर सड़को को क्षतिग्रस्त स्थिति में छोड़ दिया जाता है। जिससे आम जन को भारी परेशानी होने के साथ साथ आवागमन भी बाधित होता है। विजय ने प्रशासनिक अधिकारियो से शहरी क्षेत्र की इस समस्या की ओर ध्यान देकर आम जन को राहत देने के लिए गैस व नेट की लाइनो को डालने का काम करने वाले ठेकेदार अथवा कार्यकारी एजेन्सी से क्षतिग्रस्त व गड्डो में तब्दील हो चुकी शहरी क्षेत्र की मुख्य सड़को का शीध्र मरम्मत कार्य करवाया जाकर आम जन को राहत प्रदान की जावे।

## अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर ट्राली किए जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त किए हैं। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान अवैध बजरी से दो ट्रैक्टर ट्रॉली दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया है। चालक व मालिक के विरुद्ध में एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भाजपा की सरकार विपक्ष को कुचलने का काम कर रही है-पूर्व केन्द्रीय मंत्री सिंह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हनुमान सर्किल स्थित होटल अनंता में आयोजित की गई। जिला प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि बैठक में 28 अप्रैल को जयपुर में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि ।प्ब्ब् महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार विपक्ष को कुचलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने के लिए केंद्र सरकार के विरुद्ध पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षाए महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ घर.घर जाकर कांग्रेस आम जन को जागरूक करेगी। मोदी सरकार द्वेष की भावना से प्रेरित होकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है। देश के लोग कांग्रेस पार्टी की तरफ देख रहे हैं कांग्रेस पार्टी ने देश को आजादी दिलाईए संविधान बनायाए हम सब की उस बलिदान की रक्षा करने की हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है ।उन्होंने कहा कि आतंकवाद का सफाया करने का दम भरने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बातें तो बड़ी.बड़ी करती है लेकिन इनके राज में आतंकवादी आकर हमारे देश में नागरिकों की नृशंस हत्या कर आसानी से निकल जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों की नाक के नीचे मौत का यह तांडव असहनीय है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आतंकवादियों के हमले के बाद बिहार चुनाव में व्यस्त हैए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए।



## कृष्ण का उपदेश देने वाली भाजपा खुद शकुनी जैसे चाले चलती है

नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली ने कहा की कृष्ण का उपदेश देने वाली भाजपा खुद शकुनी जैसे चाले चलती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ अभियान के तहत पूरे देश भर में रैलियां आयोजित की जा रही है। सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी मुद्दों में आग लगाते हैं और आरएसएस के लोग उसमें घी डालने का काम करते हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा ने कहा की पूरे देश में भाजपा के विरुद्ध निकाली जा रही रैलियों का उद्देश्य सामाजिकए राजनीतिक और आर्थिक न्याय का संदेश देना है। भाजपा द्वारा मनमाने तरीके से कांग्रेस नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध के रूप में की गई कार्यवाही को लेकर 28 अपैल को जयपुर के रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे की संविधान बचाओ रैली में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इससे पूर्व पहलगाम में आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मिटिंग में मुख्य रूप से पीसीसी उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी रमेश खंडेलवाल, पीसीसी महासचिव एवं अलवर संगठन प्रभारी फूल सिंह ओला, पूर्व मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत, विधायक ललित यादव ,विधायक दीपचंद खैरिया,विधायक ,कान्ति मीणा, विधायक मांगेलाल मीना ,पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, श्रीमती सफिया जुबेर , संदीप यादव ,विधायक प्रत्याशी इमरान खान ,संजय यादव जीए पीसीसी आब्जर्वर देव कसाना,भीम पटेल, प्रद्युम्न सिंह,शारदा साद, प्रवीण व्यास,सुरेश पूंछरी, चैयरमैन चौथमल सैनी, प्रधान नसरू खान, जाकिर हुसैन, रोहिताश चौधरी, अनिल जैन, रामबहादुर सिंह तंवर, बलराम यादव, गफूर खान, बृजेंद्र चौहान,राजेन्द्र पॉल शर्मा, रिपू दमन गुप्ता, श्वेता सैनी, डॉ.आर सी यादव,पप्पू प्रधान, गिरीश डाटा, हिरेन्द्र शर्मा, जीत कौर सांगवान, जे डी आर्यन,जफरु खान, नरेंद्र मीणाए इम्तियाज़, डॉ चंद्रभान गुर्जर, अनवर साजिद खान, बिजेंद्र सिंह, प्रकाश गंगावत, पुष्पेन्द्र धावाई, दीपेंद्र सैनी, जमशेद खान,पंकज शर्मा,सूरजमल करदम, उमरदीन खान, रामप्रकाश शर्मा मनीष कोली,सहित अन्य कॉग्रेसी जन मौजूद रहे।

# संविधान बचाओ रैली में जिले की रहेगी बड़ी भागीदारी-रावत

## राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली को



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए अलवर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद और केन्द्रीय मंत्री भंवर जीतेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अतिविशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की 28 अप्रैल 2025 को आ रहे हैं जयपुर।

इस मौके पर बोलते हुए राजस्थान की शेरनी व आयरन लेडी पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि हमें जो भी निर्देश मिलेंगे उनकी पालना निश्चित रूप से की जाएगी। रही बात 28अप्रेल 2025की संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने की अलवर जिला पीछे नहीं रहेगा।बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष पूर्व प्रधान योगेश मिश्रा,पीसीसी उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी रमेश खंडेलवाल,पीसीसी महासचिव एवं अलवर संगठन प्रभारी फूल सिंह ओला,विधानसभाओं में नियुक्त पीसीसी समन्वयक, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, मुण्डावर विधायक ललित यादव, पूर्व विधायक दीपचंद खैरिया,थानागाजी विधायक कान्ति मीणा, पूर्व विधायक मांगेलाल मीना, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत,जोहरी लाल मीणा,साफिया जुबेर खान, संदीप यादव, विधायक प्रत्याशी रहे इमरान खान,संजय यादव,अजय अग्रवाल, पूर्व सांसद व वरिष्ठ कांग्रेसजन, पीसीसी के पदाधिकारी एवं सदस्य,डीसीसी प्रभारी, डीसीसी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रधान,पूर्व प्रधान, नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के चेयरमैन एवं पूर्व चेयरमैन, जिला पार्षद, नगर निगम पार्षद, पंचायत समिति सदस्य,कांग्रेस विचारधारा के सरपंचों सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता काफ़ी संख्या में मौजूद रहे ।

# श्याम प्रेमियों ने कैंडल मार्च निकलकर मृतकों को दी श्रृद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत के बाद आक्रोश देखा जा रहा है। शनिवार की शाम को अलवर के सभी श्याम प्रेमियों ने कैंडल मार्च निकालकर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। सभी श्याम प्रेमियों के द्वारा नंगली सर्किल से कैंडल मार्च की शुरूआत की गई। कैंडल मार्च नंगली सर्किल से होता हुआ कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक तक निकाला गया। कैंडल मार्च में सभी भक्तों ने हाथ में मोमबत्ती लेकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और हमले की निंदा की है। वही अलवर शहर के सभी मंडलों से जुड़े श्याम प्रेमियों ने कड़े शब्दों में निदा करते हुए भारत सरकार से मांग की कि इस कुकृत्य को अंजाम देने वाले और इसके पीछे जिसका भी हाथ हैए उन सभी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें ताकि ऐसा कुकृत्य करने से पहले सौ बार सोचे । यह घटना मानवता के खिलाफ हैण् इस घटना ने देश.समाज सबके दिलों को गहराई तक आहत किया हैण् वही जितेंद्र सेतिया ने बताया कि यह कैंडल मार्च शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गयाए जिसमें सभी भक्तों ने श्शहीदों को नमनश् और श्भारत माता की जयश् जैसे नारे लगाए। मार्च में शामिल लोगों ने कहाए श्यह हमला न सिर्फ जम्मू.कश्मीरए बल्कि पूरे देश की आत्मा पर हमला है। हम इसके खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।श्यह मार्च उन पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताने का एक प्रयास हैए जो इस निर्मम हमले का शिकार हुए। लोगों ने भारत सरकार और सुरक्षा बलों पर भरोसा जताते हुए कहा कि पूरा देश आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट है। इस अवसर पर अलवर शहर के सभी मंडलों के सदस्य उपस्थित रहे।

## सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर 27 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सिक्किम के राज्यपाल श्री ओमप्रकाश माथुर 27 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रमानुसार राज्यपाल श्री माथुर 27 अप्रैल को प्रात: 9.15 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान कर अलवर में 11:30 बजे पहुंचकर स्वामी विवेकानंद स्मारक में स्वामी विवेकानन्द ई-गुरूकुल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे एवं इसके पश्चात प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# वर्चुअल लैब्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को राजकीय महाविद्यालय व आई आई टी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में वर्चुअल लैब्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ के एल मीना ने की। इस मौके पर उन्होंने विज्ञान विषय की शिक्षा तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वर्चुअल लैब्स का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वरिष्ठ प्रशिक्षक शनि कुमार ने विद्यार्थियों को वर्चुअल लैब्स के महत्व एवं विभिन्न लैब्स पर प्रयोग कैसे करे की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में उबेद मुस्ताक नजर ने विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के प्रयोगों का प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी संयोजक डॉ अशोक कुमार काकोडिया ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक आचार्य डॉ अंशु महलावत ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# भिवाडी पुलिस की बड़ी कामयाबी

## अज्ञात मृतका की शिनाख्त कर ब्लाईण्ड मर्डर का किया खुलासा

## हत्या का आरोपी प्रेमचन्द उर्फ कालू उर्फ अशोक को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भिवाडी (मुकेश शर्मा)।** दिनांक 19.04.2025 को मन लोकेश कुमार थानाधिकारी उनि को जरिये टेलिफोन सूचना मिली की मिलकपुरी पुलिया के पास एक महिला की लाश पडी हुई है । जिस पर मन थानाधिकारी मय जाप्ता के मौके पर पहुचा जहा एक महिला मृत अवस्था मे पडी हुई मिली जिसके गले पर किसी धारदार हथियार से हमला कर मृत्यु कारित की है। मृतका के शव को तिजारा मोर्चरी मे रखवाया गया व मृतका के फुटेज लिये जाकर इस्तहार पीसीआर भिवाडीको भेज गये, समाचार पत्रो मे भी मृतका की पहचान हेतु इस्तयार निकाले गये आदि पर प्रकरण संख्या 118 / 25 धारा 103(1),238(्) ठछै मे दर्ज किया गया। मृतका की पहचान ज्योति पत्नी मनोज उम्र 32 साल जाति प्रजापत निवासी तिजारा थाना तिजारा होना पाया गया। जिनके परिजनो की लाश अंतिम संस्कार हेतु सुपुर्द की गई व मुलजिम की तलाश हेतु सर्किल स्तर पर टीम का गठन किया गया व सदिग्ध मोबाईल नम्बरो की साईबर सैल भिवाडी से सीडीआर प्राप्त की गई व सीसीटीवी फुटेज, संदिग्ध व्यक्तियो से पुछताछ की गई। सीडीआर का गहन अनुसंधान कर संदिग्ध मोबाईल नम्बर धारक के निवासछपेडाथानानुहंसदर जिला नुहं मेवात हरियाणा के गठित टीम द्वारादबिश देकर दस्तयाब किया गया जिससे गहन अनुसंधान किया गया तो आरोपी ने मृतका ज्योति की हत्या कारित करना स्वीकार किया। आरोपी प्रेमचन्द उर्फ कालु उर्फ अशोक पुत्र श्री प्रेमराज जाति जाट उम्र 35 साल निवासी छपेडा थाना नुह सदर जिला नुह मेवात को गिरफ्तार



# आतंकवादियों ने धर्म के नाम पर की हत्या-डॉ आर. सी. यादव

## रोटी बैंक द्वारा पहलगाम में 28 पर्यटकों की हत्या पर जताया रोष



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित रोटी बैंक द्वारा 22अप्रेल 2025को जम्मू कश्मीर के पहलगाँव में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर की गई निर्मम हत्या के विरोध में रोटी बैंक ने रोष व्यक्त किया है।रोटी बैंक संचालक डॉ आर. सी. यादव ने हरसौरा रोड़ स्थित भारत रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें दिवंगत आत्माओं को 2मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गईं। जहाँ सर्वसमाज के लोगों ने इसकी निन्दा की। डॉ आर. सी. यादव ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर कायर्ता पूर्ण तरीके से किए गए नरसंहार के विरोध में मैं हिन्दू हूँ, पाकिस्तान मुर्दाबाद की तख्तीयां लेकर विरोध प्रदर्शित किया। वहीं शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए भारत सरकार से कायर्तापूर्ण नरसंहार का बदला लेने का आह्वान किया। इसके बाद पाकिस्तान के नक़्शे का पुतला जलाया गया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। कस्बे के हरसौरा चौक स्थित बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने श्रद्धांजलि सभा रखी और 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी।जहां पर सर्व समाज के लोगों ने आतंकवादियों की ओर से धर्म पूछ कर कायरता पूर्ण तरीके से किए गए हिन्दुओं के नरसंहार के विरोध में हाथों में मै हिंदू हूं,पाकिस्तान मुर्दाबाद की तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शित किया।वहीं शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए भारत सरकार से इस कायरता पूर्ण नरसंहार का बदला लेने का आह्वान किया।इससे पूर्व पाकिस्तान के नक्शे का पुतला जलाया गया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

# अलवर जिले के जैन मंदिरों में लगेंगे धार्मिक शिक्षण शिविर

## -जैन पूजा संघ कर रहा है आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** श्री दिगम्बर जैन पूजा संघ (संस्थान)के तत्वावधान में आगामी 23 मई से 3 जून तक अलवर जिले के विभिन्न जैन मंदिरों में धार्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र जैन ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन पूजन संघ इस वर्ष अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में ये आयोजन कर रहा है जिसमें श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में धर्म,संस्कृति के ज्ञान व संस्कारों के बीजारोपण हेतु यह श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ये शिविर विद्वान विक्रम शास्त्री के निर्देशन में अलवर शहर के 11 जैन मंदिरों व जिले के रामगढ़, नौगांवा, बड़ौदामेव, खेड़ली,कठूमर,तिजारा सहित जिले के समीप हरियाणा के फिरोजपुर सहित अलवर जिले के गोविन्दगढ़ के समीप सीकरी स्थित जैन मंदिरों में आयोजित किये जायेंगे। शिविरों की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं और शिविरों में भाग लेने हेतु समाज के बच्चों में भी भारी उत्साह बना हुआ है।

# ग्राम पंचायत गुणसार के रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## जिला कलेक्टर ने गुणसार में किया रात्रि विश्राम

बढ़ता राजस्थान

**भिवाडी (मुकेश शर्मा)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार पंचायत समिति कोटकासिम की ग्राम पंचायत गुणसार, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुणसार में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखी गई तथा समस्याओं का मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान कुल 18 परिवाद दर्ज किए गए।

इस दौरान जीवन मिशन का कार्य करवाने बाबत, पट्टे, दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनवाने, विवादित भूमि, रास्ते पर अवैध अतिक्रमण हटाने बाबत, सड़क बनवाने, पानी, बिजली के संबंध में सहित कुल 18 प्रकरण रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिसमें प्रकरणों के समाधान हेतु मौके पर अधिकारीयों को निर्देश प्रदान किए।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने ग्राम वासियों को गांव का पानी गांव में तथा खेत का पानी खेत में रखने एंव जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को पानी की विकराल समस्या से बचने के लिए वर्तमान में सभी ग्रामीणों से घर-घर जल संरक्षण करने साथ ही बरसात के पानी को संरक्षित करने की अपील की। जिले में मुख्य पानी स्त्रोत भूमिगत जल है जो कि निश्चित है अत: इसका उपयोग हमें बिना व्यर्थ किए करना है ताकि आगे की पीढ़ी को पानी की समस्या से जूझना ना पड़े। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रही पीएम सूर्य घर योजना तथा जल शक्ति अभियान के बारे में ग्रामीणों को बात कर जागरूक किया तथा खेतों में डीएपी की जगह यूरिया और एसएसपी के मिश्रण का उपयोग करने के फायदे गिनाये। रात्रि चौपाल के पश्चात जिला कलेक्टर ने रात्रि विश्राम गुणसार के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया। जहाँ उन्होंने ग्रामीणों के साथ भोजन कर उनकी समस्याओं एवं उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्य के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को अधिकतम जागरूक करें ताकि सरकार की मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दिशा में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें।



# तेज अंधड़ ने मचाई तबाही,पेड़ एंव पोल हुए धराशाही

# महावीरपुरा में आगजनी के भेट चढ़ गई बकरिया





बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** शनिवार दोपहर बाद एकाएक मौसम का मिजाज बदला। बादल छाने के साथ ही तेज अंधड़ शुरू हो गया। आधे घंटे के तेज अंधड़ ने नैनवां उपखण्ड क्षेत्र में तबाही मचा दी। डिस्कॉम विभाग से जुड़े कई फीडरो के पोल धराशाही हो गये। डिस्कॉम विभाग के सहायक अभियंता गोविंद ने बताया कि नैनवां उपखण्ड क्षेत्र में तेज अंधड़ से 35 पोल धराशाही हो गये है। कई फीडरो के तार टूट गये है। विधुत विभाग के कार्मिको को फीडर को सुचारू करने के लिए कार्य पर लगा दिया है। ऐसे फीडर जहां केवल कुछ तार टूटने से विधुत आपूर्ति बाधित हुई है ऐसे फीडरो की विधुत सप्लाई शुरू की जा रही है। ऐसे फीडर जिनके पोल टूट गये है। वहां लाईन को दूरस्त किया जाने का कार्य पूर्ण होने के बाद ही विधुत आपूर्ति बहाल की जायेगी।

**उड़ गये टीन शेड-** बाछोला पंचायत एंव आस पास के ग्रांमीणो को तेज अंधड़ से काफी नुकशान हो गया। बाबूलाल मीणा, भवानी शंकर बारेठ, रमेश बैरवा के मकान में लगे हुए टीनशेड़ नीचे गिर गये जिससे काफी नुकशान हो गया। कई जगह पर पेड़ गिर गये।

**शोर्ट सर्किट से हुई आगजनी-** तेज अंधड़ के चलते नैनवां उपखण्ड क्षेत्र के महावीरपुरा गांव में शोर्ट सर्किट के चलते भूसा में आग लग गई। सुचना पर नैनवां से दमकल गाड़ी मौके पर पहुॅची। जिन्होने ग्रांमीणो की मदद से आग पर काबू पाया गया। मौके पर पुलिस भी पहुॅच गई थी। ग्रांमीणो ने बताया कि श्योराम दरोगा के छप्पर में भरे हुए भूसे में आग लग जाने से भूसा जल गया इसके अलावा स्कूटी जल गई। पास में ही छीतर का मकान होने से उसके यहां भी एक बकरी जिंदा जल गई तथा दो बकरिया झुलस गई। इसके अलावा डेलपुरा, रजलावता 132 ग्रेंड के पास एंव जरखोदा,देई में भी तेज अंधड़ के चलते आगजनी की घटनाएं सामने आई है।



# लघु उद्योग भारती ने मनाया 32वां स्थापना दिवस, पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लघु उद्योग भारती, कोटा की समस्त इकाई द्वारा संगठन के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर सादगी से स्नेह मिलन समारोह का आयोजन पुष्पार्थ भवन, गोबरिया बावड़ी सर्किल, कोटा में किया गया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद देशवासियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

रानपुर इकाई अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि पहलगाम की दुखद घटना को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में प्रस्तावित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन स्थगित कर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर कोटा मुख्य इकाई सचिव संदीप जांगिड़ ने वीर रस की कविता का सस्वर पाठ किया, जिसमें उन्होंने भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और पहलगाम आतंकी हमले पर अपनी कविता के माध्यम से रोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में यूपीएससी में एआईआर 220 लाने वाली कोटा की बेटी आईएएस अनुश्री सेचान का विशेष सम्मान किया गया। राजस्थान प्रदेश कार्यमंत्री श्वेता जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण पर प्रेरणादायक संबोधन भी दिया।

उन्होंने पंच प्रण विषय पर विस्तार से व्याख्यान देते हुए वसुधैव कुटुम्बकम, सामाजिक समरसता, मातृभाषा और स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय कर सलाहकार गोविंदराम मित्तल ने दिल्ली में हुए प्रथम अधिवेशन की स्मृतियों को साझा करते हुए लघु उद्योग भारती की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और एमएसएमई नीतिगत सुधार विषय पर विचार साझा किए। प्रांत अध्यक्ष पवन गोयल ने संगठन विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किए।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल ने संगठन के महत्व और उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि लघु उद्योग भारती स्वयं सिद्धा जैसे विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने लघु उद्योग भारती की स्थापना विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन उत्पाद समूह बनाकर सरकार को सुझाव देने का कार्य करती है। वर्तमान में संगठन की 550 जिला इकाइयों के माध्यम से 55 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य, जिनमें 5 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हैं, कार्यरत हैं।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण कोटा इकाई अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने दिया तथा मंच संचालन पूर्व सचिव आशुतोष जैन ने किया। कार्यक्रम के समापन पर रानपुर इकाई सचिव नभ शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल, वरिष्ठ सदस्य गोविंदराम मित्तल, अखिल भारतीय सह-कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता, पवन गोयल चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष, यशपाल भाटिया, विपिन सूद, अंचल पोद्दार, मनोज राठी, आशुतोष जैन, संयुक्त आयुक्त राज्य कर अनुपम शर्मा ,एम के शर्मा वरिष्ठ उप महाप्रबंधक रीको कोटा,आर एम रीको रानपुर संजीव सक्सेना,मनोज शर्मा, कोटा मुख्य इकाई अध्यक्ष नितिन अग्रवाल, सचिव संदीप जांगिड़, कोषाध्यक्ष सीए संदीप बाकलीवाल, रानपुर इकाई अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव नभ शर्मा, कोषाध्यक्ष पूरण गुप्ता, उत्तर इकाई अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव सारांश खंडेलवाल, कीर्ति जैन,महिला इकाई अध्यक्ष शशि मित्तल, चांदनी पोद्दार, नरेश दीक्षित सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पहलगाम नरसंहार के विरोध में ज्योतिबा फुले तिराहे पर हिमालय परिवार एवं सर्व ओबीसी समाज महापंचायत द्वारा पुतला दहन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** कश्मीर के पहलगाम में 27 हिंदू पर्यटकों के हुए नरसंहार के विरोध में हिमालय परिवार, उदयपुर एवं सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ने माली कॉलोनी स्थित ज्योतिबा फुले तिराहे पर विशाल प्रदर्शन किया। हिमालय परिवार के प्रदेश मंत्री अरविंद जारोली, प्रदेश उपाध्यक्ष रमन कुमार सूद, सर्व ओबीसी समाज पंचायत के सस्थापक दिनेश माली ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि पाक प्रायोजित आतंकवाद की इस नवीनतम घटना ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के सभ्य समाज को झकझोर कर रख दिया है। नाम पूछ कर हिंदू पहचान स्थापित होने तथा कलमा ना पढ़ पाने पर गोली मारकर हत्या कर देना अत्यंत बर्बर, जाहिलाना और जंगली कृत्य है जिसने मध्य पूर्व एशिया के सीरिया, इराक में घटित धर्मांध पशुवत् कार्यवाहियों का पुनर्स्मरण करवा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की युगों युगों पुरानी सभ्यता में ऐसी वहशी घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने भारत सरकार से इन आतंकवादी घटनाओं को अपनी सैन्य व विदेश नीति बना कर अंजाम देने वाले आतंकी देश पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाने की मांग की कि वो पुन: ऐसी कायराना कृत्यों को न दोहरा सके। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला बना कर भारत में आतंकवाद के निर्यातक देश पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, जनरल आसिम मुनीर और हाफ़िज़ सईद का पुतला जलाया। कार्यकर्ताओं ने बहुत जोश से नारे लगा कर अपने आक्रोश को प्रतिध्वनित किया।




उपस्थित समाजजनों ने असमय काल कवलित हुए सभी हिंदू पर्यटकों को 2 मिनट का मौन रख कर, मोमबत्तियां जला कर, गायत्री मंत्र उच्चारण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उपस्थित जनसमूह को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मारू, राष्ट्रीय सिख संगत के पूर्व सचिव वीरेंद्र सिंह अरोड़ा, धारावती सुवालका, पटेल समाज के उपाध्यक्ष पी एस पटेल, बी डी कुमावत, लायंस क्लब के अध्यक्ष दिनेश कुमार माली, स्वदेशी जागरण मंच के महानगर संयोजक रमेश पुरोहित ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती मनिबेण पटेल ने किया एवं धन्यवाद दिवाकर माली ज्ञापित किया।

# हत्या के प्रयास के मामले में दो माह से फरार मुख्य आरोपी को सदर पुलिस ने धर-दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** पुलिस थाना ब्यावर सदर ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी करीब दो माह से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस अधीक्षक ब्यावर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा वृताधिकारी वृत ब्यावर के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी थाना ब्यावर सदर मय टीम द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। लगातार आसूचना संकलन एवं तकनीकी डाटा विश्लेषण के माध्यम से आरोपी का सुराग लगाया गया और गहनता से पूछताछ करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घटना गत 22 फरवरी 2025 को प्रार्थी देवेन्द्र रेगर निवासी सरगांव ने थाना ब्यावर सदर में मामला दर्ज करवाया था कि आरोपीगण ने सरमालिया चौराहे पर बुलाकर डांस की बात को लेकर विवाद कर लिया और देखते ही रितेश गोरा ने जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल विशेष टीम का गठन किया था। टीम द्वारा पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को भी निरुद्ध किया गया था। मुख्य आरोपी रितेश गोरा पुत्र शंकरलाल जाट निवासी ग्राम देलवाड़ा, थाना ब्यावर सदर को पूछताछ में स्वीकारोक्ति के आधार पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने खुलासा किया कि शादी समारोह के दौरान विवाद के चलते उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# ट्रांसपोर्ट नगर कोटा में ट्रांसपोर्ट कंपनियों की वार्षिक आम सभा आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** ट्रांसपोर्ट कंपनीज़ एसोसिएशन, कोटा द्वारा एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा का आयोजन 27 अप्रैल 2025 (रविवार) को प्रात: 10 बजे किया जाएगा। यह सभा पोरवाल भवन,सुभाष नगर कोटा में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेवाल ने बताया कि इस आम सभा का मुख्य उद्देश्य वर्ष भर की गतिविधियों की समीक्षा करना, आगामी योजनाओं पर चर्चा करना तथा सदस्यों से सुझाव प्राप्त करना है। सचिव प्रमोद गर्ग ने बताया कि आमसभा में संगठन की मजबूती और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु विचार-विमर्श किया जाएगा।

# धूमधाम से निकली सेन जी महाराज की शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( नि.स. )।** मध्यकाल में सामाजिक पुनरुत्थान के पुरोधा, सत्य अहिंसा, सद्भावना और प्रेम के प्रतीक महान समाज सुधारक संत शिरोमणि सैन महाराज की 725वीं जन्मोत्सव पर केशोरायपाटन सेन नवयुवक मंडल के तत्वाधान में सेन समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। प्रात: काल मुरलीधर महाराज, सेन जी महाराज एवं नारायणी माता का दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई सेन नवयुवक मंडल के द्वारा समाज के समाज बंधु जिन्होंने राजकीय सेवा से सेवानिवृत्ति प्राप्त की है,नए राजकीय सेवा में प्रवेश करनेवाले,बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले एवं समाज सेवीयो का ऊपरना पहना कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इसके पश्चात शोभा यात्रा का आयोजन केशवराय मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर केशवराय पाटन के मुख्य बाजारों से निकलता हुआ मुरलीधर जी महाराज के मंदिर पर महाआरती से समाप्त हुआ। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया । इसके पश्चात सभी समाज बंधुओ ने मंदिर प्रांगण में भोजन प्रसादी ग्रहण की। सेन मंदिर समिति के अध्यक्ष पवन कुमार सेन के द्वारा बताया गया का इस प्रकार के आयोजनों से सभी समाज बंधु एकजुट होकर एक जगह एकत्रित होते हैं जिससे समाज में एकता का संदेश जाता है।नवयुवक मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार सेन के द्वारा सभी समाज बंधुओ का धन्यवाद अर्पण किया।




# चींटी से लेकर हाथी तक भोजन पानी देना हमारी संस्कृति- दिलावर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भीषण गर्मियों में पक्षियों को जीवन दाहिनी राहत देने के लिए जल के परिंदे और दाना चुग्गा की व्यवस्था की मुहिम चलाई जा रही है। मंत्री से दिलावर शनिवार को यहां अपने विधानसभा क्षेत्र के कोटा दक्षिण नगर निगम के आरोग्य नगर स्थित पार्क में आयोजित परिंडा बांधो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए दिलावर ने कहा है कि चींटी जैसे नन्हे जीव से लेकर विशाल हाथी तक के भोजन और पानी की चिंता हमारी संस्कृति की यही विशेषता है। सनातन यानी सबकी चिंता करने वाली संस्कृति।, केवल पानी की उपलब्धता कर कर हम संघ के जीवन की प्राणों की रक्षा कर सकते हैं यही सनातन और मानव कल्याण के लिए सद्गति का सबसे बड़ा उदाहरण है। भाजपा नेता आई एस राणा ने बताया की इस अवसर पर आरोग्य नगर विकास समिति द्वारा 51परिंडे बांधे गए। अभियान की शुरुआत शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने पहला परिंडा बांधकर की तथा उसमें जल भी भरा। इस अवसर पर दिलावर ने स्थानीय लोगो की मांग पर पार्क में एक ट्यूबवेल लगाने की घोषणा भी की। ताकि पौधों के लिए पानी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राकेश उपाध्याय,महामंत्री उम्मीद माथुर, उपाध्यक्ष प्रेम गौतम,कोषाध्यक्ष प्रकाश कुशालानी, शिक्षा विभाग के एडीपीसी रूपेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामचंद्र नगर,भाजपा जिला मंत्री सियाराम वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# सीसोला में आरओ प्लांट बंद होने से उपभोक्ता पेयजल को तरसे



बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह ) ।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के माध्यम से सीसोला पंचायत मुख्यालय पर संचालित आरओ प्लांट बीते पांच-छ: दिनो से बंद पडा होने से ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में पीने के पानी का जुगाड करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है । जानकारी के अनुसार सीसोला पंचायत मुख्यालय पर फ्लोराइड की समस्या को देखते हुए लोगो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार का आरओ प्लांट लगा हुआ है जिसका प्रबंधन एवं प्रशासनिक नियंत्रण पीएचईडी के पास है जो इसका संचालन ठेकेदार के माध्यम से करवाया जाता है लेकिन पांच दिन से ठेकेदार ने जिस स्थानीय कर्मचारी को इस आरओ पर लगा रखा था उसने अज्ञात कारणों से इस आरओ के माध्यम से की जा रही जलपूर्ति बंद कर रखी है जिसकी वजह से आरओ पर पानी भरने आने वाले सभी उपभोक्ताओं को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के समाज सेवी एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश नागर ने बताया कि सीसोला में लगे हेंडपंप एवं ट्यूबवेल्स का पानी पीने लायक नही है जिसकी वजह से यहां पेयजल की सुविधा इस आरओ पर ही निर्भर है नागर ने बताया कि इस आरओ से पानी लेने के लिए करीब सौ से अधिक परिवारो के प्रीपेड़ कार्ड बने हुए है जिस उपभोक्ता को जितनी आवश्यकता होती है अपना कार्ड साथ ले जाता है एवं कार्ड लगाकर पानी ले लेता है। इसके बावजूद लोगो को पेयजल के लिए मोहताज होना पड़ रहा है । नागर ने इस भीषण गर्मी में आ रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन एवं पीएचईडी के अधिकारियो से आरओ से बंद जलापूर्ति को शीघ्र बहाल करवाने की मांग की है।

# लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने किया खेल संकुल का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने शनिवार को बूंदी के खेल संकुल में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए संचालित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। श्री बिरला ने खेल संकुल में कराए जा रहे मल्टीपरपज हॉल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर आमजन को इनका लाभ दिलाएं।उन्होंने इस दौरान खेल संकुल परिसर में अन्?य खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए करवाए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी ली और इनके प्रस्ताव तैयार करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने लोकसभा अध्यक्ष को खेल संकुल में अब तक हुए निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

# विधायक डॉक्टर सुरेश धाकड़ के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** सेवा ही संगठन की भावना को साकार करते हुए, लोकप्रिय विधायक डॉक्टर सुरेश धाकड़ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह की शुरुआत आज दिनांक 26 अप्रैल को एक ट्रैक्टर भूसा एवं चापड़ का दान रावतभाटा गोशाला में कर की गई। इस पुनीत कार्य के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने न केवल गौ सेवा का धर्म निभाया, बल्कि समाज सेवा के संकल्प को और दृढ़ किया। कार्यकर्ताओं ने विधायक सुरेश धाकड़ के स्वास्थ्य , उज्जवल भविष्य एवं लंबी उम्र की कामना के साथ समाज में निरंतर सेवा कार्य करते रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा,प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा, पूर्व चेयरमैन राजकुमार वधवा, भुवनेश नागर, हर्ष जैन, हरीश राठौर, रवि प्रताप सिंह गौड़, रोडू लाल धाकड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष रौनक चौधरी, दौलत गुजर, घनश्याम गुजर, मनोज मेवाड़ा, रवि धाकड़, गजेन्द्र सिंह, मनोज पाटिल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बीजेपी ने महिलाओं के साथ किया कैंडल मार्च का आयोजन

# जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर पीएम से अपील, घर में घुसकर करो हमला

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा की गई कायराना हरकत और सामूहिक नरसंहार के मामले में शुक्रवार की शाम भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा एवं अन्य पदाधिकारी के साथ सर्व हिंदू समाज द्वारा आक्रोश व्यक्त किया है साथ में शहर की अग्रवाल धर्मशाला से प्रमुख मार्गो से होकर कैंडल मार्च निकाला। इस कैंडल मार्च का समापन महात्मा गांधी पार्क में किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की बाड़ी मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे एवं अन्य पदाधिकारी ने पीएम मोदी से मांग की, कि वे पाकिस्तान में घरों में छिपकर बैठे आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाही करे। आतंकियों और उनके आकाओं को उनके घरों में घुसकर मौत के घाट उतारा जाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नाजिया खान, शिप्रा गर्ग एवं मान्य महिलाओं ने




प्रधानमंत्री मोदी से मांग की की अब वक्त आ गया है कि आतंकियों के साथ उनके आका बने पाकिस्तान को भी सबक सिखाया जाए। घाटी में 28 लोगों की की गई निर्मम हत्या व्यर्थ नहीं जानी चाहिए और ऐसा बदला होना चाहिए कि भविष्य में पाकिस्तान और आतंकवादी ऐसी करना हरकत ना कर सके। विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। सर्व हिन्दू समाज का यह कैंडल मार्च जब शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा तो आमजन भी इसमें शामिल हो गए। किला गेट स्थित गांधी पार्क में सभा हुई और देश के प्रधानमंत्री से बदला लेने की मांग की गई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरवन वर्म, युवा समाजसेवी रामकुमार चौधरी, पार्षद अमित मंगल, रविंद्र बंसल, मंथन अग्रवाल सहित भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी और सर्व हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।

# बाइक सवार पति-पत्नी और बच्चे को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## आगरा उपचार के लिए ले जाते समय घायल पति की मौत, पत्नी और बच्चे की हालत नाजुक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड पर कोल्ड के निकट रेलवे क्रॉसिंग रिंग रोड पर शुक्रवार की शाम करीब आठ बजे सड़क हादसा हुआ है। बसेड़ी के खिरोड़ा से कंचनपुर के अतिराजपुरा में आयोजित शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी और बच्चे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। दुर्घटना के बाद घायलों को परिजनों द्वारा बाड़ी से सीधे धौलपुर ले जाया गया। जहां से आगरा रेफर किए जाने पर रास्ते में पति की मौत हो गई। वहीं महिला और उसके बच्चे को भी हायर सेंटर रेफर किया है। जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बसेड़ी के खिरोड़ा गांव निवासी 32 वर्षीय भीमसेन पुत्र नवाब सिंह गुर्जर अपनी पत्नी कोमेश और 2 वर्ष के मासूम बालक गोलू उर्फ पीयूष के साथ शुक्रवार की शाम बाइक से बाड़ी के कंचनपुर थाना क्षेत्र के अतिराजपुरा गांव में किसी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इस



दौरान जैसे ही वह बसेड़ी रोड स्थित कोल्ड से सर्किल रोड होकर कंचनपुर की ओर जाने लगा रेलवे क्रॉसिंग पर पीछे से तेज गति से आये अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुर्घटना में पत्नी और बच्चा तो बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरे। वही भीमसेन बाइक के नीचे फंस गया। जिसके ऊपर से होकर अज्ञात वाहन निकल गया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच जैसे-तैसे घायलों को उठाया और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद तीनों घायलों को सीधे धौलपुर ले जाया गया। धौलपुर से हालत नाजुक होने पर आगरा रेफर किया गया। रास्ते में भीमसेन पुत्र नवाब सिंह गुर्जर की मौत हो गई। जिसके शव को देर रात बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया है। जहां शनिवार को परिजनों की मौजूदगी में कंचनपुर पुलिस ने पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है और शव परिजनों को सौंप दिया। खिरोड़ा गांव निवासी मृतक के दोस्त कन्हैया गुर्जर ने बताया कि भीमसेन खेती बाड़ी का काम करता था। उसके तीन बच्चे हैं। जिनमें घायल गोलू सबसे छोटा है। जिसकी हालत गंभीर है। उसका आगरा निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पत्नी को भी कई जगह फैक्चर हुआ है। उसका उपचार भी जारी है।

**पुलिस कर रही मामले की जांच :** घटना को लेकर कंचनपुर थाने के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल श्यामवीर सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपित अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक के शव का पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। अभी परिजनों ने रिपोर्ट नहीं दी है। रिपोर्ट आने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# माता-पिता बच्चों को भारतीय संस्कृति के ज्ञान के साथ संस्कार प्रदान करें : डॉ सुनील पाराशर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचयात भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान मे कुटुंभ प्रबोधन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाबा सुग्रीव विधापीठ की प्रधानाचार्य डॉ.रंजना तिवारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुर्वेद विभाग की उपनिदेशक डॉ. इंदुबाला शर्मा ने की कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पार्षद रेनू गौरवर रही। कार्यक्रम मे विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ ने भाजपा की जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा का अंगवस्त्र माला तस्वीर भेट कर सम्मान किया। कार्यक्रम भगवान परशुराम के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रजवल्लित




कर प्रारम्भ किया गया उसके उपरांत वेदांता पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रुप मे बोलते हुए विप्र फाउंडेशन भरतपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर ने कुटुंभ प्रबोधन को विस्तार से बताते हुए कहा की घर मे बच्चों को शुरु से अपने भारतीय संस्कार और संस्कृति का ज्ञान उनके माता पिता को करवाना अति आवश्यक है।

घर के छोटे बच्चों से घर के काम करवाए घर के बुजुर्गो के पेर दबबाए जिससे उनके अंतर सेवा भावना जागृत हो आज वृद्धा आश्रमो की संख्या दिन पर दिन बढ़ना इसका एक कारण है। पाश्चात्य संस्कृति के वशिभूत अपने संस्कारो को भूल रहे है। व परिवार मे सामंजय कैसे बैठाना है। इस ओर भी विचार व्यक्त किये। मंचासीन अतिथियों के साथ जी.आई.एम टी कॉलेज के व्यवस्थापक आर.एन.तिवारी, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, वैध गिरीश शर्मा, ग्राहक पंचायत के रितेश शर्मा, अंजना सोनी, अनिता शर्मा, सीमा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम संयोजक भुवनेश्वरि दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेश महामंत्री देवाशीष भारद्वाज ने समस्त मातृ शक्ति से आग्रह किया की विप्र जागरण बाईक रैली मे अपने अपने घरो के सभी युवाओं को अवश्य भेजे। कार्यक्रम मे एड. ऋषिपाल तिवारी, अभिषेक तिवारी, सुखदेव चौधरी, हेमंत उपमन सपना डिगीया,प्रिया, वंदना , साधना, विनीता सिंह , ऋचा शर्मा , , सपना डिगिया, अरुणा सक्सेना, निशा जांगी, सृष्ठी शर्मा आदि उपस्थित रहे!

## सेवा कार्य से शारीरिक कष्ट के साथ मानसिक शांति मिलती है, शिक्षाविद उपमन का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**वैर/ भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** दक्ष सामाजिक संस्थान तथा अन्य सामाजिक संगठनों ने शिक्षा तथा सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए वैभव उपमन का संस्थान द्वारा माला , साफा तथा तथा श्रीमद्भागवत गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया । संस्थान के पदाधिकारी पवन सिंह भगोर ने कहा कि उपमन द्वारा सामाजिक तथा शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे बहुत से कार्य किए है जैसे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को , विधवा महिलाओं को नि:शुल्क शिक्षा देना सामाजिक



रूप से गर्मियों में पक्षियों के लिए परिंडे लगवाना , वृक्षारोपण करना , कोरोना के समय भी निस्वार्थ भाव से सेवा की जिससे समाज में युवाओं को प्रेरणा मिलती है । उपमन ने कार्यक्रम में कहा कि नर सेवा ही नारायण की सेवा के बराबर है सेवा कार्य करने से शारीरिक कष्ट के साथ मानसिक शांति भी मिलती है ।

इसलिए सामान्य जनों को भी जितना हो सके उतना मानव की भलाई से संबंधित कार्य करना चाहिए ।

## चंबल नदी में अवैध बजरी खनन, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्तः पुलिस को देखकर ड्राइवर फरार, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में थाना मनियां पुलिस ने चंबल नदी से अवैध खनन कर ले जाई जा रही बजरी से भरे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी रामनरेश मीना को सूचना मिली कि मोरेधा से जलालपुर की तरफ कुछ ट्रैक्टर अवैध बजरी ले जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मोरेधा-जलालपुर मार्ग पर तीन बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। पुलिस को देखते ही ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर खेतों की तरफ भाग निकले। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन ऊबड़-खाबड़ जमीन की वजह से ड्राइवर फरार हो गए। जांच में पाया गया कि तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली में गीली चंबल रेता भरी हुई थी। साथ ही दो खाली ट्रॉली भी मिलीं। यह बजरी चंबल नदी के घड़ियाल प्रतिबंधित क्षेत्र से अवैध रूप से निकाली गई थी। पुलिस ने सभी वाहनों को जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवरों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तलाश जारी है। आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम और फॉरेस्ट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## धौलपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान नालों पर बने अवैध कब्जे हटाने के लिए की अपील, सुरजीत नगर में हटाया कब्जा




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला प्रशासन और नगर परिषद ने अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया। जिला कलेक्टर और नगर परिषद आयुक्त ने जगन सिनेमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नालों पर बने अवैध अतिक्रमणों को चिह्नित किया। प्रशासन ने दुकानदारों को स्वयं कब्जे हटाने की चेतावनी दी है। वैध दस्तावेज वाले लोगों को नगर परिषद कार्यालय में संपर्क करने को कहा गया है। सुरजीत नगर कॉलोनी में नालों के ऊपर बने अवैध निर्माण और अस्थाई बिजली के पोल हटाए गए। नगर परिषद के अनुसार, नालों पर अतिक्रमण से जल निकासी बाधित हो रही थी। इससे बरसात में जलभराव की समस्या हो सकती थी। कार्रवाई के दौरान किसी भी विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। शहर के लोगों में मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखी गईं। कुछ लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन किया। वहीं, प्रभावित दुकानदारों ने नाराजगी जताई। प्रशासन ने कहा है कि आगे भी अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहेगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के द्वारा जनजाति मंत्री बाबू लाल खराड़ी व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीणा को बाड़ी आगमन पर शिक्षकों का 9 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश महामंत्री डा रनजीत मीणा के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादले जुलाई 2025 से पहले किए जाएं, केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू हो। तृतीय श्रेणी अध्यापकों की डीपीसी जुलाई 2025 से पहले हो । अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी विद्यालयों व एसवीजीएमएस में शिक्षकों को जल्द पदस्थापन दिया जाए। वरिष्ठ व्याख्याता का पद प्रयोजन रहित है जिसे समाप्त किया जाए। उपप्रधानाचार्य के पद को यथावत रखते हुए इसका ग्रेड पे 6000 किया जाए। शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त किया जाए। पी डी हेड की समस्या का समाधान हो जिससे तृतीय श्रेणी शिक्षकों को समय पर वेतन मिल सके। डा मीणा ने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षकों की सबसे बड़ी मांग है तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादले और एक पारदर्शी स्थानांतरण नीति जिसका निर्णय सरकार द्वारा कैबिनेट स्तर से किया जान है इसलिए प्रदेश के जितने भी कैबिनेट मंत्री हैं उनको ज्ञापन देकर हम मांग रख रहे हैं कि सरकार हमारी इन मांगों को पूरा करे। वर्ष 2018 में अंतिम बार तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादले हुए थे अब समय आ गया है कि सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादले करे और पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करे। आरजीएचएस में भी पारदर्शिता लेकर आए जिससे कर्मचारियों को समय पर और चिंता रहित होकर इलाज करा सकें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष टीकम जाट ब्लॉक अध्यक्ष बाड़ी दिलीप खान, बनबारी लाल मीणा शेख जिया उल हक सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।



## युवक द्वारा जाट एवं ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर रोष पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** जिले के सहना गांव में एक युवक द्वारा जाट एवं ब्राह्मण समाज की बेटियों के खिलाफ अभद्र भाषा में टिप्पणी करने तथा सुधार न करके फिर एकत्रित होकर धमकी देने के मामले में पंडित बाबूलाल कटारा जिला अध्यक्ष विप्र महासभा जरीला रुदावल ने पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा को एक पत्र लिखकर अवगत कराया है कि गांव सेहना मैं जो अभद्र टिप्पणी किसी विशेष समुदाय ने जाट समाज और ब्राह्मण समाज पर की है उस पर दोनों समुदायों ने उच्चेन थाना में मुकदमा दर्ज कराया है परंतु अभी पुलिस प्रशासन की ओर से न तो कोई कार्यवाही की गई है और न ही ऐसी कोई गतिविधियां नजर आ रही है कि पुलिस प्रशासन कुछ कर रहा है। बाबू लाल कटारा ने बताया कि पुलिस प्रशासन से कहना चाहता हूं और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को भी पत्र लिखा गया है कि इस प्रकरण में



तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें अन्यथा जल्दी बैठक करके आगे की रणनीति का विचार विमर्श किया जाएगा।

बाबूलाल के अनुसार शासन प्रशासन से कहना चाहता हूं इस मुद्दे को गंभीरता से ले अन्यथा ब्राह्मण समाज और जाट समाज रोड पर उतरेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की रहेगी इस मौके पर जाट समाज और ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे जिसमें पंडित देवकीनंदन शर्मा जिला उपाध्यक्ष, शोभाराम शर्मा, एडवोकेट सुरेंद्र पाराशर जिला उपाध्यक्ष, शंभू पाराशर जिला उपाध्यक्ष,लक्ष्मीकांत मीडिया प्रभारी बेधड़क के पत्रकार हरिओम शर्मा और भारी संख्या में ब्राह्मण एवं जाट समाज के लोग मौजूद रहे।

## निक्षय मित्र द्वारा पोष्टिक किट वितरण, टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के तहत हुआ वितरण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले मे प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले मे भुसावर , नदबई एवं सेवर के कुल 150 मरीजों को अंतर्राष्ट्रीय संस्थान क्युब हाईवे द्वारा पोष्टिक सहायता दी गयी द्य जिसमें भुसावर ब्लॉक के 80 मरीजों को निश्चय पोषण किट का वितरण सीएचसी छोंकरवाड़ा संस्थान पर किया गया जिसमें आसपास के टीबी मरीजों को छोंकरवाड़ा सीएचसी पर ही बुलाया गया था द्य इस वितरण समारोह में राज्य स्तर से संगमित्रा , छोकरवाड़ा से डॉक्टर कमलेश मीणा जी स्त्री रोग विशेषज्ञ, देवेंद्र चौधरी जी नर्सिंग प्रभारी फर्स्ट गेड, सीएचसी छोकरवाड़ा , भुसावर ब्लॉक से देवेंद्र कुमार शर्मा



सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर महेश कुमार लैब सुपरवाइजर, भरतपुर से जिला कार्यक्रम समन्वयक यामिनी अवस्थी जिला क्षय निवारण केंद्र भरतपुर क्यूब फाउंडेशन की तरफ से मिस्टर दीपक कुलश्रेष्ठ इंचार्ज टोल प्लाजा अमोली, वीरू सैनी ष्ह्यह्म डिपार्मेंट टोल प्लाजा उपस्थित रहे ।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से ब्लू प्लस एनिमल हेल्पलाईन प्रकल्प के अंतर्गत विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर कस्बे के राजकीय पशु चिकित्सालय में एनिमल बेलफेयर का सर्वोत्तम कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। शाखा सरंक्षक देवकीनंदन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा की ओर से कस्बे के राजकीय पशु चिकित्सालय में ब्लू प्लस एनिमल हेल्पलाईन प्रकल्प प्रभारी डा. विजय पहाडिया के नेतृत्व में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें निराश्रित गौवंश, पशु पक्षियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले गौशाला संचालक देवेन्द्र पाण्डेय, बबलू कंचनपुरा व जगदीश सैनी को दुपट्टा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाखा की ओर से 51 परिण्डे लगाने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रभारी डा. पहाडिया ने बताया कि हमें पशुधनं सर्वलौकोपारकम अर्थात पशु सेवा ही ईश्वर सेवा के समान है, का सिद्धांत अपनाना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें निराश्रित पशु पक्षियों की निरन्तर देखभाल करनी चाहिए। इस मौके पर शाखा के राजेश गोयल, अमित सिंघल, अंशु मित्तल, निक्कू सोनी, वेदप्रकाश शर्मा, कृष्ण शर्मा, सतीश पाण्डेय, शिवसिंह चौधरी, नैमी मीणा, गीता देवी, संतोष सैनी, आदि मौजूद रहे।

# प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर धार्मिक अनुष्ठानों एवं नवीन ध्वजा चढ़ाने के साथ तीन दिवसीय भव्य धार्मिक मेले का शुभारंभ

## मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम-सीसी टीवी कैमरे एवं स्वयंसेवक तैनात







बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर वैशाख शनिवार के अवसर पर विधि-विधान एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ तीन दिवसीय भव्य धार्मिक मेले का शुभारंभ किया गया।जिसके श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी के तत्वावधान में शुभ मुहूर्त के अंतर्गत मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन एवं न्याय के देवता श्री शनिदेव की महाआरती इत्यादि धार्मिक अनुष्ठानों का विधिवत आयोजन के साथ भव्य तीन दिवसीय धार्मिक मेले का शुभारंभ किया गया।इसके उपरांत श्री शनिमहाराज आली मंदिर शिखर पर विधि - विधान के साथ नवीन ध्वजा चढ़ाई गयी।

जिला चितौड़गढ़ के उपखंड क्षेत्र कपासन में स्थित मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली के दरबार में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक मेले में आसपास के ग्रामीण अंचल सहित समीपवर्ती प्रदेश क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का श्री शनिदेव के दर्शनार्थ आवागमन बढ़ने की संभावनाओं एवं तीव्र गर्मी के मद्देनजर छांया-पानी की माकूल व्यवस्था का प्रबंध किया गया है।जिससे श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों सहित कतारबद्ध श्री शनिदेव के दर्शनों का इंतजार करते भक्तों को गर्मी के प्रकोप से राहत मिल सके।यहां मेला ग्राउंड में 200 से अधिक अस्थाई विभिन्न प्रतिष्ठान लगे है।जहां खरीददारी हेतु सैकड़ों मेलार्थियों की भीड़ लगना शुरू हो गयी है।मेले में आवागमन को सुगम बनाने एवं जाम जैसी स्थिति से निपटने के लिए पार्किंग की सुनियोजित व्यवस्था के प्रयास किये गये है।

उल्लेखनीय है कि श्री शनिमहाराज आली मंदिर के तीन दिवसीय भव्य मेले के तहत मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।जिसके अंतर्गत मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा मेले के मुख्य स्थलों पर सीसी टीवी कैमरों के माध्यम से गतिविधियों पर नजर रखने सहित 30 स्वयंसेवको सहित पुलिस जाप्ता मुस्तैद है।

इधर श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को तीन दिवसीय मेले के शुभारंभ के साथ मंदिर के सभी श्रद्धापात्रों को पूजन प्रक्रिया बाद मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह चौहान, मंत्री छगनलाल गुर्जर आदि पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में खोला गया। शनिवार समाचार लिखे जाने तक उक्त राशि गणना कार्य जारी रहा। इस तीन दिवसीय मेले के प्रथम दिवस शनिवार को मेले के रंगमंच पर आकृति मिश्रा एंड पार्टी नवलगढ़ द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे नृत्यांगना काजल मेहरा, कृष्णा भीलवाड़ा, हास्य कलाकार दिनेश छेला, भजन गायककार भैरूलाल जाट, गायककार भावेश कुमार द्वारा मनमोहक भजन एवं कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसका उपस्थित मेलार्थियों द्वारा धार्मिक भजनों पर झूमते-नाचते देर रात्रि तक लुत्फ उठाया गया। इसी क्रम में रविवार 27 अप्रैल 2025 सुपर स्टार कलाकारा राणी रंगीली एंड पार्टी द्वारा रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। जिसमे नृत्यकारा हंसा रंगीली, राखी रंगीली, डांसर रवीना, मुस्कान, भारती तथा हास्य कलाकार रमेश कुमार द्वारा मेलार्थियों का मनोरंजन किया जायेगा।सोमवार 28 अप्रैल 2025 मेले के रंगमंच पर तुर्रा कलंगी दंगल कार्यक्रम प्रस्तुत होगा। जिसमे आर्गेनाइजर ओंकारदास वैष्णव पंचदेवरा की अगुवाई में उस्मान घोसुंडा, भगवतीलाल चिकारड़ा, दुर्गेश लालपुरा, लादू सेन बरडोद, धीरज बीनोता, सत्तू चिकारड़ा, लोकेश गरदाना द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुति दी जायेगी।

# गर्मी की प्रचण्डता से त्रस्त हजारों भीलवाड़ा वासियों को पिलाई गई शीतल छाछ

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** प्रचण्ड गर्मी से त्रस्त भीलवाड़ावासियों को शीतलता प्रदान करने की भावना से शनिवार को गोलप्याऊ के पास स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की ओर से मंदिर परिसर के बाहर हजारों लोगों को नि:शुल्क शीतल छाछ पिलाई गई। मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज की प्रेरणा से उनके सानिध्य में हनुमानजी महाराज के भक्तों के सहयोग से सुबह 10 बजे से छाछ का वितरण शुरू हुआ। आयोजन की शुरूआत श्री हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर हंसारामजी महाराज एवं महंत बाबूगिरीजी महाराज ने जय श्रीराम एवं संकटमोचन हनुमानजी महाराज के जयकारों की गूंज के बीच राहगीरों को छाछ पिलाकर कर की। क्षेत्र से गुजर रहे हजारों लोगों ने वहां पहुंच शीतल छाछ को पीकर गर्मी से राहत की अनुभूति की। लोगों ने गर्मी से राहत प्रदान करने के प्रयासों के तहत इस तरह की पहल को सराहनीय बताया। छाछ वितरण के लिए सरस डेयरी से पांच हजार लीटर छाछ का टेंकर मंगाया गया था। इसके माध्यम से दस हजार से अधिक लोगों को शीतल छाछ पिलाई गई। हजारों भक्तों को छाछ पिलाने के लिए मंदिर परिसर के बाहर छाया का भी विशेष प्रबंध किया गया था। आयोजन को सफल बनाने ओर लोगों को छाछ पिलाने के कार्य में मंदिर ट्रस्ट के महावीर अग्रवाल, रमेश बंसल, सांवरमल बंसल, गजानंद बजाज, पीयूष डाड, कन्हैयालाल स्वर्णकार, डॉ. उमाशंकर पुरोहित, बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वरलाल ईनाणी, पार्षद ओम पाराशर, पिंकेश पुरी, रेखा परिहार, विक्रम सोनी, राजेश कुदाल, भानुप्रताप सिंह राणावत, दिलीप कोगटा, मुकेश मणियार, हेमन्त पुरी, विमल डागा, गगन जैन, दीपक सिंधी, आशीष पाराशर, रामकिशोर आदि ने सहयोग प्रदान किया। शीतल छाछ का वितरण दोपहर तक होता रहा। गौरतलब है कि श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर महन्त बाबूगिरीजी महाराज की प्रेरणा से सेवा कार्यो में सदा अग्रणी रहा है। हनुमान जयंति, जन्माष्टमी व अन्नकूट जैसे अवसरों पर भव्य विशाल आयोजनों के मानव सेवा के कई कार्य हो रहे है।

# अच्छे संकल्प से मजबूत होता है संगठन : ओम बिड़ला

## राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय अखिल भारतीय अधिवेशन, पहलगांव के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** में 26 अप्रैल शनिवार को राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के दसवां त्रैवार्षिक दो दिवसीय अखिल भारतीय अधिवेशन माहेश्वरी भवन में शुरू हुआ। जिसमे राजस्थान सहित अन्य राज्यो की प्रदेश कार्यकारिणी ने भाग लिया। उदघाटन सत्र से पूर्व कार्यक्रम हेतु झंडारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री राकेश शर्मा ने जाग्रति गीत एवं संगठन मंत्र प्रस्तुत किया। इसके पश्चात उदघाटन सत्र शुरू हुआ। उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिड़ला थे एवं विशिष्ट अतिथि राज्य सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर थे, पूर्व विधायक अशोक डोगरा, कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन डोगरा ने की। अतिथियों का मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर वह दुपट्टा पहन कर स्वागत किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघवाहन सिंह,एम पी सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रीता चौबे उपाध्यक्ष बी एम एस, विजय सिंह धाकड़ प्रदेश संगठन मंत्री, राष्ट्रीय महा मंत्री विष्णु वर्मा, प्रदेश महामंत्री राकेश शर्मा, आदि मंचासीन रहे। उपस्थित अतिथियों ने मां भारती की पूजा की एवं राष्ट्रगीत के साथ सत्र का शुभारंभ किया। प्रदेश अध्यक्ष मेघवाहन सिंह, रमेश जैन, उपाध्यक्ष कजोड़, राकेश शर्मा तथा प्रदेश कार्यकरिणी ओर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद ओजस्वी वाणी में प्रदेशाध्यक्ष मेघवाहन सिंह ने स्वागत उदबोधन प्रस्तुत किया। इसके बाद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जी ई एन सी प्रभारी एम पी सिंह ने दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं 5 यूनिट का परिवार मानते हुए वेतनमान निर्धारित करने की मांग की। ऊर्जा मंत्री हीरा लाल जी नागर ने सम्बोधित करते हए कहा कि राज्य के कल्याण के लिए सरकार द्वारा कार्यकाल में 4 लाख भर्तियों का उद्देश्य है साथ ही ऊर्जा विभाग में कर्मचारी के साथ होने वाली दुर्घटनाओं के बाद दी जाने वाली बीमा राशि मे ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी की गई कर्मचारी की मृत्यु पर 1 करोड़ का प्रावधान किया है तथा गंभीर घायल के लिए 80 लाख का सहयोग का प्रावधान किया है। मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिड़ला ने सम्बोधित करते हुए पहलगावँ में हुई आतंकित घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मोन श्रद्धांजलि दी। उन्हीने कहा निर्दोष लोगों हत्या से बहुत पीड़ा होती है इसके लिए पूरा देश एकजुट है तघ सरकार इसके खिलाफ गंभीर प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ हमेशा राष्ट्रीय सोच के साथ कार्य करता है इसलिए आज यह संगठन अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। आज के युग मे कर्मचारी को तकनीकी का प्रयोग करते हुए प्रत्येक व्यक्ति तक जनकल्याण की योजना को पहचाना चाहिए। कर्मचारी की तकनीकी और कुशलता से ही देश आगे बढ़ेगा। बिड़ला ने कहा कि आज हमारा देश अच्छी सोच और संस्कार के साथ आगे बढ़ रहा है और अच्छे संकल्प संगठन को मजबूती प्रदान करते है। कर्मचारियों को भी इन्नोवेशन के साथ साथ तकनीकी दक्ष भी बनना चाहिए। कार्यक्रम के अंत मे राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन डोगरा एवं जिला अध्यक्ष विकास दीक्षित ने आभार जताया। प्रथम सत्र की समाप्ति के बाद राष्ट्रीय बैठक आयोजित हुए संगठन की प्रगति एवं कर्मचारी समस्यों पर मंथन किया गया।

कार्यक्रम में संगठन की प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुराधा शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रामेश्वर मीना, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, कालू लाल जांगिड़, नूपुर मालव, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, भरत शर्मा, भगवान बिड़ला, सत्यनारायण मबेश्वरी, अधिवेशन सह सयोजक सुदेश गौत्तम, गिरिराज बसवाल, रितेश सोनी,रामप्रताप सिंह, रूपेंद्र खंडेलवाल, दलजीत सिंह, रितेश सनाढ्य, भूपेंद्र सनाढ्य, कपिल जैन, राजेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 'जैन संगिनी भीलवाड़ा स्पार्क द्वारा तपस्वी का स्वागत'

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जैन संगिनी भीलवाड़ा स्पार्क द्वारा वर्षीतप कर रही रीना मेडतवाल के वर्षीतप सम्मान के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में 50 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। जैन संगिनी स्पार्क की अध्यक्षा दीपा सिसोदिया ने सभी क्लब सदस्यों का स्वागत किया तथा वर्षीतप करने वाली तपस्विनी बहिन रीना मेडतवाल के सम्मान में सभी क्लब सदस्यों द्वारा चौबीसी गीत गाए गए। क्लब सचिव रविता जैन ने बताया कि सभी ने तपस्विनी की अनुमोदना करी। कार्यक्रम में सह सचिव सुमन दूगड़, मीरा चंडालिया, जिम्मी जैन, अंजना ओड़िया, श्वेता जैन, सोनिया लोढ़ा, दिव्या बाबेल, मोनिका चौधरी, सोनल नाहर, शिल्पा चौधरी, सुमन दुग्गड, रेणु बाफना, रेशमा बाफना, रेणु चंडालिया, नेहा जैन, नेहा खारिवाल, मोनिका जैन, प्रतीक्षा जैन, नीलम जैन,डिम्पल कोठारी, प्रियंका जैन, कोमल सूत्रिया,आदि उपस्थित थी।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए महिलाओं को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा तेलीखेड़ा गांव में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई, जागरूकता गतिविधि के दौरान महिलाओं को बाल बाल विवाह रोकने के प्रति जागरूक किया गया एवं बाल विवाह के दुष्परिमाण के बेरे में बताया गया, महिलाओं के साथ बाल विवाह रोकथाम के लिए रैली निकाली गई एवं बाल विवाह की शपथ दिलाई गई साथ ही बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने के लिए बताया गया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है।




# विधायक कोठारी ने पीड़ित परिवारजनों को आर्थिक मुआवजा एवं आश्रितों को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर भीलवाड़ा शहर में साइको किलर दीपक द्वारा वीभत्स रूप से की गई संदीप भारद्वाज (45), मोनू टांक (46) और लाल सिंह (55) की हत्याओं के बारे में अवगत कराते हुए पीड़ितों के परिवारों द्वारा विशेष रूप से मुआवजा देने की मांग को लेकर विधायक को अवगत करवाया, जिसपर विधायक द्वारा पत्र लिखा है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, विधायक कोठारी ने पत्र में आग्रह किया है कि आरोपी द्वारा जिन तीन लोगों की हत्याएं की गई है, वह तीनों ही घर में कमाने वाले और घर चलाने वाले व्यक्ति थे, इनकी हत्या हो जाने से अब परिवारों में वित्तीय संकट आ खड़ा हुआ है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने की विकास कार्यों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

# आमजन के दुख-दर्द को स्वयं का समझते हुए संवेदनशीलता से पहुंचाए राहत : लोकसभा अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (नि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी आमजन के दुख-दर्द को स्वयं का दुख-दर्द समझते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को लाभ दें तथा विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करवाकर राहत दें। श्री बिरला ने शनिवार को बूंदी जिले में संचालित विकास कार्यों, केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। लोकसभा अध्यक्ष ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में संचालित विकास कार्यों को समयबद्धता का ध्यान रखते हुए पूर्ण किया जावें, ताकि आमजन को इनका लाभ समय पर मिले। मेगा हाईवे पर बनाए गए पापड़ी ओवर ब्रिज में जो भी तकनीकी कमियां है, उनको शीघ्र दूर कर आमजन के लिए शुरू करवाया जावें। इसमें दुर्घटनाओं की संभावना बिल्कुल नहीं रहे, इसके दृष्टिगत कार्य किया जावें।

उन्होंने निर्देश दिए कि विकास कार्यों के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का संबंधित को नियमानुसार मुआवजा दिलवाया जावें, ताकि निर्माण कार्यों को पूर्ण करने में किसी तरह की परेशानी नहीं आए। विकास कार्यों को शुरू करवाने में किसी तरह की देरी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जावें। इसके अलावा राज्य सरकार के स्तर पर वांछित स्वीकृतियां शीघ्र प्राप्त कर कार्यों को शुरू करवाया जावें। श्री बिरला ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि बूंदी में बनाए जा रहे मेडीकल कॉलेज के अस्पताल के लिए जो भी आवश्यकताएं हैं, उनको चिह्नित कर अवगत कराएं, ताकि इन कार्यों की स्वीकृतियां दिलाई जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि पुराने जिला चिकित्सालय की मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और अस्पताल को बेहतर बनाया जावें। उन्होंने निर्देश दिए कि नए चिकित्सालय भवन में तीमारदारों (परिजन) के ठहरने की व्यवस्था के लिए भवन निर्माण हेतु प्रधानमंत्री जन भागीदारी योजना अन्तर्गत प्रस्ताव बनाकर भिजवाएं जाए। लोकसभा अध्यक्ष ने निर्देश कि एम्बुलेंसों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा इनके संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में वाहन चालक उपलब्ध रहें। उन्होंने खेल संकुल परिसर में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए करवाए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि इन कार्यों को शीघ्र पूरा किया जावें।

इसके अलावा लोन टेनिस, फुटबॉल ग्राउंड सहित अन्य जो भी जरूरतें है, उनके प्रस्ताव भी भिजवाएं जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य बजट घोषणाओं में शामिल सड़क विकास के सभी कार्य समय पर पूरे किए जावें। लोकसभा अध्यक्ष ने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पेयजल के लिए आमजन को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि डाबी क्षेत्र में पेयजल समस्या का समाधान करवाया जावें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता रहे। पेयजल संबधी कार्यों को शीघ्र पूरा करवाया जावें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि मांगली नदी में बरसात के दौरान बहकर जाने वाले व्यर्थ बरसाती पानी का सदुपयोग हो सके, इसके लिए दो एनिकट बनाने की कार्य योजना बनाई जावें। बैठक में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व विधायक केशवरायपाटन चन्द्रकांता मेघवाल, पूर्व विधायक बूंदी अशोक डोगरा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, तालेडा प्रधान राजेश रायपुरिया, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

## अमर जवान ज्योति पर निकाला कैंडल मार्च




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों की स्मृति में शनिवार को अमर जवान ज्योति, विधानसभा परिसर, जयपुर में कैंडल मार्च आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन, राजस्थान द्वारा किया गया। कैंडल मार्च में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सैनी, महिला विंग की राष्ट्रीय प्रभारी चमन कंवर, प्रदेशाध्यक्ष श्याम सुंदर पारीक, बीना कंवर, रीना सच्चर, दीपा सिंघानिया, यूथ विंग की तनु सैनी सहित संगठन के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष सुधांशु गोस्वामी, जिला कार्यकारिणी के सदस्य और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने शहीदों को नमन करते हुए मोमबत्तियाँ जलाईं और आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज रही और सभी ने शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

# पाकिस्तान को उसी की भाषा मे जवाब दे सरकार – हिन्दू समाज

### पहलगांव हमले को लेकर राजसमंद में रोष ~ मशाल जुलूस में सर्व समाज ने किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए पर्यटकों को लेकर देशभर में गुस्सा है। राजसमंद में भी सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस मुखर्जी चौराहे, छतरियां, जेके मोड़, चौपाटी, बसस्टैंड, भगवानदास मार्केट, जलचक्की, सुभाषनगर, किशोरनगर, मंडा, कलालवाटी, गणेश चौक, सदर बाजार होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय सर्कल राजनगर पहुँची जहाँ सब्जी मंडी के बहार मुस्लिम आतंकवादी का पुतला फूंक कर हमले में शहीद हुए पर्यटकों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। सर्व हिन्दू समाज ने रोष प्रकट करते हुए आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि हम, भारत के जागरूक नागरिक अत्यंत वेदना, क्रोध और राष्ट्रीय स्वाभिमान के साथ प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज रहे हैं। पहलगाम की पवित्र धरती पर जो अमानवीय, बर्बर और योजनाबद्ध नरसंहार किया गया है, उसने सम्पूर्ण भारत को झकझोर दिया है। धर्म पूछकर, कपड़े उतरवाकर, जबरन कलमा पढ़वाकर, और फिर पॉइंट जीरो से हिन्दू नागरिकों को गोली मार देना। यह केवल एक आतंकी घटना नहीं, यह सुनियोजित धार्मिक नरसंहार है। इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित और भेजे गए जिहादी मुस्लिम आतंकवादी थे। यह हमला केवल पहलगाम या कश्मीर पर नहीं हुआ, यह भारत की आत्मा पर हमला है। अब समय आ गया है कि भारत भी अमेरिका और इजराइल की तरह निर्णायक कार्यवाही करे। हथियार, परेड और शस्त्र दिखावे के लिए नहीं होते हम निवेदन करते हैं कि अब समय आ गया है कि देश के करदाताओं के धन से खरीदे गए हथियारों का इस्तेमाल पाकिस्तान व आंतकवादियो को यम के द्वार पहुंचाने के लिये किया जावे। हम केवल शांति की नहीं, सुरक्षा और सम्मान की भी उम्मीद करते हैं। अब अगर भारत चुप रहा, तो यह चुप्पी इतिहास में कमजोरी कहलाएगी। पूरा देश आपकी ओर देख रहा है, अब सेना को फी हेण्ड और आदेश दो कि युद्ध होगा।

# देवली के माहेश्वरी आई हॉस्पिटल में माइनस 6 नंबर आंखो का ऑपरेशन सफल हुआ

- आंखों की समस्या से पीड़ित जयपुर निवासी महिला का डॉ एस एस लाठी ने किया सफल ऑपरेशन
- कई सालों से आंखों पर लगा हुआ माइनस 6 नंबर के चश्मे से पीड़ित महिला को राहत मिली

बढ़ता राजस्थान



आंखों का ऑपरेशन होने बाद पीड़ित महिला को माइनस 6 नंबर के चश्मे से मिली राहत

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** आंखों की गंभीर समस्या से पीड़ित महिला का यहां माहेश्वरी आई हॉस्पिटल में ऑपरेशन सफल हुआ है। खास बात तो यह है कि जयपुर निवासी महिला ज्योति कवर ने जयपुर जैसे बड़े शहर में ऑपरेशन करने की बजाय देवली शहर के माहेश्वरी आइ हॉस्पिटल में ऑपरेशन करवाए जाने भरोसा जताया। जानकारी के अनुसार पिछले कई समय से आंखों पर लगे चश्मे की समस्या को लेकर उक्त महिला परेशान चल रही थी। इस पर डॉक्टर एस एस लाठी ने बताया कि ज्योति की आंखों पर माइनस 6 नंबर का चश्मा कई समय से लगा हुआ था । ऐसे में पीड़ित महिला ने देवली शहर के माहेश्वरी आइज हॉस्पिटल में डॉक्टर एस एस लाठी से परामर्श लिया। और अपनी आंखों बढ़ती समस्या के बारे में बताया की आंखों पर माइनस 6 नंबर का चश्मा लगा हुआ है। जिससे उन्हें काफी तकलीफ हो रही है। ऐसे में डॉ एस एस लाठी ने उनकी आंखों का चेक अप करते हुए उन्हें आंखों का ऑपरेशन करवाने की सलाह दी । इस पर पीड़ित महिला ने चिकित्सक को ऑपरेशन करने की अनुमति दे दी । इसके बाद डॉक्टर लाठी ने उनकी आंखों का सफल ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद आंखों पर लगे माइनस 6 नंबर के चश्मे से महिला को राहत मिल गई और आंखों पर लगा चश्मा हट गया। डॉक्टर लाठी का मानना है कि आंखों पर लगे इस तरह चश्मे की समस्या से निजात पाने के लिए अधिकांश बड़े शहरों में ही ऐसे ऑपरेशन ज्यादा होते। ऐसे में, इस तरह का पहला ऑपरेशन देवली शहर के माहेश्वरी आई अस्पताल में होना खुशी की बात है । ऐसे में गौर करने वाली बात तो यह है कि डॉक्टर लाठी ने सफलता पूर्ण यह ऑपरेशन करके छोटे शहर के उक्त समस्या से मरीजों को राहत का भरोसा दिलाया है। चश्मे की समस्या से जूझ रही महिला की आंखों के इस ऑपरेशन को सफल बनाने में पीड़ित महिला की हिम्मत और डॉक्टर एस एस लाठी का भरोसा एक उपलब्धि बनकर सामने आई है।

# जलदाय विभाग की बड़ी कार्रवाई अवेध कनेक्शन के खिलाफ चलाया पीला पंजा



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले केकड़ी क्षेत्र के अनेक गांवों में हो रहे अवैध जल कनेक्शनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 25 अवैध कनेक्शन काटे गए ।इस जलदाय विभागीय कार्यवाही के तहत आज केकड़ी पुलिस जाप्ता और विभाग की टीम में सहायक अभियंता अक्षय गुप्ता व कनिष्ठ अभियंता सुरेश बैरवा के नेतृत्वत में, लाइनों के संधारण व मरम्मत के लिए नियुक्त व्व ढ्ढठ्ढद्धह्रड्ड कम्पनी के नवीन शर्मा व उनकी टीम द्वारा केकड़ी पंपिंग स्टेशन से सांपला को जाने वाली 150 द्वद्व मैन राइजिंग पेयजल पाइप लाइन से बिलिया, जालियां, सूपा, सांपला में 18 अवैध कनेक्शन हटाए गए व अवैध कनेक्शन धारियों को भविष्य में लाइन से कनेक्शन नहीं लेने के लिए पाबंद किया गया। सहायक अभियंता अक्षय गुप्ता ने बताया कि इन अवैध कनेक्शन धारियों को अभी के लिए पाबंद किया गया है फिर भी अवैध कनेक्शन करेंगे तो इनके खिलाफ विभाग पुलिस कार्यवाही की जाएगी।

# हाथों-हाथ चालू हो गई बंद पड़ी बिजली सप्लाई, मिनटों में हो गया पेंशन सत्यापन

### घोसुंडी में एक नहीं, अनेकों के लिए मौके पर ही राहत लेकर आई रात्रि चौपाल



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा रात्रि चौपालों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जा रहा है।जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा की मौजूदगी में शुक्रवार रात्रि आमेट उपखंड के ग्राम पंचायत घोसुंडी में आयोजित रात्रि चौपाल भी एक नहीं, कई लोगों के लिए राहत लेकर आई। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ बृजमोहन बैरवा, आमेट उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी, सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, ग्राम स्तरीय अधिकारी–कार्मिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के पश्चात कलक्टर ने ग्राम पंचायत कार्यालय में ही रात्रि विश्राम किया और सुबह जिला मुख्यालय के लिए प्रस्थान किया।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि रात्रि चौपाल में प्रेम सिंह और सुरेश कंवर सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन नहीं होने की शिकायत लेकर उपस्थित हुए जिस पर विकास अधिकारी की आईडी से पेंशन सत्यापन मौके पर ही कर राहत दी गई। नारू देवी भील ने जन आधार में डुप्लिकेट नाम को हटवाने के लिए शिकायत दी और मौके पर ही जन आधार में नाम हटवा दिया गया।ऐसे ही मांगी बाई वार्ड पंच ने मानदेय प्राप्त नहीं होने की शिकायत दी जिस पर मौके पर ही लंबित 20 हजार रुपए का मानदेय भुगतान कर दिया गया। लक्ष्मण सिंह ने पिताजी और माताजी की मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने की शिकायत दी इस पर मौके पर ही जांच कर मृत्यु प्रमाण पत्र सौंप दिया गया। ऐसे ही पूजा ने जॉब कार्ड गम हो जाने से नरेगा में आ रही परेशानी की शिकायत दी जिस पर मौके पर ही जॉब कार्ड देकर राहत दी गई। मांगी बाई ने नाले की सफाई न होने की शिकायत दी जिस पर सुबह ही नाले की सफाई करवा दी गई। नारू देवी भील ने घर का मीटर खराब होने से बिजली सप्लाई में समस्या बताई जिस पर सुबह ही मीटर चेंज कर सप्लाई चालू हो गई।इसी तरह अनेकों ग्रामीणों को उनकी महीनों और वर्षों पुरानी समस्याओं से राहत मिल गई।

# पुलिस थाना केकड़ी में सीएनजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर /केकड़ी-( इक़बाल अहमद ) ।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं को लेकर सिटी पुलिस थाने में शनिवार शाम को सीएलजी बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था कायम रखने पर चर्चा की गई। बैठक में उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र हेमानी ने राष्ट्र सर्वोपरि की बात करते हुए सामाजिक सद्भावना कायम रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने परिवार और अपने क्षेत्र के कोई भी युवा या व्यक्ति किसी भी तरह से भावनाओं में बहकर अपराध की ओर अग्रसर नहीं हो ओर आपस में प्रेम भाव से रहे यह हम सब की जिम्मेदारी है। पुलिस उपाधीक्षक हर्षित शर्मा ने सीएलजी सदस्यों से क्षेत्र में शांति व सुरक्षा को लेकर पुलिस के साथ कार्य करते हुए लोगों को जागरुक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की पूरी नजर है। इसलिए किसी भी प्रकार की विवादित पोस्ट नहीं करे और बिना सोचे समझे किसी अन्य की पोस्ट को अपने आईडी पर नहीं भेजे। सिटी थानाधिकारी कुसुमलता मीणा ने आपसी सौहार्द बनाकर रहने की अपील की। बैठक के अंत में पहलगाम हमले में मृतक पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।? सीएलजी बैठक में नगर परिषद आयुक्त मनोज कुमार मीणा,मोहम्मद सईद नकवी,चांदमल जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र चौधरी,पार्षद मनोज कुमावत,लोकेश साहू,खुशपाल गुर्जर,गोपीचंद चौधरी, विनोद विजय सहित अन्य कई सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने रोजगार मेले में युवाओं को वितरित किये नियुक्ति पत्र

### प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा देशभर के 51000 युवाओं को दी खुशखबरी

### राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति के योगदान को बढ़ावा देने में रोजगार मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है - भागीरथ चौधरी, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान




**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के किशनगढ़ 26 अप्रेल 2025 शनिवार को देशभर के 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र देने के लिए रोजगार मेला जयपुर में आयोजन हुआ, देशभर के लगभग 45 स्थानों पर आयोजित हुए रोजगार मेले के 15वें संस्करण का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा शुभारंभ किया।

जयपुर के आयकर भवन में आयोजित रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने उपस्थित होकर अनेक विभागों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्रो का वितरण कर नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने रोजगार मेले को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के युवाओं को सरकारी नौकरियाँ देने के संकल्प के तहत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 51000 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण कर युवाओं के सपनो को नई उड़ान दी है। राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति के योगदान को बढ़ावा देने में रोजगार मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवाओं को सशक्त बनाने और उनके सामर्थ्य को आगे बढ़ाने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु मोदी सरकार लगातार कार्य कर रही है। यह मेला हमारे देश के युवाओ के कौशल, मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस अभिनव पहल के माध्यम से अब तक लगभग 9 लाख से अधिक युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाए हैं। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह रोजगार मेला एक अहम कदम साबित हो रहा है। रोजगार मेला रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर युवाओं के सशक्तिकरण एवं राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

दुनिया का सबसे युवा देश भारत अपनी युवा शक्ति के परिश्रम एवं उद्यम के बल पर आगे बढ़ रहा है। रोजगार मेले के कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ, मुख्य आयकर आयुक्त राजस्थान सुमित कुमार, आयकर आयुक्त शैलेंद्र शर्मा सहित गणमान्यजन उपस्थित रहें।

# जिला कलक्टर लोक बन्धु ने किया नरेगा कार्यों का निरीक्षण

### गर्मी के अनुसार व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले में चल रहे नरेगा कार्यों का शनिवार को जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु द्वारा निरीक्षण किया गया।

नसीराबाद के उपखंड अधिकारी श्री देवीलाल यादव ने बताया कि जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने शनिवार को विभिन्न नरेगा कार्यों के निरीक्षण किया। उनके द्वारा शुक्रवार को रात्रि चौपाल के उपरांत क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम किया गया था। इसके पश्चात उन्होंने देराठूं ग्राम पंचायत में चल रहे नरेगा कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। देराठूं के बामनिया बालाजी के पास चरागाह में नाडी निर्माण कार्य तथा आव खुदाई के कार्य का अवलोकन विभागीय अधिकारियों के साथ किया गया। इस दौरान गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश प्रदान किए गए। कार्य स्थल पर छाया, पानी की पर्याप्त व्यवस्थाएं थी। गर्मी और मौसमी बीमारियों के अनुसार मेडिकल किट नरेगा साइट पर पाया गया।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा श्रमिकों द्वारा किए गए कार्य की नाप ली गई। इस कार्य को करने के संबंध में श्रमिकों के साथ चर्चा की। कार्य स्थल पर उपस्थिति की जांच के दौरान पोर्टल खोलकर पिछली उपस्थितियों से तुलना की गई। समूह में नाप के अनुसार कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। श्रमिकों को दिए गए कार्य को पूर्ण करने पर पूरा भुगतान मिलता है। इस संबंध में श्रमिकों को जागरूक भी किया गया। नरेगा की गाइडलाइन के अनुसार कार्य किए जाने चाहिए। कनिष्ठ तकनीकी सहायक (जेटीए) द्वारा कार्य की पूरी ब्रीफिंग श्रमिकों के साथ नियमित रूप से होनी चाहिए। समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी लगातार कार्य स्थलों का निरीक्षण कर सीधी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे।



**कारण बताओ नोटिस देने के दिए निर्देश**–उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी श्री महेश चौधरी को संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता श्री आर. डी. गुर्जर को नोटिस जारी किया जाएगा। इसी प्रकार चारों नरेगा मेटों को भी ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

# अजमेर शहर में कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक बैठक का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को अजमेर शहर में कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान में क्कष्टष्ट प्रदेश सचिव डॉ. अर्चना सुराणा, और किशनगढ के कांग्रेस विधायक श्री विकास चौधरी, एवं एवं कांग्रेस के किशनगढ़ से दिग्गज पूर्व विधायक श्रीमान नाथूराम सिनोदिया, और पूर्व विधायक राकेश पारीक सहित कांग्रेस नेताओं की गौरवशाली उपस्थिति रही। और संगठनात्मक बैठक मैं पार्टी के हित में संगठन पर जोर देते हुए अपनी आवाज मजबूत बनने पर चर्चा हुई। आए हुए सभी अतिथियों का माल्याअर्पण कर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। वही अजमेर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव व राजस्थान प्रदेश की सह प्रभारी माननीया पूनम पासवान द्वारा सम्बोधन मैं सभी पार्टी के नेताओं को उचित दिशा निर्देश दिए।

# छोटे बच्चों को किस उम्र से खिला सकते हैं अचार बच्चों को अचार खिलाने के फायदे और नुकसान



अचार फर्मेंटेड फूड होता है और यह किसी भी साधारण खाने में एक स्वाद और एक फ्लेवर बढ़ाता है। अगर किसी भी खाने की चीज की उम्र बढ़ानी हो यानी उसे खराब होने से बचाना हो तो आप उसका अचार बना सकती हैं। अचार से आपको प्रोबायोटिक्स मिलते हैं, जोकि आपके पेट में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं। लेकिन सवाल यहां यह है कि क्या आप अपने बच्चे को भी अचार दे सकती हैं? अगर हां तो बच्चे के लिए कितना अचार खाना सुरक्षित होगा? 6 महीने की उम्र के बाद से ही बच्चे को अचार खिलाना शुरू कर सकती हैं। यह बच्चे के लिए सुरक्षित होता है और अगर आप इसे अलग अलग स्वाद के अचार चखाती रहेंगी तो यह उसके स्वाद के लिए भी अच्छा होगा। लेकिन आपको इस विषय में कोई रिस्क नहीं लेना चाहिए। इसलिए देने से पहले एक बार डॉक्टर से कन्फर्म कर सकती हैं। यदि चिकित्सक की राय हो तब आप अपने बच्चे को छोटे-छोटे टुकड़ों में आचार दे सकती हैं खासकर कि जब उसके दांत निकल रहे हों।

**क्या अचार खाने से बच्चों को किसी प्रकार का लाभ मिलता है**

- अचार में बहुत सारे ऐसे पौष्टिक तत्त्व और अच्छे बैक्टीरिया जैसे प्रोबायोटिक्स होते हैं। जो आपके बच्चे के पेट और पाचन तंत्र के लिए बहुत लाभदायक हो सकते हैं।
- अचार खाने से बच्चे की इम्यूनिटी भी बढ़ सकती है और वह काफी इंफेक्शन आदि से बच सकते हैं।
- कुछ हेल्दी माइक्रो ऑर्गेनिज्म जोकि अचार में पाए जाते हैं, वह कुछ ऐसे तत्त्व एक्टिव कर सकते हैं जिससे बच्चे के शरीर को लाभ मिल सकता है। जैसे लैक्टिक एसिड से मेटाबोलाइट्स एक्टिव होते हैं, जिससे शरीर को लाभ पहुंचता है।
- क्या अचार से डाइपर रैश की समस्या उत्पन्न होती है?
- अचार में मौजूद लैक्टिक एसिड शुगर को सोख लेता है। इससे अचार काफी एसिडिक बन जाता है। अगर आप का बच्चा बहुत ही सेंसिटिव होता है तो इससे उन्हें कई बार एलर्जी जैसी समस्या देखने को मिल सकती है। उनके होंठों, हिप्स और स्किन के आस पास की स्किन पर रैश भी देखने को मिल सकता है। अगर अचार का सेवन करने से उन्हें ऐसे साइड इफेक्ट्स देखने को मिलते हैं तो उन्हें अचार न दें।

**क्या बच्चे को अचार देने की वजह से कोई चिंता का विषय भी उत्पन्न होता है**

अचार में नमक की मात्रा बहुत अधिक होती है और बच्चों की किडनी बहुत नाजुक और परिपक्व नहीं होती है। जिससे उनकी किडनी प्रभावित हो सकती हैं। अगर आप बचपन से और इतनी कम उम्र से उन्हें अधिक नमक वाली चीजें खाने के लिए देने लगेंगे तो इससे उन्हें आगे भी अधिक नमक वाली चीज ही पसंद आएगी। जिससे उन्हें डायबिटीज, थायरॉयड और ब्लड प्रेशर जैसी समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है। आपको बच्चों को बहुत ही कम मात्रा में अचार का सेवन करने देना चाहिए। बल्कि कभी कभार जैसे हफ्ते में एक या दो बार अचार खाने के लिए दे सकती हैं।

# हड्डियों को कमजोर बनाती हैं आपकी ये आदतें, बढ़ाती हैं जोड़ो का दर्द

लोग सोचते हैं कि गठिया एक उम्र बढ़ने की प्रक्रिया है और हम सभी को अपने जीवन के किसी न किसी स्तर पर इससे निपटना हता है। लेकिन हम अपने आस-पास कई ऐसे बुजुर्ग देखते हैं जिन्हें जोड़ों के दर्द की बिल्कुल भी शिकायत नहीं होती है।



**धूम्रपान :** तम्बाकू आपके शरीर के ऊतकों में एक प्रकार का परमाणु उत्पन्न करती है जिसे मुक्त कण कहते हैं। ये न केवल आपके फेफड़ों के लिए खराब हैं बल्कि आपकी हड्डियों के लिए भी हानिकारक हैं। जो लोग तंबाकू का सेवन करते हैं, उनमें हड्डियों का घनत्व कम होता है। फ्री रेडिकल्स आपकी हड्डियों को बनाने वाली कोशिकाओं को मार देते हैं। धूम्रपान स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल के प्रोडक्शन को भी बढ़ाता है और हार्मोन कैल्सीटोनिन के उत्पादन को कम करता है। कोर्टिसोल हमारे बोन स्टॉक को कम करने के लिए जाना जाता है और दूसरी ओर कैल्सीटोनिन इसे बनाए रखता है। आगे डॉ. चेतावनी देते हैं कि यदि पहले कभी आपकी हड्डी फ्रैक्चर हुई है, तो धूम्रपान आपके रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाकर उपचार प्रक्रिया को धीमा कर देता है।

**गतिहीन होना :** गतिहीन लोगों को अधिक तेजी से हड्डियों के नुकसान का खतरा होता है। मांसपेशियों के संकुचन से आपकी हड्डियां मजबूत होती हैं। इसलिए जब हड्डी के स्वास्थ्य की बात आती है तो व्यायाम करना बहुत जरूरी है। भार वहन करने वाले व्यायाम जैसे तेज चलना आपकी हड्डियों के स्वास्थ्य में सुधार करता है।

**बहुत अधिक शराब पीना :** शराब भी आपके शरीर में कोर्टिसोल के उत्पादन को बढ़ाती है जिससे हड्डी का स्टॉक कम हो जाता है। शराब आपके शरीर में टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजन के स्तर को भी कम करती है। ये हार्मोन हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

**बहुत अधिक नमक खाना :** नमक के अधिक सेवन और हड्डियों के घनत्व में कमी के बीच एक सीधा संबंध है। जैसे आप सोडियम युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन अपने आहार में बढ़ाते है, वैसे ही ये आपकी बॉडी और यूरीन यानी मूत्र में अधिक कैल्शियम छोड़ता है। हड्डियों से जुड़े एक्सपर्ट का कहना है कि प्रति दिन एक अतिरिक्त ग्राम सोडियम खाने से वयस्क महिलाएं हर साल अपनी हड्डियों के घनत्व का 1 प्रतिशत खो सकती हैं। इसलिए डॉ। हर दिन 2,300 मिलीग्राम से कम सोडियम लेने की सलाह देते हैं, जबकि अधिकांश वयस्कों को एक दिन में 1,500 मिलीग्राम से अधिक नहीं खाना चाहिए।

# उलझे और घुंघराले बालों को रातभर में स्ट्रेट करने के लिए अपनाएं ये आसान टिप्स, दिखेंगी खूबसूरत

माना कि महिलाओं में सीधे बालों का आकर्षण जग जाहिर है। लेकिन इस लुक को बनाए रखने के लिए कुछ प्रयास, समय और प्रतिबद्धता भी जरूरी है। पर यह इतना मुश्किल भी नहीं है। हो सकता है आपके लिए अपने बालों को दिन भर सुंदर दिखाना और उन्हें नियंत्रण में लाना एक कठिन काम महसूस होता हो। क्योंकि अगर आप बाल खुले छोड़ती हैं तो इससे आपके बाल बहुत उलझ जाते हैं। वे देखने में भी काफी रफ और भद्दे नजर आते हैं। जोकि आपके पूरे लुक को ही खराब कर देते हैं। इस बात की चिंता भी आपको हर रोज रात से ही शुरू हो जाती होगी, कि कल आप अपने बालों को कैसे मैनेज करेंगी।

## ड्राई शैंपू का प्रयोग करें


अगर आपके एक आध सफेद बाल भी हैं तो भी यह टिप आपके बहुत काम की है। इसके लिए आपको केवल एक ड्राई शैंपू की जरूरत होगी। उसे अपने बालों में रात को सोने से पहले छिड़क लें। यह प्रोडक्ट आपके बालों से सारा ऑयल और पसीना आदि सोख लेगा। जिससे सुबह आपके बालों में चिपचिपाहट, इरीटेशन नहीं होगी। इससे आपके सीधे बाल काफी लंबे समय तक टिक सकते हैं।

## हेयर बैंड को करें अवॉयड

अगर आप रात में हेयर बैंड या कुछ अन्य हेयर एसेसरी लगा कर सोती हैं तो ऐसा न करें। क्योंकि इससे इसकी रबर में आपके बाल फंस सकते हैं। जिस कारण आपके सीधे बाल मुड़ सकते हैं। इसलिए आपको सुबह बाल स्टाइल करने में भी काफी समय लग सकता है। अगर आप सुबह अपने बालों को सीधा पाना चाहती हैं तो रात में हेयर स्टाइल न बनायें।



- अपने सिर के चारों ओर बालों को रैप कर लें।
- अगर आप रात में हेयर बैंड आदि का प्रयोग नहीं कर सकती हैं। तो आप सोच रही होंगी कि आप बालों को सिर के चारों ओर कैसे बांध सकती हैं।
- इसके लिए आपको बालों में कंघी करके उन्हें एक साइड कर लेना है।
- इसके बाद इन्हें अपने माथे के ऊपर से पीछे तक ले कर जाएं।
- जहां बाल खत्म हो जाएं वहां उन्हें बॉबी पिन से सिक्योर कर लें।



## हेयर ऑयल ट्राई करें

अगर आपके बाल बिल्कुल सीधे हैं और बहुत ड्राई हो चुके हैं तो आप अपने बालों में रात को थोड़ा सा तेल लगा कर सो जाएं। इससे आपके बाल हाइड्रेटेड रहेंगे और उन्हें पोषण भी मिलता रहेगा। अगर आप बालों के अधिक ग्रिसी होने से डर रही हैं तो कोई लाइट वेट तेल का प्रयोग करें। लेकिन स्प्रे आदि का प्रयोग न करें।

## सिल्क स्कार्फ का करें प्रयोग

अब जब आपने बालों को सिर के उपर से बांध ही लिया है तो आप उन्हें फाइनल रूप देने की बारी आ गई है। ताकि आप चैन से सो सकें। सोते समय अगर आप अपने बालों को प्रोटेक्ट करने के लिए किसी स्कार्फ का प्रयोग करती हैं तो यह बालों को ज्यों का त्यों रखने में काफी लाभदायक होता है। इसलिए आपको बालों के लिए किसी सिल्क से बने स्कार्फ का प्रयोग करना चाहिए। अगर आपने किसी ट्रीटमेंट आदि का प्रयोग करके अपने बालों को सीधा करवाया है।

# इस गर्मी में जरूर ट्राई करें गुलाब की लस्सी

गर्मियों में लोग अंदरूनी ठंडक पाने के लिए तरह-तरह के नुस्खों का प्रयोग करते हैं। बहुत से लोग गला ठंडा करने के लिए कोल्ड ड्रिंक जैसे हानिकारक तत्वों का भी सहारा लेते हैं। गर्मियों में गले की तरावट के लिए क्यों न पोषक तत्वों से भरपूर गुलाब की लस्सी का प्रयोग किया जाए। गुलाब के चमत्कारी गुणों से तो आप अवगत होंगे। वजन कम करने से लेकर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तक में गुलाब की लस्सी आपके लिए सेहतमंद मानी जाती है। गर्मी के दुषप्रभाव से बचने के लिए अपनी डाइट में गुणों से भरपूर इस लस्सी को शामिल करने से आप अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं से छुटकारा पा सकेंगे। स्वाद की बात की जाए तो पोष्कता से भरपूर होने के साथ ही यह स्वाद में भी सभी ड्रिंक्स को पीछे छोड़ देती है। इस लस्सी की खास बात यह है कि इसमें कैलोरी के साथ फैट की मात्रा भी बेहद कम होती है। जिससे वजन की चिंता किए बिना आप इसे पी सकते हैं। गुलाब की लस्सी को आमतौर पर रिफ्रेशिंग ड्रिंक के लिहाज से भी इस्तेमाल किया जाता है। इसे पीकर आपकी थकान मिट जाती है और आप बिलकुल उर्जावान महसूस करते हैं। यह एनर्जी, प्रोटीन, फाइबर, कार्बहाइड्रेट के साथ ही थियामिन आदि का भी बेहतरीन स्त्रोत है। लकड़ी की मथनी से मथने पर इसका स्वाद और भी ज्यादा बढ़ जाता है।



## आवश्यक सामाग्रियां

- लस्सी बनाने अनुसार ठंडा पानी लें।
- आधा गिलास या एक कटोरी गाढ़ी दही।
- स्वादानुसार चीनी लें।
- गुलाब सिरप।
- गुलाब की कुछ ताजा पत्तियां।

## गुलाब की लस्सी बनाने की विधि

- सबसे पहले सभी सामाग्रियों को एक साथ जमा कर लें।
- अब मिक्सर में दही और चीनी डालकर अच्छे से फेंट यानि मिला लें।
- हल्का ठंडा पानी और कुछ बरफ के टुकड़ों को डाल दे।
- अब इसमें स्वाद और रंग के अनुसार गुलाब का सिरप डालें।
- गुलाब की पत्तियों को उपर से डालें आप चाहें तो मिक्सर में भी गुलाब की पत्तियां डालकर पीस सकते हैं।

## डिहाइड्रेशन दूर करे

गर्मियों के मौसम में अक्सर पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में गुलाब की लस्सी आपको हाइड्रेट रखने में काफी मददगार हो सकती है। इस लस्सी में इलेक्ट्रोलाइट मौजूद होता है, जो आपकी शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता है। शरीर में पानी की कमी होने से ब्लड प्रेशर भी तेजी से घट सकता है। दही और छांछ में पहले से ही 80 से 85 प्रतिशत पानी की मात्रा मौजूद होती है। पानी की कमी को दूर करने के लिए गुलाब की पत्तियां भी अच्छा विकल्प माना जाता है, जो इसमें पहले से ही मौजूद होती हैं।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनाए

गुलाब की लस्सी में मौजूद लैक्टिक एसिड आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। लैक्टिक एसिड केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता को ही नहीं बढ़ाता बल्कि आपकी त्वचा को भी खूबसूरत बनाता है। दाग धब्बे, मुंहासे हटाने में मददगार होने के साथ ही यह पेट के अंदर की सफाई के लिए भी फायदेमंद है। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए खासतौर पर लस्सी पीने की सलाह दी जाती है।

## हड्डियों को बनाए मजबूत

हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए भी गुलाब की लस्सी में कई पोषक तत्वों की मौजूदगी होती है। इसमें पाए जाने वाले कैल्शियम और जिंक आपकी मसल्स और हड्डियों की डेंसिटी को बरकरार रखते हैं। कैल्शियम के साथ ही इसमें फॉसफोरस, प्रोटीन और पोटेशियम भी पाए जाते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए काफी कारगर माने जाते हैं। एक गिलास लस्सी में आप लगभग 400 मिलिग्राम कैल्शियम पाया जाता है। गुलाब की लस्सी जिम जाने वालों के लिए भी बहुत मददगार है, क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व आपकी मसल ग्रोथ में भी सहायक हैं।

## अपच और पेट की समस्या से दिलाए राहत

गुलाब की लस्सी आपके पाचन तंत्र को मजबूत करने में बहुत मददगार होती है। इसमें मौजूद हेल्दी बैक्टीरिया आपका खाना पचाने में काफी मददगार होते हैं। यही नहीं आपके पेट संबंधी कई विकारों का खात्मा करने के लिए इसमें लैक्टोबैसिली की मात्रा मौजूद होती है, जो अपच, कब्ज आदि जैसी समस्याएं दूर करने के साथ ही आपकी आंतों को भी स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

## वजन कम करने में मददगार

गुलाब की लस्सी काफी हल्की होती है। इसमें कैलोरी और फैट की मात्रा बेहद कम होती है। इसलिए एक्सपर्ट्स द्वारा वजन घटाने के लिए इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। इसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है। आप इसे लो कैलोरी और हाई कैलोरी डायट के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



# डायरिया (दस्त) में क्या खाएं और क्या नहीं ?



अक्सर आपने देखा होगा कि गलत खाना खाने के कारण लोगों को दस्त यानी लूज मोशन हो जाते हैं। इसके चलते व्यक्ति थोड़ी थोड़ी देर में वॉशरूम के चक्कर काटता रहता है। व्यक्ति के शरीर में कमजोरी बढ़ने लगती है और कभी-कभी शरीर में पानी की कमी की समस्या भी हो जाती है।

**दस्त के दौरान क्या खाएं :** यदि व्यक्ति के शरीर में डिहाइड्रेशन यानी पानी की कमी हो गई है। तो ऐसे में वे जूस शिकंजी, नींबू पानी, नारियल पानी आदि का सेवन कर सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ वे अपनी डाइट में अनाज के साथ-साथ दूध से बनी चीजें जैसे पनीर, दही, छाछ आदि को भी जोड़ सकते हैं। इसके अलावा डायरिया के दौरान व्यक्ति कुछ फल जैसे केला, सेब आदि को जोड़ सकते हैं। इसके अलावा चावल, चाय लेकिन कैफीन रहित, दलिया, ब्रेड, चावल का पानी भी दस्त से पीड़ित रोगी के लिए अच्छा विकल्प है। नाश्ते में व्यक्ति नारियल पानी के साथ-साथ केला भी मैश करके खा सकता है। 10 से 12 बजे के बीच में व्यक्ति दही या छाछ का सेवन कर सकता है ऐसा करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। लंच के दौरान व्यक्ति उन चीजों का सेवन करें जिसके अंदर फाइबर कम मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में चावल और आलू खाते हैं साथ ही व्यक्ति लौकी का सेवन भी कर सकता है। शाम के समय व्यक्ति विटामिन सी युक्त संतरे का सेवन कर सकता है।

**दस्त के दौरान किन चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए :** अधिक मसालेदार सब्जियों के साथ-साथ व्यक्ति को ज्यादा फाइबर वाले पदार्थों का सेवन भी नहीं करना चाहिए। अपनी डाइट से हरी सब्जियां, मटर, ब्रोकली और क्रीम, चिकन और वसायुक्त भोजन निकालें।

व्यक्ति को डेयरी उत्पादों का सेवन जैसे मक्खन, दूध आदि अपनी डाइट में नहीं धोने चाहिए। लेकिन दही का सेवन दस्त के रोगियों के लिए एक अच्छा विकल्प है।

# अपनी डायट में शामिल करें ये चीजें, नहीं होगी प्रोटीन की कमी

पूरे दिन काम करने के लिए शरीर को ऊर्जा की जरूरत होती है और इसके लिए जरूरी होता है प्रोटीन। यह सच है कि अंडे और मीट में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि शाकाहारी लोग प्रोटीन की जरूरत को पूरा नहीं कर सकते। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अंडे और मीट के अलावा और कई ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिसमें प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है। इन खाद्य पदार्थों को डायट में शामिल करके आप प्रोटीन की कमी को दूर कर सकते हैं।

**दलिया :** प्रोटीन से भरपूर दलिया नाश्ते का हेल्दी विकल्प है। इसमें प्रोटीन के साथ ही फाइबर, मैंगनीज, मैग्नीशियम और विटामिन बी1 भी पाया जाता है। जिससे पूरे दिन काम करने के लिए शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है।

**ब्रोकली :** विशेषज्ञों के मुताबिक, इस हरी सब्जी में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही इसमें विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर और पोटैशियम होता है और कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। जिससे वजन घटाने वालों के लिए भी यह अच्छा विकल्प है।

**बादाम :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना बादाम भिगोकर सुबह खाली पेट खाएं, इससे शरीर को पर्याप्त प्रोटीन मिल जाता है। इसके अलावा बादाम में फैट, विटामिन और मिनरल पर्याप्त मात्रा में होता है। रोजाना बादाम खाने से सेहत अच्छी रहती है।

**राजमा :** राजमा को शाकाहारी मीट भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। राजमा स्वाद के साथ ही सेहत से भी भरपूर होता है। राजमा को आप सब्जी, सलाद या सूप में मिलाकर खा सकते हैं। राजमा की सब्जी बहुत स्वादिष्ट बनती है।

**दाल :** दाल-चावल भारतीय भोजन का अहम हिस्सा है और यह बहुत ही सेहतमंद भी होता है। डायट विशेषज्ञों के मुताबिक, दालें शाकाहारी प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत हैं। अरहर, मूंग, मसूर, चना, उड़द सभी तरह की दालों में हाई प्रोटीन होता है, तो रोजाना दाल को अपनी डायट में ज़रूर शामिल करें।



**दूध :** कैल्शिम के साथ ही दूध प्रोटीन का भी अच्छा स्त्रोत है। यदि आप प्रोटीन की कमी से बचना चाहते हैं, तो रोजाना एक ग्लास दूध पीएं। यदि आप डायटिंग कर रहे हैं या वजन घटाना चाहते हैं तो आप सोया मिल्क का सेवन कर सकते हैं, इसमें भी प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है।

**पनीर :** दूध के अलावा दूध से बने पनीर में भी भरपूर प्रोटीन होती है और पनीर लगभग सबको पसंद आता है। आप पनीर की सब्जी, परांठा, पुलाव कुछ भी बना सकते हैं।

बड़ों से लेकर बच्चों तक को इसका स्वाद बहुत भाता है, तो इसे डायट में शामिल करके आप प्रोटीन की कमी को पूरा कर सकते हैं। इसे आप सलाद में भी मिला सकते हैं।

**पालक :** विशेषज्ञों का कहना है कि पौष्टिक तत्वों से भरपूर पालक प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है। पालक का सूप बनाने के अलावा आप इसकी सब्जी, दाल, पुलाव आदि भी बना सकते हैं। पालक बड़ों और बच्चों दोनों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**गेहूं का आटा :** आटे से चपाती के अलावा, परांठा, हलवा आदि कई चीज़ें बनाई जाती है। आटे में कार्बोहाइड्रेट के साथ ही प्रोटीन भी भरपूर मात्रा में होता है। इसके अलावा इसमें विटमिन-बी, जिंक, आयरन और मैग्नीशियम आदि भी पाए जाते हैं।

छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और
टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान




# गुजरात में एक हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

## हरियाणा में 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश; अटारी बॉर्डर से भेजे जा रहे

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद/सूरत।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात के अहमदाबाद (890) और सूरत (134) में पुलिस ने शनिवार को महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक हजार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जाएगा।

गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, इनमें से कई लोग ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल हैं और हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी।

हरियाणा में राज्य सरकार ने 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। अभी इन्हें हिरासत में लेने की कोई सूचना नहीं है। सीएम नायब सैनी ने पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए गृह विभाग से प्लानिंग मांगी है।

पंजाब के अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत से जाने का सिलसिला जारी है। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 1 मई, 2025 तक भारत छोड़ने के लिए कहा है।

भारत सरकार ने लॉन्ग टर्म वीजा, डिप्लोमेटिक और ऑफिशियल वीजा को छोड़कर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी तरह के वीजा रद्द कर दिए हैं। अब पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्रियों को 27 अप्रैल तक भारत से जाना होगा। मेडिकल वीजा वालों को 29 अप्रैल तक पाकिस्तान लौटना पड़ेगा। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। वहीं, अवैध रूप से भारत में रह रहे लोगों को सरकार खुद देश से बाहर निकालेगी।



# पोप फ्रांसिस रोम की चर्च में दफनाए गए

## मकबरे पर लिखा गया- फ्रांसिसस; अंतिम संस्कार में शामिल हुए ढाई लाख लोग

बढ़ता राजस्थान

**वेटिकन (एजेंसी)।** ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का शव रोम के सांता मारिया मैगियोरे बेसिलिका में दफना दिया गया है। शव को दफनाने से पहले यहां एक छोटी प्रार्थना रखी गई। पोप को दफनाने की प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट नहीं हुआ। ये जगह सेंट पीटर्स स्क्वायर से करीब 4 किमी दूर है। पोप फ्रांसिस ने अपनी अंतिम इच्छा में कहा था कि उन्हें जमीन में एक साधारण कब्र में दफनाया जाए, जिस पर केवल Franciscus (उनके नाम फ्रांसिस का लैटिन रूप) लिखा हो। सेंट पीटर्स स्क्वायर पर पोप के अंतिम संस्कार की रस्में 1:30 बजे से शुरू होकर करीब तीन घंटे चलीं।। उनका शव सेंट पीटर्स बेसिलिका से निकालकर सेंट पीटर्स स्क्वायर में रखा गया, जहां प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। पोप के अंतिम संस्कार में ढाई लाख लोग जुटे। 170 देशों के प्रतिनिधि पोप के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। इनमें भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं। पोप का 21 अप्रैल को 88 साल की उम्र में स्ट्रोक और हार्ट फैलियर से निधन हुआ था। बीते तीन दिन से उनके पार्थिव शरीर को ताबूत में अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा गया था।

# ईडी की गिरफ्तारी में महेश जोशी ने की तीन डिमांड



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) में हुए करीब 900 करोड़ के घोटाले के केस में ईडी की टीम महेश जोशी से पूछताछ कर रही है। महेश जोशी 28 अप्रैल तक ईडी की रिमांड में हैं। इस दौरान कोर्ट में महेश जोशी ने तीन डिमांड की थी। कोर्ट ने तीनों बात मान ली है। उनकी डिमांड थी कि रिमांड के दौरान घर का खाना मिले, समय पर दवाई मिले और उनकी पत्नी की तबीयत बहुत खराब है, उन्हें मिलने दिया जाए। वहीं, महेश जोशी से आज पूर्व में गिरफ्तार हुए उनके परिचित और जलदाय विभाग के अधिकारियों के सामने बैठा कर पूछताछ हो सकती है। महेश जोशी ने अपने बेटे रोहित जोशी की कंपनी में 50 लाख रुपए डाले थे, उसे लेकर भी ईडी रोहित और उसकी कंपनी से जुड़े लोगों से पूछताछ कर सकती है। ईडी के वकील अजात शत्रु मीना ने बताया– महेश जोशी के खिलाफ ईडी के पास पुख्ता सबूत हैं। महेश जोशी ने गिरफ्तारी के दौरान तीन डिमांड की थी। कोर्ट ने महेश जोशी की तीनों बात मान ली है। महेश जोशी की पत्नी की तबीयत अगर अधिक खराब होती है तो महेश जोशी को एक घंटे ईडी की सुरक्षा में उनकी पत्नी से मिलने दिया जाएगा।

# सहारनपुर में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 की मौत:शवों के उड़े चीथड़े

## पॉलिथीन में बटोरकर ले गई पुलिस, धमाके से पूरी बिल्डिंग ढही

बढ़ता राजस्थान

**सहारनपुर (एजेंसी)।** यूपी के सहारनपुर के देवबंद में शनिवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरी बिल्डिंग ढह गई। शवों के चीथड़े 100 से 150 मीटर दूर तक जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के समय ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो। हादसे की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। इलाके को सील कर दिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन में 3 लेबर की बॉडी के टुकड़ों को निकाला जा सका। बॉडी के टुकड़ों को फोरेंसिक टीम ने पेड़ों तक से इकट्ठा किया। हादसे से गुस्साए परिजनों ने हाईवे जाम कर दिया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि अवैध फैक्ट्री चलाई जा रही थी। छानबीन में सामने आया कि फैक्ट्री का लाइसेंस था। पुलिस ने फैक्ट्री चला रहे 3 पार्टनर को अरेस्ट किया है। उनके खिलाफ स्न्डकृलिखी गई है। फैक्ट्री निहालखेड़ी गांव में है। यह जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर और देवबंद तहसील से करीब 8 किलोमीटर दूर है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 मई को शिमला आएंगी : मुख्य सचिव ने तैयारियों को लेकर ली मीटिंग, एसपीजी भी छराबड़ा पहुंची

बढ़ता राजस्थान

**शिमला (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 5 मई को शिमला पहुंचेंगी और 9 मई को वापस दिल्ली लौटेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए हिमाचल के चीफ सेक्रेटरी प्रबोध सक्सेना ने आज विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण मीटिंग ली। प्रदेश सचिवालय में संपन्न मीटिंग में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सड़कों की दुर्दशा सुधारने, पानी और बिजली की उचित व्यवस्था करने से जुड़े निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस मीटिंग में राष्ट्रपति सचिवालय, गृह मंत्रालय, प्रदेश सरकार के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। कुछ अधिकारी दिल्ली से भी वर्चुअली जुड़े। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा द्रौपदी मुर्मू का दौरा फाइनल करते ही एसपीजी भी शिमला पहुंच गई है। इसके बाद एसपीजी ने छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है। ढ्ढढ्ढञ्ज मंडी परिसर और अटल टनल रोहतांग की सुरक्षा को भी बढ़ा दिया गया है।

### द्रौपदी मुर्मू का कार्यक्रम

द्रौपदी मुर्मू 5 मई को शिमला आएंगी। 6 मई को शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान आरट्रैक में रखे गए कार्यक्रम में शामिल होगी। 7 मई को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी और 8 मई को अटल टनल रोहतांग जाएंगी। 9 मई को शिमला से वापस दिल्ली लौटेंगी।

# जयपुर के जौहरी बाजार में प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा

## जबरन बाजार बंद करवा रहे थे, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया, मौके पर शांति, हालात काबू में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार रात हुए विवाद के बाद शनिवार शाम एक बार फिर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। जौहरी बाजार में प्रदर्शन के नाम पर कुछ लोग जबरन दुकानें बंद करवाने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ दिया। मौके पर पूरी तरह से शांति बनी हुई है। जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक, शाम 6 बजे बड़ी संख्या में लोग जौहरी बाजार में इकट्ठा हो गए थे। जबरन दुकानें बंद करवाने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जबरन दुकानें बंद करवाकर हंगामा मचाने वालों से समझाइश की। प्रदर्शनकारियों के नहीं मानने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। पुलिस के हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ कर दुकानों को खुलवाया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही यातायात को चालू करवाया गया। इसके साथ ही पुलिस ने जगह-जगह फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की।



### कमिश्नर बोले- माहौल खराब करने से पहले लोगों को हटाया

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि माहौल खराब करने से पहले ही हमने लोगों को वहां से हटा दिया। जयपुर में किसी भी तरीके से माहौल खराब होने की स्थिति नहीं बनने दी गई। उन्होंने कहा शांति-व्यवस्था बिगाड़ने का किसी के मन में कोई इरादा है, तो ऐसे में पुलिस सख्त तरीके से कार्रवाई करेगी। उसके प्रति कोई सहानुभूति नहीं रखी जाएगी।

समाज के बड़े लोगों से हमने बात की थी। जिसके बाद उन्होंने हमें सुनिश्चित किया था कि किसी तरीके से कोई प्रदर्शन,सभा नहीं किया जाएगा। पुलिस को अपना काम करने दीजिए। इसके बावजूद कुछ लोग जौहरी बाजार के पास इकट्ठा हुए और रोड जाम करने की स्थिति की। हमने लोगों को समझाइश करके वहां से हटाया।

### एक दिन पहले पोस्टर लगाने पर हुआ था विवाद

जौहरी बाजार में पोस्टर लगाने को लेकर शुक्रवार रात करीब 10 बजे विवाद हुआ था। बड़ी चौपड़ पर लोग इकट्ठा हो गए थे। इकट्ठा हुए लोगों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की थी। मामला बढ़ता देख पुलिस ने मोर्चा संभाला था। विवाद की स्थिति को देखकर मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया था। पुलिस ने सूझबूझ से मामला शांत करवा दिया था।

# राहुल बोले- मौजूदा पॉलिटिक्स में विपक्ष को कुचलने का टागरेट

## मीडिया को कमजोर किया जा रहा; दुनिया में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई

बढ़ता राजस्थान



**हैदराबाद।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा आक्रमक पॉलिटिकल माहौल में विपक्ष को कुचलने और मीडिया को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा- पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं हैं। राहुल ने कहा कि हमारा विपक्ष सुनना नहीं जानता, क्योंकि उनके पास पहले से ही सभी उत्तर हैं। उसे ठीक से पता है कि क्या किया जाना चाहिए। यह पूरी तरह से गलत है। देश की जनता को पता है क्या किया जाना चाहिए।

गांधी ने कहा कि हम राजनेता के तौर पर जनता की बात सुनने में विफल रहे हैं। हमें इस पर वास्तव में वास्तव करना चाहिए। हमारे विरोधियों ने इसे स्थान को पूरी तरह से खाली छोड़ा है। राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने यहां भारत समिट 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आज इस कार्यक्रम का दूसरा दिन था। कार्यक्रम में तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी भी मौजूद रहे। कांग्रेस के लिए सभी रास्ते बंद किए गए राहुल ने कहा- हमने पाया कि हमारे सभी रास्ते बंद हो गए हैं। मीडिया और माहौल हमें उस तरह से काम करने की परमिशन नहीं देता जैसा हम चाहते थे। इसलिए हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया।

# मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने; 1 मई से संभालेंगे पद, 5 साल का कार्यकाल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी को कंपनी का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया। अनंत 1 मई से 5 साल के लिए इस पद पर रहेंगे। 2023 से वे कंपनी में नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने बताया, रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में ह्यूमन रिसोर्स, नॉमिनेशन एंड रिम्यूनरेशन कमेटी की सिफारिश पर विचार किया और नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत एम. अंबानी को होल टाइम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# राजस्थान में अर्जुन टैंक ने किया युद्ध अभ्यास

## बीएसएफ ने कहा- हमने सीमा पर गांव खाली नहीं कराए; हमले के विरोध में कई शहर बंद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पहलगाम हमले के बाद राजस्थान में भी पाक बॉर्डर पर सेना अलर्ट पर है। जैसलमेर से सटी पाक सीमा पर स्वदेशी अर्जुन युद्ध टैंक के साथ सेना ने युद्धाभ्यास किया। रेत के धोरों पर अर्जुन टैंक ने अपनी ताकत दिखाई।

वहीं, बीएसएफ ने भी बॉर्डर पर जवानों की संख्या बढ़ा दी है। बीएसएफ के राजस्थान सेक्टर के आईजी एमएल गर्ग ने बीकानेर में कहा- बीएसएफ हमेशा हर हालात से निपटने में सक्षम है।

श्रीगंगानगर से सटे पाकिस्तानी गांव खाली कराने की खबरों पर गर्ग ने कहा- वे (पाकिस्तान) ऐसा कर सकते हैं, हमारी तरफ कोई गांव खाली नहीं करवाया गया है। प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर बॉर्डर पर निगरानी रखी जा रही है।

### राजस्थान से 400 पाक नागरिक वापस भेजे जाएंगे

केंद्र सरकार ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के आदेश दिए हैं। राजस्थान सरकार को जानकारी मिली है कि प्रदेश में करीब 400 पाक नागरिक रह रहे हैं। राज्य सरकार ने इन सभी को अटारी बॉर्डर से पाक भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद राजस्थान की इंटेलिजेंस विंग एक्टिव हुई थी। जयपुर में डीजी इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल ने बताया- केंद्र के आदेश के बाद अलग-अलग वीजा पर राजस्थान आए पाक नागरिकों को वापस पाक भेजने के संबंध में सभी जिला एसपी को आदेश दिए हैं। इसके बाद कई पाकिस्तानी नागरिक खुद लौट गए हैं। जो बचे हैं, उन्हें भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी एसपी को निर्देश दिए गए हैं कि वह पाक नागरिकों को अपने जिले से पाक भिजवाने की कार्रवाई जल्द से जल्द करें। इधर, पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में राजस्थान के कई शहरों में आज भी बंद है। झुंझुनूं शहर में कई संगठनों ने बंद में शामिल होने का ऐलान किया है। वहीं उदयपुर का अश्वनी कपड़ा बाजार बंद है।



### बीएसएफ के अधिकारी बोले- माकूल जवाब देंगे

राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर बीएसएफ की सख्ती बढ़ गई है। राजस्थान सेक्टर पर स्थित सभी पर्यटन स्थलों पर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। राजस्थान सेक्टर के आईजी एमएल गर्ग ने बीकानेर में कहा- बीएसएफ हमेशा हर हालात से निपटने में सक्षम है।

श्रीगंगानगर से सटे पाकिस्तानी गांव खाली कराने की खबरों पर गर्ग ने कहा- वे (पाकिस्तान) ऐसा कर सकते हैं, हमारी तरफ कोई गांव खाली नहीं करवाया गया है। प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर बॉर्डर पर निगरानी रखी जा रही है। पाकिस्तानी नागरिकों को निकालने के मुद्दे पर उन्होंने कहा-ये काम प्रशासन कर रहा है।

पहलगाम अटैक को लेकर गर्ग ने कहा- घटनाएं कहीं भी हो सकती है। हमें सरकार और फोर्स के साथ खड़े होना है। किसी भ्रम में नहीं पड़ना है। सेना माकूल जवाब देगी। ऐसा नहीं है कि किसी चीज का जवाब नहीं दिया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि ये दो देशों के बीच का मुद्दा है, इसे अन्य किसी नजरिए से नहीं देखना चाहिए।